संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 15 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 164 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# यूक्रेन-रूस विवाद का समाधान वार्ता से संभव: मोदी

● जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर, प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और यूक्रेन के राष्ट्रपति से की वार्ता

**द्विपक्षीय वार्ता**

▶▶ राष्ट्रपति मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, मेरे मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बहुत बढ़िया मुलाकात हुई। एक साल में यह हमारी चौथी मुलाकात है, जो इस बात को दशार्ता है कि हम भारत-फ्रांस के मजबूत संबंधों को कितनी प्राथमिकता देते हैं। हमारी बातचीत में रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, एआई, ब्लू इकॉनमी और कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि युवाओं में नवाचार और शोध को कैसे प्रोत्साहित किया जाए। मैंने उन्हें अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने की बहुत गुंजाइश है।

हमने रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने के बारे में भी बात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत-यूक्रेन साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली के अपुलिया में 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की।

नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और यूक्रेन की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करना जारी रखता है।

## यूक्रेन के साथ रिश्ते मजबूत करेंगे: मोदी

**भारत** ने वैश्विक हालात में हो रहे बदलाव को देखते हुए अपनी कूटनीति में भी बदलाव के संकेत दिए हैं। पीएम मोदी की शुक्रवार को जब अपुलिया में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात हुई तो उन्होंने कहा, 'भारत यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने को बेहद इच्छुक हैं।' यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध और चीन के साथ रूस की बढ़ रही दोस्ती के मद्देनजर भारतीय पीएम की यह बात बहुत ही मायने रखती है। रूस भारत का सबसे पुराना रणनीतिक साझेदार देश है। अभी भी भारत रूस से काफी रक्षा उपकरण खरीदता है।

## वैश्विक शक्तियों के साथ भारत के रिश्ते होंगे मजबूत

**जी** 7 शिखर सम्मेलन के दौरान आउटरीच बैठक में हिस्सा लाने इटली पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दुनिया के कुछ दिग्गज नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक की। देर शाम तक पीएम मोदी की फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों, ब्रिटेन के पीएम रिषी सुनक के अलावा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत हुई है। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद यह भारतीय पीएम की पहली विदेश यात्रा है। मोदी से मिलने वाले हर राष्ट्र प्रमुख ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी।

इटली के शहर अपुलिया में हुई इस मुलाकात से वैश्विक शक्तियों के साथ भारत के रिश्तों की निरंतरता को बनाये रखने और रणनीतिक रिश्तों को मजबूत बनाने के संकेत मिले हैं।

**आदर्श विचार**



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।

-स्वामी विवेकानंद"

## ट्राई देने जा रहा है ग्राहकों को झटका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आने वाले समय में मोबाइल और लैंडलाइन नंबर का इस्तेमाल करना महंगा हो सकता है। इसका कारण यह है कि टेलीकाम रेगुलेटर ट्राई ने मौजूदा और नए आवंटित नंबरों का विवेकपूर्ण और कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव पेश किया है। ऐसा होने पर कंपनियां इस शुल्क का बोझ ग्राहकों पर डाल सकती हैं। ट्राई ने इस प्रस्ताव पर सभी हितधारकों से प्रतिक्रिया मांगी है। ट्राई ने अपने हालिया परामर्श पत्र 'राष्ट्रीय नंबरिंग योजना का संशोधन' में कहा है कि नंबर एक बेहद मूल्यवान सार्वजनिक संसाधन है और इनकी संख्या असीमित नहीं है। अभी तक मोबाइल और लैंडलाइन सेवाओं के लिए नंबर कंपनियों को निशुल्क आवंटित किए जाते हैं।

ट्राई ने यह भी संकेत दिया है कि वह उन कंपनियों पर वित्तीय जुमार्ना लगाने पर विचार करेगा जो आवंटित नंबरों को एक निर्धारित समयसीमा से अधिक समय तक उपयोग में नहीं लाते हैं। नंबर देने का स्वामित्व सरकार के ही पास है।

## कश्मीर में लगातार आतंकी हमलों के बाद एक्शन में शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों की सुरक्षा स्थित की समीक्षा की। रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हमले सहित कई आतंकी हमलों के बारे में चर्चा की।

**शाह ने 16 जून को बुलाई बैठक:** शाह ने 16 जून को एक हाई-लेवल की बैठक भी बुलाई। इस मीटिंग में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारी और अन्य शामिल होंगे।

**चार स्थानों पर हुआ आतंकी हमला:** जानकारी के मुताबिक गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति और आतंकी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी गई। पिछले चार दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर आतंकवादियों ने हमला किया। इन हमलों में नौ तीर्थयात्रियों और एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई और सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए।

**समीक्षा**

▶▶ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों की सुरक्षा स्थित की समीक्षा की

## देश का निर्यात मई में 9 फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश का वस्तु निर्यात मई में नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 34.95 अरब डॉलर रहा था। इससे पिछले महीने अप्रैल, 2024 में निर्यात एक फीसदी बढ़कर 35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।



जी -7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ल्ड लीडर्स के साथ।

## कुवैत से केरल लाए गए 45 भारतीयों के शव

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोच्चि:** कुवैत अग्निकांड में मारे गए 45 भारतीयों के पार्थिव शरीर भारत लाए गए हैं। शवों को विशेष विमान से कोच्चि एयरपोर्ट लाया गया, जहां पहले से एंबुलेंस तैनात थी। पार्थिव शरीर कोच्चि हवाई अड्डे पर पहुंचने पर एनार्कुलम रेंज के डीआईजी पुट्टा विमलादित्य ने कहा कि हमने शवों को प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले ही कर ली थी।

**केरल और तमिलनाडु से हैं ज्यादातर मृतक:** डीआईजी ने कहा कि हमने पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के साथ समन्वय किया है। शव प्राप्त होने के बाद उन्हें उचित तरीके से संबंधित स्थानों पर ले जाया जाएगा। 23 शव केरल के हैं, 7 तमिलनाडु के और 1 कर्नाटक का है। प्रत्येक शव के लिए एक समर्पित वाहन उपलब्ध कराया गया है। केरल के राजस्व मंत्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां कुवैत में आग की घटना में 45 भारतीयों के पार्थिव शरीर को लेकर भारतीय वायुसेना का विशेष विमान पहुंचा।





**दुखद**

▶▶ शवों को विशेष विमान से कोच्चि एयरपोर्ट लाया गया, जहां पहले से एंबुलेंस तैनात थी

## नीट पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने इस याचिका को नीट से जुड़ी दूसरी याचिकाओं के साथ टैग करते हुए मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को करने का आदेश दिया। सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये मामला 24 लाख छात्र-छात्राओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है। यह याचिका नीट परीक्षा में शामिल कुछ छात्रों ने दायर की है। याचिका में इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया गया कि ओडिशा, कर्नाटक और झारखंड के कुछ छात्रों का परीक्षा केंद्र गोधरा के पंचमहाल स्थित परीक्षा केंद्र पर पड़ा। इस परीक्षा केंद्र से नीट क्लियर करने के लिए छात्रों से दस-दस लाख रुपये लिए गए। इस मामले में गुजरात पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। नीट परीक्षा में धांधली के मामले में पटना में भी एफआईआर दर्ज की गई है।

याचिका में कुछ खबरों का भी जिक्र किया गया है कि इस पेपर लीक रैकेट का सरगना उत्तर प्रदेश का है, जिसने 60 करोड़ रुपये में नीट के प्रश्नपत्र हासिल किए थे। याचिका में नीट परीक्षा में ग्रेस मार्क्स देने के तौर-तरीकों पर भी सवाल उठाए गए हैं।

**नोटिस जारी**

▶▶ नीट से जुड़ी दूसरी याचिकाओं के साथ टैग करते हुए मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को करने का आदेश दिया

## कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा को बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु:** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत देते हुए पोक्सो मामले में उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसी के साथ मामले को लेकर सीआईडी द्वारा उनकी गिरफ्तार पर भी रोक लग गई है। कोर्ट ने अब येदियुरप्पा को 17 जून को मामले की जांच कर रही सीआईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। इससे पहले बेंगलुरु की एक अदालत ने गुरुवार को उनके खिलाफ 14 मार्च को दर्ज पोस्को अधिनियम के तहत मामले को लेकर गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सीआईडी की विशेष जांच टीम ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग करते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट का रुख किया था, क्योंकि वह बुधवार को पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए थे।

## थोक महंगाई दर मई में 15 महीने के उच्चतम स्तर पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई में लगातार तीसरे महीने इजाफा हुआ है। थोक महंगाई दर मई में सालाना आधार पर उछलकर 15 महीने के उच्चतम स्तर 2.61 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने अप्रैल में यह 1.26 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की वजह से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर मई महीने में 2.61 फीसदी रही है। पिछले साल मई में थोक महंगाई दर -3.61 फीसदी रही थी। अप्रैल में यह 1.26 फीसदी रही थी, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। हालांकि, इससे पिछले महीने मार्च में यह 0.53 फीसदी थी, जबकि फरवरी में थोक महंगाई दर 0.20 फीसदी थी। मंत्रालय ने मई में थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के निर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल और अन्य विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि बताया है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई मई में 9.82 फीसदी बढ़ी।



**चौतरफा महंगाई**

▶▶ कीमतों में वृद्धि की वजह से थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर मई महीने में 2.61 फीसदी रही

**महंगाई की मार** अगले महीने से इन तीन दालों का आयात भी बढ़ेगा और इससे घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी

## जुलाई में अरहर, चना और उड़द दाल की कीमतों में आ सकती है नरमी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बेहतर मानसून की उम्मीद और आयात बढ़ने से तुअर (अरहर), चना और उड़द दाल की कीमतों में जुलाई महीने से नरमी आने की संभावना है। यह बात केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि अगले महीने से इन तीन दालों का आयात भी बढ़ेगा और इससे घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**मूंग और मसूर दाल की कीमतें संतोषजनक स्थिति में:** खरे ने कहा, 'तुअर (अरहर), चना और उड़द दाल के दाम पिछले छह महीनों में स्थिर लेकिन उच्च स्तर पर रहे हैं। मूंग और मसूर दाल में कीमतों की स्थिति संतोषजनक है। 13 जून को चना दाल का औसत खुदरा मूल्य 87.74 रुपये प्रति किलोग्राम, तुअर (अरहर) 160.75 रुपये प्रति किलोग्राम, उड़द 126.67 रुपये प्रति किलोग्राम, मूंग 118.9 रुपये प्रति किलोग्राम और मसूर 94.34 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों का विभाग 550 प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों से खुदरा मूल्य एकत्र करता है। खरे ने कहा, "जुलाई के बाद से अरहर, उड़द और चना की कीमतों में नरमी आने की संभावना है।" सचिव ने कहा कि मौसम विभाग ने सामान्य मानसूनी बारिश का अनुमान जताया है। उन्होंने कहा, 'हम अच्छे मानसून की उम्मीद कर रहे हैं, जिसमें औसत से अधिक बारिश होगी। हमें उम्मीद है कि दलहन के रकबे में इस साल काफी सुधार होगा। किसान उच्च बाजार कीमतों को देखते हुए अधिक क्षेत्रफल में इसकी खेती करेंगे। बाजार की धारणा में भी सुधार होगा।' उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है।

**सरकार कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए सभी जरूरी उपाय करेगी:** खरे ने कहा कि सरकार उपलब्धता बढ़ाने और खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी।



**राहत की उम्मीद**

▶▶ तुअर (अरहर), चना और उड़द दाल के दाम पिछले छह महीनों में स्थिर लेकिन उच्च स्तर पर रहे हैं

## एक्शन मोड में मंत्री शिवराज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अहम मीटिंग की है। इस बैठक में कृषि मंत्री शिवराज ने 100 दिनों की कृषि कार्य-योजना के संबंध में प्लान तैयार किया है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई वाले कृषि मंत्रालय का लक्ष्य 2027-28 तक दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। इसके साथ ही खाद्य तेल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू करना है। ये दो ऐसी चीजें हैं जिनका भारत अभी भी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए आयात करता है।

**100 दिन के प्रस्तावों पर की समीक्षा:** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दोनों कृषि राज्य मंत्रियों रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी के साथ प्रमुख अधिकारियों की एक बैठक की। इसमें अगले 100 दिनों के प्रस्तावों की समीक्षा की गई। मंत्रालयों के अफसरों ने कई योजनाओं की स्थिति, आगामी खरीफ या गर्मियों में बोई जाने वाली फसल की तैयारियों, उर्वरकों और बीजों की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, दालों और तिलहनों के उत्पादन को बढ़ावा देने की तैयार योजनाओं की जानकारी भी साझा की।



# 200 से अधिक लूट करने वाला बदमाश मुठभेड़ में घायल

**नोएडा।** राहगीरों का मोबाइल और सोने की चेन लूटने के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान बदमाश को गिरफ्तार किया है। बृहस्पतिवार देर रात पुलिस की गोली से वह घायल हो गया था। बदमाश के पास से लूट के मोबाइल, तमंचा, कारतूस और स्कूटी समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं। घायल बदमाश की पहचान दिल्ली के न्यू अशोक नगर निवासी रिषभ दयाल सिंह के रूप में हुई है।

डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात फेज वन पुलिस की टीम सेक्टर-15ए के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान स्कूटी सवार उधर से गुजरा। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस की टीम ने उसे रोका तो वह भागने लगा। पीछा करने पर बदमाश ने पुलिस की टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। बदमाश रिषभ 200 से अधिक मोबाइल और चेन लूट की वारदात दिल्ली-एनसीआर में कर चुका है। चोरी के मोबाइल और चेन को वह बिहार के अलग-अलग बाजारों में कम दामों में बेचता है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर0 संचार अभि0 / गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ–टेंडर के माध्यम से निविदाए आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | N.I.T No. | GSU_DLI_SNT_04 dated 14-06-2024 |
| 2. | कार्य का नामः उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एबीएसएस कार्यों के साथ सिगनल यूटिलिटियों के स्थानांतरण का कार्य | |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 86,30,845.18/- |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 1,72,600.00/- |
| 5. | समापन अवधी | 08 महीने |
| 6. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 08.07.2024 को 11.30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 08.07.2024 को 11:30 बजे |
| 7. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है | |

पत्र संख्याः– GSU_DLI_SNT_04 dated 14-06-2024 1806/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-निविदा

**खुली निविदा संख्या 11-अम्बाला/2024-25 दिनांक 14.06.2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15.00 बजे** तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-II/यूएमबी के अधीन एसएसई/पीवे/पटियाला अनुभाग में टीआरआर एवं अन्य विविध कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 48,70,915 | 97,400 | 06 महीने | 10.07.2024 |

2 **कार्य का नामः** एसआर.डीईएन-II/यूएमबी के तहत एडीईएन/पीटीए के अनुभाग में Through Turnout Renewal और टर्नआउट के सुपरस्ट्रक्चर के नवीनीकरण से संबंधित कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 49,86,328 | 99,700 | 06 महीने | 10.07.2024 |

3 **कार्य का नामः** (1) सहायक मंडल अभियंता/सरहिन्द के अधीन सरहिन्द–दौलतपुर चौक सेक्सन में नवागाँव एवं न्यूमोरिण्डा स्टेशन के बीच कि. मी. 16/13-14 पर रेलवे पुल संख्या 61-A (2x3.66m) स्टील गर्डर को PSC Slab से बदलने से संबंधित कार्य। (2) सहायक मंडल अभियंता/राजपुरा के अधीन यूएमबी–एलडीएच सेक्शन पर ब्रिज नंबर 322-ए की रिटर्न दीवारों को मजबूत करना और ब्रिज नंबर 385 के Piers की जैकेटिंग करना।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 73,18,400 | 1,46,400 | 06 महीने | 10.07.2024 |

4 **कार्य का नामः** सहायक मंडल इंजीनियर/शिमला के अधीन कालका–शिमला सेक्शन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शिमला रेलवे स्टेशन का सॉफ्ट अपग्रेडेशन/सुधार।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 8,78,77,574 | 5,89,400 | 06 महीने | 10.07.2024 |

5 **कार्य का नामः** मंडल इंजीनियर-IV/अंबाला के अधीन सरहिन्द–दौलतपुर खंड पर घनौली में गिट्टी डिपो में बीजी ट्रैक के लिए विधिवत स्टैक्ड और रेल बोर्न ट्रकों/बीओबी में लोड की गई 30000 Cum 65 मिमी गेज मशीन कुचल पत्थर गिट्टी की आपूर्ति का शेष कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1,82,94,514 | 2,41,500 | 03 महीने | 10.07.2024 |

नोटः- **1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **1807/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

G20

**सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2024-121 **दिनांकः** 12.06.2024

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** पार्ट (ए) झाँसी-परौना - रिप्लेसमेंट ऑफ़ ओल्ड स्टील एंड आरसीसी ओएचटी विथ औग्मेंटेशन ऑफ़ वाटरिंग फैसिलिटी एट वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी एंड चिरगांव स्टेशन अंडर डीईएन/एचक्यू/झाँसी।

पार्ट (बी) झाँसी डिवीज़न प्रोविजन ऑफ़ टेप्पड वाटर सप्लाई एज पर एमईए एट वेरियस स्टेशन ऑफ़ परौना-झाँसी सेक्शन अंडर एडीईएन/एचक्यू-I/झाँसी सब डिवीज़न।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 11198715.38, **अमानत राशिः** ₹ 206000.00, **निविदा बन्द होने की तिथि**: 03.07.2024 at 15:00 hrs., **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

**नोट :- (1)** निविदा **दिनांक 03.07.2024** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेंगें। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1032/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू सिंह, पुत्रः रणजीत सिंह, पताः मकान नं. बी–1/62, विष्णु गार्डन, दिल्ली** ने **FIR No. 589/2021, U/S 188/269 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 589/2021, U/S 188/269 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अभियुक्त **सोनू सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री शशांक नन्दन भट्ट**
**मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (पश्चिम)**
**DP/7361/WD/2024** **कमरा सं. 356, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2023-24-07-RT** के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण | 'Dismantling and Overhauling of .ELGI make RR20100 and RR20100 CG(M) type compressor of 3-phase locomotive for a period of 24 months at Electric Loco Shed, Ghaziabad. |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 46,02,490.80 |
| 3. | घरोहर राशि | Rs. 92,100.00 |
| 4. | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समयः | 05.07.2024 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि और समय | 05.07.2024 (After 11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोटः **1.** निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिये। **2.** सभी नियमों और शर्तों के लिए कृप्या निविदा दस्तावेज देखे। **3.** कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही है। पंत्रांकः **230-TRS-GZB-2023-24-07-RT** दिनांकः **13.06.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1795/24


## दिल्ली सरकार के स्कूलों का जेईई एडवांस्ड में भी रहा शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** नीट की परीक्षा के बाद दिल्ली सरकार के स्कूलों का जेईई एडवांस्ड में भी शानदार प्रदर्शन रहा है। इस वर्ष दिल्ली सरकार के स्कूलों से 158 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया है। दिल्ली सरकार के डॉ.बी.आर.अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के ही 82 छात्र ने जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया है। पिछले 5 सालों में दिल्ली सरकार के स्कूलों में जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई करने वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ी है। 2020 में ये संख्या मात्र 53 थी। यानी पिछले 5 सालों में दिल्ली सरकार के स्कूलों से जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई करने वाले छात्रों की संख्या लगभग 3 गुणा बढ़ी है।

इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने सभी छात्रों उनके टीचर्स और अभिभावक को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के दम पर हमारे स्कूलों के बच्चों ने साबित कर दिया है कि वो किसी से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत न केवल अपने परिवार को, अपने स्कूल को बल्कि पूरी दिल्ली को गौरवान्वित किया है। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विजन के तहत हमारे छात्रों को स्कूल में ही वर्ल्ड कोचिंग और तैयारियों की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल मॉडल ऑफ एजुकेशन ने सबसे गरीब तबके के बच्चों को भी वर्ल्ड क्लास शिक्षा मुहैया करवाकर बड़े सपने देखने और उसे पूरा करने का मौका दिया है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | NIT-31 | **कार्य का नामः–** वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वितीय के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत MDNR स्टेशन पर लाइन नं. 1 व 4 पर बेलास्टलेस ट्रैक (BLT) का प्रावधान<br>**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):– IREPS पर NIT के अनुसार।**<br>**बयाना राशि (रुपये):–IREPS पर NIT के अनुसार।** | |
| 2 | निविदा बोली प्रस्तुत करने की तिथि और समय | | 25.06.2024 से 09.07.2024 at 15:00 Hrs. |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि और समय | | 09.07.2024 at 15:00 Hrs. |
| 4 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्यारमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं: NIT-31-24-25-W-II दिनांक: 13.06.2024 1812/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक **अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम रघुबीर सिंह, पुत्रः संत सिंह पताः** 4बी/20, प्रथम तल, तिलक नगर, नई दिल्ली, **उम्रः** 72 साल **जोकि दिनांक 31.05.2024** को 4बी/20, प्रथम तल, तिलक नगर, नई दिल्ली पर मृत पाया गया। इस बाबत **DD No. 116A, Dated: 31.05.2024 U/s: 174 CrPC, थानाः तिलक नगर, नई दिल्ली** में दर्ज है। नीचे मृत व्यक्ति का शारीरिक विवरण दिया गया हैः

**उम्रः** 72 साल, **कदः** 5'7'', **रंगः** गेहूँआ, **शरीरः** दुबला–पतला, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** ग्रे रंग की पैंट एवं बिना जूते–चप्पल, अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थानाध्यक्ष**
**थानाः तिलक नगर, नई दिल्ली**
**DP/7126/WD/2024** **फोनः 8750871130**

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### (गति शक्ति) निविदा सूचना

**विषयः– निविदा संख्या . 20-DyCEE-GSU-DLI-24-25 आमंत्रित करने हेतु सूचना**

उप। मुख्य विद्युत अभियंता/गति शक्ति/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली–110001 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इसे दिनांक 14.06.2024 को IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य और स्थान का नाम | पूर्ण लंबाई सीएसएल के प्रावधान के संबंध में यार्ड रीमॉडलिंग के प्रावधान के लिए मौजूदा ओएचई व्यवस्था में परिवर्धन/परिवर्तन लाइन नं. 6 एवं 7 दिल्ली किशनगंज में रनिंग लाइन में परिवर्तन के साथ |
| 2. | निविदा सूचना संख्या | 20-DyCEE-GSU-DLI-24-25 |
| 3. | **बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए)** : रु. 2,49,800/– (रुपए दो लाख उंचास हजार आठ सौ मात्र) | |
| 4. | **लगभग काम की लागत** : रु. 1,99,64,701.37 (रु. एक करोड़ निन्यानवे लाख चौसठ हजार, सात सौ एक और सैंतीस पैसे मात्र) | |
| 5. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 14.06.2024 को आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड कर दिया जायेगा। निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 08.07.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6. | निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई–निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा www.ireps.gov.in 24.06.2024 से 08.07.2024. उपर्युक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

सं. 20-Dy CEE/GSU/DLI/24-25 दिनांक : 13.06.2024 1808/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

G20

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः** 24/40 **दिनांकः** 11.06.2024

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20243605 | कॉन्टेक्टर फॉर कम्प्रेशर एंड स्केवेंजर ब्लोवर मोटर | 93 नग | 01.07.2024 |
| 2 | 64245139 | टंगस्टन कार्बाइड टैम्पिंग टूल (टीसीटीटी) | 08 सेट | 16.07.2024 |
| 3 | 64245159 | एअर ड्रायर कम्पलीट | 23 नग | 18.07.2024 |
| 4 | 64235076D | रबर सील कीट | 768 नग | 16.07.2024 |
| 5 | 30242512 | कंट्रोल आर्म अपर | 64 नग | 02.07.2024 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **1016/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, (पी-2) सेक्टर ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर-201308 (उ.प्र.)
Toll Free No. : 18001808296 वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांकः वाई०ई०ए०/भूलेख/254/2024 दिनांक 14.06.2024

### सार्वजनिक सूचना

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है :–

**60 मी० चौडी सड़क व ग्रीन बैल्ट के अन्तर्गत पडने वाला खसरा**

| क्र. सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 293 | 1126 | 0.1390 हे० | में से | 0.0695 हे० | महेश चन्द पुत्र श्री देशराज नि० भाईपुर ब्रहमनान |
| 2. | 256 | 1300 | 0.0306 हे० | 2/3 | 0.0527 हे० | साकिर व नासिर व जुबैर पुत्रगण शमशेर खाँ नि० ग्राम मेहन्दीपुर बांगर |
| | | 1304 | 0.0485 हे० | | | |
| 3. | 293 | 1126 | 0.1390 हे० | में से | 0.0695 हे० | सुरेश कुमार पुत्र श्री देशराज नि० भाईपुर ब्रहमनान |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अन्दर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय/सी०आर०सैल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेष कार्याधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 09.07.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | घरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/सम्पति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/डी के जेड–I के कार्य क्षेत्र में रेलवे कॉलोनी डीकेजेड–I में बी.सं. 202 से 224, 18 से 20 की बाहरी सतह पर फिनिशिंग और क्षतिग्रस्त सनशेड, छज्जा, बालकनी, छत, शौचालय, स्नानघर और शाफ्ट हिस्से के एससीआई स्टैक की मरम्मत और प्लास्टरिंग का कार्य हेतु। | रुपये 7499995.64 | रुपये 150000.00 | 08 महीने |
| बी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/डी के जेड–I के कार्य क्षेत्र में लोको, डीसीएम कॉलोनी में पेड़ों के गुजरने/अतिक्रमण की जांच के लिए कंसर्टिना तार के साथ आरसीसी सीमा दीवार की मरम्मत/प्रावधान हेतु। | रुपये 7999400.04 | रुपये 160000.00 | 08 महीने |
| सी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/डी के जेड–I के कार्य क्षेत्र में अनपापुलर क्वार्टरों की मरम्मत हेतु। | रुपये 7499965.14 | रुपये 150000.00 | 08 महीने |
| डी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/डी के जेड–I के कार्य क्षेत्र में डीकेजेड रेलवे कॉलोनी में ब्लॉक संख्या 1–17, 26–32 और 42–44 में शौचालय, स्नानघर, रसोईघर में सुधार और कमरे/बरामदे में फर्श टाइल्स के प्रावधान हेतु। | रुपये 7499901.48 | रुपये 150000.00 | 08 महीने |
| इ | सहायक मंडल अभियंता/सम्पति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/डी के जेड–I के कार्य क्षेत्र में डीसीएम रेलवे कॉलोनी में बी.नं. 127 से 135, एल–47 से एल–50, 65, 66, 67 बाहरी सतह पर फिनिशिंग और शौचालय के क्षतिगस्त एससीआई स्टैक की मरम्मत, प्लास्टरिंग ममटी, सनशेड, छज्जे, छत, सीढ़ी आदि के साथ बाथरूम क्षतिग्रस्त शाफ्ट कार्य हेतु। | रुपये 5499990.96 | रुपये 110000.00 | 08 महीने |
| ऍफ़ | सहायक मंडल अभियंता/सम्पति–I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/तीस हजारी के कार्य क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पैरापेट दीवारों, प्लास्टर की मरम्मत तथा बालकनियों, छतों के नालीदार/क्षतिग्रस्त सुदृढीकरण की मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त पीवीसी जल भंडारण टैंकों का प्रतिस्थापन तथा मोर सराय, सदर बाजार, मोतिया बाग, श्री राम रोड, एनआरडीएच तथा रेलवे कॉलोनी और आरसीटी में पानी के टैंकों को बंदर पिंजरे से ढकना। | रुपये 19982935.16 | रुपये 249900.00 | 08 महीने |
| जी | डीकेजेड–II रेलवे कॉलोनी में ब्लॉक संख्या 35–41 और 158–170 में टूटे हुए छत के गेट की मरम्मत, सुरक्षा द्वार और बरामदे की टूटी लकड़ी की जाफरी की मरम्मत हेतु। | रुपये 6499983.61 | रुपये 130000.00 | 08 महीने |
| एच | डीकेजेड–II रेलवे कॉलोनी में ब्लॉक नंबर 21–25 के बाहरी प्लास्टर की मरम्मत और खिड़कियों और बाहरी फिनिशिंग की मरम्मत हेतु। | रुपये 7499947.67 | रुपये 150000.00 | 08 महीने |
| आई | सहायक मंडल अभियंता/सम्पति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/शकूरबस्ती के कार्य क्षेत्र में अनपापुलर क्वार्टरों की मरम्मत हेतु। | रुपये 6999994.75 | रुपये 140000.00 | 08 महीने |
| जे | सहायक मंडल अभियंता/हॉर्ट. के अधीन सहायक अभियंता/एस ओ जे के कार्य क्षेत्र में लॉन/पार्क और हेजेज का वार्षिक रखरखाव हेतु। | रुपये 6499991.05 | रुपये 130000.00 | 24 महीने |
| के | सहायक मंडल अभियंता/हॉर्ट. के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/सरदार पटेल मार्ग के कार्य क्षेत्र में लॉन/पार्क और हेजेज का वार्षिक रखरखाव हेतु। | रुपये 6999989.95 | रुपये 140000.00 | 20 महीने |

1. निविदा दिनांकः 09.07.2024 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। **पत्र संख्या :– 128–डब्लयू/269/निविदा सूचना/24–25/डब्लयू–ई/टेंडर. नः 08 (ए. बी. सी. डी. इ. ऍफ़. जी. एच. आई. जे. के) दिनांक : 13.06.2024** **1791/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## 75 वर्षीय बुजर्ग ने शख्स पर पेट्रोल डाल लगाई आग

**गाजियाबादः** निवाड़ी के कस्बा पतला में देर रात मामूली विवाद के बाद 75 वर्षीय बुजर्ग सीताराम ने चारपाई पर सो रहे पड़ोसी 55 वर्षीय नेपाल पर पैट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगने के बाद आरोपी सीताराम ने खेत में जाकर जहरीला पदार्थ खाकर की खुदकुशी। पड़ोसी नेपाल 80 प्रतिशत तक जल गए हैं। उन्हें मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तीनों खानों पर भारी पड़ा तैमूर, लगी सबसे ज्यादा कीमत

**नोएडा।** ईद-उल-अजहा यानि बकरीद की तैयारी को लेकर नोएडा में कई जगह बकरों की खरीद-फरोख्त पूरे शबाब पर है। इस बार देश भर में ईद-उल-अजहा सोमवार को मनाई जाएगी। नोएडा में सेक्टर-8, 9, 59 और सेक्टर-62 सहित कई स्थानों पर लोग बकरे की खरीदारी करने आ रहे हैं। बाजार में फिल्मी सितारों के नाम से बकरे बेचे जा रहे हैं। जिनकी मोटी बोली लगाई जा रही है। सेक्टर-8 स्थित मस्जिद के पास बकरा मार्केट में बॉलीवुड के तीनों खान के साथ सैफ अली खान के बेटे तैमूर की भी बोली लगी। तीनों खान पर इस बार तैमूर भारी पड़ते नजर आए। कारण तैमूर की कीमत तीनों खान से कहीं अधिक रखी गई।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## सार्वजनिक सूचना

**सरपंच ग्राम पंचायत सांखौल (बहादुरगढ़)**
**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सांखौल में एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है जो भी व्यक्ति कार्य करने का इच्छुक है और जो भी शरते है वो पूरी करके अपना आवेदन पत्र 18.06.2024 से 25.06.2024 तक सरपंच कार्यालय में जमा करवा दे।

**सरपंच ग्राम पंचायत सांखौल, खण्ड कार्यालय बहादुरगढ़, जिला, झज्जर।**

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं जो कि जयपाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव अटेल तहसील गन्नौर जिला सोनीपत ब्यान करता हूं कि मेरी पुत्री शिवानी मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करती है। मैं अपनी पुत्री शिवानी को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद अगर कोई भी शिवानी से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सभी से गुजारिश है पानी बचाएं: आतिशी

## यमुना में पानी की कमी के चलते मंत्री आतिशी ने दिल्लीवालों से किया अनुरोध

**अपील**

**दिल्ली में यमुना नदी में पानी कम पहुंच रहा है जिससे यहां लगातार पानी की सप्लाई घट रही है।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने पानी की कमी के चलते दिल्लीवासियों से पानी का दुरुपयोग न करने की अपील की है। आतिशी ने कहा है, दिल्ली में यमुना नदी में पानी कम पहुंच रहा है जिससे यहां लगातार पानी की सप्लाई घट रही है। सामान्य परिस्थिति में दिल्ली में 1005 MGD पानी का प्रोडक्शन होता है, परंतु पिछले एक हफ्ते से यह लगातार घट रहा है। आतिशी ने आगे कहा, प्रोडक्शन कम होने से, दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की कमी है। सभी से अनुरोध है कि पानी का प्रयोग बहुत किफायती तरीके से करें।

**मूनक नहर से पानी चोरी रोकने के लिए एक्शन में पुलिस, 150 जवान 24 घंटे रख रहे नजर:** राजधानी में जल संकट को लेकर मचे त्राहिमाम के बीच दिल्ली पुलिस ने टैंकर माफिया पर निगाह रखने के लिए मूनक नहर पर गश्त शुरू कर दी है। करीब 21 किलोमीटर लंबी मूनक नहर पर गश्त में बाहरी उत्तरी जिला पुलिस के चार थानों के 150 जवानों को तैनात किया गया है। नहर की ओर जाने वाले आठ प्वाइंट पर नाके लगाए गए हैं पहरेदारी के लिए पुलिस आठ मोटरसाइकिल टीम भी बनाई गई हैं। ये टीम 24 घंटे नहर पर गश्त करेंगी। इस बीच, पुलिस की सक्रियता के बाद दिनभर नहर के आसपास कोई टैंकर नजर नहीं आया।

**गुरुवार को चौकन्नी नजर आई पुलिस:** मूनक नहर से पानी की चोरी की शिकायत के बाद पुलिस ने टैंकर माफिया पर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली भाजपा की ओर से दी गई शिकायत के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश के बाद पुलिस चौकन्नी नजर आई। पुलिस ने मूनक नहर पर गश्त शुरू की। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मूनक नहर पर पानी चोरी रोकने के लिए समयपुर बादली, शाहबाद डेरी, बवाना और नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना के जवानों की तैनाती की गई है।दिल्ली बार्डर से लेकर हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक इस नहर पर आठ नाके लगाए गए हैं। हर नाके पर तीन जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा दो पीसीआर भी लगाई गई हैं। यह गश्त तीन शिफ्ट में 24 घंटे चलेगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये आठ नाके उन्हीं जगहों पर लगाए गए हैं, जहां पानी चोरी की सबसे ज्यादा आशंका है। नाकों के अलावा पुलिस की आठ टीम मोटर साइकिल पर गश्त करेंगी।

**दरियापुर गांव के पास दिखी पुलिस:** पानी चोरी की शिकायत के बाद खेड़ा खुर्द से बवाना होते हुए दरियापुर व हरेवली तक मूनक का दौरा किया। खेड़ा खुर्द से लेकर बवाना तक नहर पर पुलिस नजर नहीं आई। मूनक नहर रोड पर दरियापुर गांव के चौक पर पुलिस की टीम गश्त करती दिखी।



## दिल्ली जल बोर्ड बना भ्रष्टाचार का अड्डा: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में पानी का संकट गहराता जा रहा है। लोग घंटों टैंकरों से पानी भरने के लिए कतारों में लगे हैं। इसके साथ ही राजधानी में पानी पर सियासत भी तेज होती जा रही है। भारतीय जनता पार्टी पानी की किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी पर लगातार हमलावर है। शुक्रवार को भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए दिल्ली जल बोर्ड को भ्रष्टाचार का अड्डा बताया। पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी लगभग 10 साल सत्ता में रही। दिल्ली की जनता को पानी की समस्या से निजात दिलाने की बजाय उलझाने और घोटालेबाजी में व्यस्त रहे। केजरीवाल पानी पर कुछ करने की बजाय शराब, घोटाले और शीशमहल बनाने में व्यस्त रहे, जिस कारण दिल्ली की जनता आज त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। उधर, जल मंत्री आतिशी इसका ठीकरा हरियाणा सरकार पर फोड़ रही है। आतिशी ने सवाल उठाये कि जब हरियाणा से पूरा पानी मिल रहा है और हिमाचल प्रदेश से भी अतिरिक्त पानी की व्यवस्था कोर्ट द्वारा कराई गई है तो फिर अब तक दिल्ली में जल सकंट क्यों बना हुआ है?

कहीं न कहीं इसका कारण दिल्ली में पानी की बबार्दी, टैंकर माफिया द्वारा पानी की चोरी और अक्षम पानी प्रबंधन है।



# राजकुमार आनंद विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद को दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। इसकी पुष्टि शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने स्वयं की। आनंद को फोन करने पर कोई जवाब नहीं मिला। आनंद ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल होने के लिए अप्रैल में आम आदमी पार्टी (आप) और दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। गोयल के मुताबिक, "उन्हें दिए गए नोटिस का जवाब देने के लिए 10 जून की तारीख दी गई थी लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उसी नोटिस में उन्हें 11 जून को व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने के लिए कहा गया था लेकिन वह उपस्थित भी नहीं हुए। इसके बाद उन्हें एक और मौका दिया गया था 14 जून को उपस्थित रहने के लिए लेकिन वह नहीं आए। इसीलिए दिल्ली विधानसभा से उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई है।' आनंद 2020 के चुनाव में पटेल नगर आरक्षित विधानसभा क्षेत्र से चुने गए थे। आनंद ने पार्टी में संगठनात्मक नियुक्तियों में भ्रष्टाचार और दलित नेताओं और स्वयंसेवकों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए आप छोड़ दी।

**अयोग्य**

**आनंद ने बसपा में शामिल होने के लिए अप्रैल में आप और दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दिया था**

## स्वैच्छिक रक्त दाताओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर शुक्रवार को सफदरजंग अस्पताल ने नियमित स्वैच्छिक रक्त दाताओं को सम्मानित किया। ब्लड बैंक और सफदरजंग अस्पताल के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने मिलकर शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 110 लोगों ने रक्तदान किया। इनमें से 10 नियमित स्वैच्छिक रक्त दाताओं को सम्मानित किया गया।

# डूब क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त हो जाए तो भगवान शिव खुश होंगे: कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने यमुना के डूब क्षेत्र में गीता कॉलोनी के पास बने प्राचीन शिव मंदिर को हटाने के डीडीए के आदेश पर रोक लगाने से इनकार करने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने कहा कि इस मंदिर के प्राचीन होने का क्या सबूत है। प्राचीन मंदिर पत्थरों से बने होते थे और सीमेंट से पेंट कर नहीं बने होते थे। याचिका प्राचीन शिव मंदिर एवं अखाड़ा समिति ने दायर की थी। याचिकाकर्ता ने दिल्ली हाई कोर्ट के 29 मई के आदेश को चुनौती दी थी जिसमें हाई कोर्ट ने प्राचीन शिव मंदिर को हटाने के डीडीए के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि भगवान शिव की हमें रक्षा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे खुद हमारी रक्षा करते हैं। हाई कोर्ट ने कहा था कि अगर यमुना का किनारा और डूब क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त हो जाए तो भगवान शिव ज्यादा खुश होंगे। हाई कोर्ट ने कहा था कि याचिकाकर्ता के वकील ने मंदिर के भगवान को इस मामले में पक्षकार बनाकर मामले को एक दूसरा रंग देने की कोशिश की। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की दलील है कि मंदिर में रोजाना पूजा की जाती है और विशेष अवसरों पर खास आयोजन होते हैं, लेकिन इन सबसे ये सार्वजनिक महत्व का विषय नहीं हो सकते हैं।

**रोक नहीं**

**जस्टिस संजय की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने कहा कि इस मंदिर के प्राचीन होने का क्या सबूत है**

# केजरीवाल ने की चेकअप के समय पत्नी को शामिल करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मेडिकल चेकअप के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को शामिल होने की अनुमति देने की मांग करने वाली याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन को नोटिस जारी किया है। इस मामले पर 15 जून को सुनवाई होगी। वेकेशन जज मुकेश कुमार ने केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर 19 जून को सुनवाई करने का आदेश दिया। केजरीवाल की ओर वकील एन हरिहरन पेश हुए। याचिका में कहा गया है कि जब मेडिकल बोर्ड बैठे तो सुनीता केजरीवाल भी इनपुट देना चाहती हैं। इस पर ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने केजरीवाल की अर्जी पर जवाब देने के लिए समय देने की मांग की।

**नोटिस जारी**

**अनुमति देने की मांग करने वाली याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन को नोटिस जारी किया है**

# जानलेवा बीमारी से ग्रसित बच्चे को बचाने की शुरू की मुहिम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के नेता एवं सांसद संजय सिंह ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-2 बीमारी से ग्रसित बच्चे की जिंदगी बचाने के लिए देश भर के लोगों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। शुक्रवार को उन्होंने बच्चे के माता-पिता की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर उसकी जान बचाने के लिए मुहिम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि बच्चे को दो साल की उम्र पूरी होने से पहले बीमारी को ठीक करने का इंजेक्शन नहीं लगा तो उसकी जान को खतरा हो सकता है। इस बीमारी में जो इंजेक्शन लगता है, उसकी कीमत 17 करोड़ रुपये है और इतना महंगा इंजेक्शन एक समान्य व्यक्ति नहीं खरीद सकता है। लिहाजा, मैंने अपनी तरफ से एक लाख रुपये की आर्थिक मदद की है। मैं देशवासियों से अपील करता हूं कि इस बच्चे की जिंदगी बचाने के लिए सभी लोग आगे आएं और अपने सामर्थ्य के अनुसार उसकी आर्थिक मदद करें।

संजय सिंह ने कहा कि वेहंत जैन नाम के इस बच्चे को एमएमए टाइप-2 की बीमारी है। डॉक्टरों ने इसकी पुष्टि करते हुए चेतावनी दी है कि अगर दो साल की उम्र के अंदर बच्चे को इंजेक्शन नहीं लगा तो उसके जीवन को गंभीर खतरा हो सकता है। मानवीयता के नाते हमारी जिम्मेदारी बनती है कि बच्चे की मदद करें। बूंद-बूंद से ही घड़ा भरता है।

इस बीमारी में जो इंजेक्शन लगता है, वो बहुत महंगा होता है। किसी सामान्य व्यक्ति के लिए उसका खर्च उठा पाना संभव नहीं है। इस बीमारी के इंजेक्शन की कीमत 17 करोड़ रुपये है।



**पहल**

**बच्चे को दो साल की उम्र पूरी होने से पहले बीमारी को ठीक करने का इंजेक्शन नहीं लगा तो जान को खतरा हो सकता है**

# नीट: सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भी लोग बहुत खुश नहीं: सौरभ भारद्वाज

**परीक्षा विवाद**

**अगर काउंसिलिंग और सीट एलोकेशन के बाद गड़बड़ियां पाई जाती हैं तो नीट वापिस नहीं किया जा सकता**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नीट परीक्षा विवाद पर आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि लोग सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भी बहुत ज्यादा खुश नहीं हैं। अगर काउंसिलिंग और सीट एलोकेशन के बाद गड़बड़ियां पाई जाती हैं तो नीट वापिस नहीं किया जा सकता।

**नीट परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों पर विपक्ष भी पूछ रहा सवाल**

अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने परीक्षा में धांधली और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसे व्यापम 2.0 करार दिया। साथ ही मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की कराने की मांग उठाई है। इससे पहले न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ हितेन सिंह कश्यप की तरफ से दायर सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

**5 मई को 4750 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा:** सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा गया कि अन्य लंबित जनहित याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई होगी और नीट से सीबीआई जांच को लेकर जवाब मांगा है।



## इग्नू ने कृषि व्यवसाय प्रबंधन में एक नया एमबीए कार्यक्रम शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में कृषि व्यवसाय गतिविधियों और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने कृषि व्यवसाय प्रबंधन (एमबीएएबीएम) में एक नया एमबीए कार्यक्रम शुरू किया है। विश्वविद्यालय के पीआरओ ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्यक्रम 2 वर्ष की अवधि का है और इसे अधिकतम 4 वर्ष की अवधि में पूरा किया जा सकता है। किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री वाले उम्मीदवार एमबीए एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट कार्यक्रम में दाखिला लेने के पात्र हैं। कार्यक्रम में प्रवेश जुलाई 2024 सत्र के लिए खुला है।

कार्यक्रम में पंजीकरण के लिए, शिक्षार्थियों को इग्नू प्रवेश पोर्टल / पर जाने की सलाह दी जाती है।


# चनप्रीत सिंह की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित चनप्रीत सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस अमित शर्मा की वेकेशन बेंच ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 2 जुलाई को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चनप्रीत सिंह की ओर से पेश वकील चिराग मदान और रवलीन सभरवाल ने कहा कि आरोपित के भागने की कोई आशंका नहीं है। आरोपित ने जांच में हमेशा सहयोग किया है, इसके बावजूद ईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच पूरी हो चुकी है और ईडी के मुताबिक वे 3 जुलाई या उसके पहले अंतिम चार्जशीट दाखिल कर देंगे। मदान ने कहा कि आरोपित को ईडी की ओर से दर्ज बयानों के आधार पर गिरफ्तार किया गया। ईडी के पास आरोपित के खिलाफ कोई पुख्ता साक्ष्य नहीं है। जिन गवाहों के बयान के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया है, उनके बयान खुद सवालों के घेरे में हैं। ईडी की गिरफ्तारी के पहले चनप्रीत सिंह को सीबीआई ने 15 मई 2023 को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मामले में चनप्रीत को 22 जुलाई 2023 को जमानत मिल चुकी है। ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें बीआरएस नेता के कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार, अरविंद सिंह को आरोपित बनाया गया है। कोर्ट ने 29 मई को छठे पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 17 मई को ईडी ने सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया गया है।

ईडी ने अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को 1 जून तक की अंतरिम जमानत दी थी, जिसके बाद केजरीवाल ने 2 जून को सरेंडर किया था। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था।




**जवाब तलब**

**ईडी ने इस मामले में सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।**

# 24 घंटे बाद भी धधकती रही जमींदोज इमारत, रुक-रुक कर उठ रहीं लपटें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई सड़क के कटरा मारवाड़ी में आग लगने के 24 घंटे बाद भी जमींदोज इमारत से आग की लपटें निकल रही हैं। शुक्रवार सुबह से दमकल की आठ गाड़ियां आग बुझाने के साथ-साथ इमारत की कूलिंग का काम कर रही हैं। दमकल विभाग के करीब डेढ़ सौ कर्मी मौके पर काम कर रहे हैं। दमकल अधिकारियों का कहना है कि शनिवार तक आग पर काबू पाए जाने की उम्मीद है। उधर, आग लगने की वजह से शुक्रवार को बाजार में काम काज पूरी तरह से ठप रहा। करीब एक हजार दुकानों पर ताला लटका रहा। गुरुवार शाम पांच बजे नई सड़क, पुराना कटरा मारवाड़ी की एक इमारत में आग लगने की जानकारी मिली थी। एक इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लगी थी। कुछ देर में वहां से आग की लपटें निकलने लगीं। सूचना मिलते ही दमकल की 14 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इमारत में साड़ियों, सूट, लहंगे और ड्रेस मेटेरियल की करीब 60 से 65 दुकानें और गोदाम थे। वहां ग्राउंड फ्लोर के अलावा पहली और दूसरी मंजिल पर दुकानें और गोदाम दोनों थे। जिससे आग तेजी से फैली और दो अन्य इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की भयावहता को देखते हुए आग को मध्यम दर्जे का घोषित कर गाड़ियों की संख्या 50 कर दी गई। करीब ढ़ाई सौ से अधिक दमकल कर्मी आग बुझाने में जुट गए। आग तेजी से फैल रही थी। जिसे रोकने के साथ साथ दमकल कर्मियों ने आस-पास की इमारतों को खाली करवा लिया।

जिस इमारत में आग लगी थी उसकी छत टुकड़ी और टी-आयरन-गाटर से बनी थी। दमकल अधिकारियों ने बताया कि करीब दस घंटे बाद आग की लपटों पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने के दौरान देर रात टुकड़ी-गाटर पर बनी चार मंजिला इमारत जमींदोज हो गई। इमारत के जमींदोज होने के बाद भी अंदर से रुक-रुक कर आग की लपटें निकल रही हैं। शुक्रवार सुबह से दमकल कर्मी आग पर काबू पाने और इमारत की कूलिंग का काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दमकल की करीब आठ गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और आग पर काबू करने में जुटी हैं।

**बीच-बीच में निकल रहीं लपटें:** दमकल अधिकारी ने बताया कि इमारत में बीच-बीच में आग की लपटें निकल रही हैं। शनिवार तक आग पर पूरी तरह से काबू पाने की उम्मीद है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग पर पूरी तरह से काबू पाने के बाद इमारत के मलबे को हटाया जाएगा। उसके बाद ही पता चल पाएगा कि इसमें कोई हताहत हुआ है या नहीं। शुरूआती जांच में शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।



**काम ठप**

**शुक्रवार सुबह से दमकल की आठ गाड़ियां आग बुझाने के साथ-साथ इमारत की कूलिंग का काम कर रही**

# बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत एक दिन के लिए बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपित बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत एक दिन के लिए बढ़ा दी है। बिभव कुमार को कल यानी 15 जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा। आज बिभव की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 31 मई को बिभव को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 27 मई को कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। आज ही हाई कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट बिभव की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 1 जुलाई को करेगा। तीस हजारी कोर्ट ने 7 जून को बिभव कुमार की दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि इस मामले की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और पीड़िता के दिलोदिमाग में अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा है। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं और वो अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थीं।



# मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पद्मश्री अवार्डियों को किया सम्मानित

## युवा पीढ़ी को सर्वोच्च नागरिक अवार्ड के बारे जानकारी होनी चाहिए और ऐसे अवार्डियों से प्रेरणा लेनी चाहिए: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज अपने निवास संत कबीर कुटीर पर पधारे पद्मश्री अवार्डी महावीर गुड्डू, डॉ हरि ओम, गुरविंदर सिंह और प्रो. रामचंद्र सिहाग को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हरियाणा प्रदेश के लिए बड़े गर्व की बात है कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वालों को मान्यता देते हुए केंद्र सरकार द्वारा पद्मअवार्ड से सम्मानित किया गया है। युवा पीढ़ी को सर्वोच्च नागरिक अवार्ड के बारे जानकारी होनी चाहिए और ऐसे अवार्डियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि महावीर गुड्डू को लोक संस्कृति को बढ़ावा देने, प्रो. रामचंद्र सिहाग द्वारा मधुमक्खी पालन को बड़े स्तर पर अपनाने, डॉ हरि ओम द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने तथा गुरविंदर सिंह द्वारा समाज कल्याण में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया है।

### सरकार का फिल्म प्रोमोशन पर विशेष फोकस

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा फिल्म एंड एंटरटेनमेंट पॉलिसी के तहत स्क्रीनिंग कम इवैल्यूएशन कमेटी की चार दिवसीय दूसरी बैठक का नई दिल्ली महादेव रोड स्थित फिल्म डिविजन ऑडिटोरियम में शुक्रवार को समापन हो गया। इस दौरान 17 फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। स्क्रीनिंग प्रक्रिया के समापन अवसर पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि परंपरागत संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ फिल्म नीति के माध्यम से सिनेमा को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा सरकार विकासात्मक स्वरूप के साथ ही सांस्कृतिक विधा को भी केंद्रीत कर योजनाओं को मूर्त रूप दे रही है। हरियाणा सरकार फिल्म प्रमोशन के लिए निरंतर प्रयासरत है और पूरा फोकस हर पहलू से किया जा रहा है। फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए ही पिछले दो वर्षों से आवेदन आमंत्रित करके हरियाणा फिल्म प्रमोशन बोर्ड के माध्यम से सब्सिडी आवंटित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणवी फिल्मों सहित अन्य फिल्मों की शूटिंग के लिए अनुमति हेतु विशेष स्थानों को चिन्हित किया गया है। साथ ही अनुमति के लिए आवेदन प्रक्रिया को बेहद सरल बनाया गया है। अब ऑनलाइन आवेदन करके शूटिंग हेतु अनुमति ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि जल्द ही एक समारोह एक आयोजन करके स्क्रीनिंग में चयनित फिल्मों के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी। बैठक के समापन अवसर पर स्क्रीनिंग कम इवैल्यूएशन कमेटी की चेयरपर्सन और अन्य सदस्यों को सूचना, जनसंपर्क और भाषा विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ ने स्मृति चिन्ह और शाल भेंटकर सम्मानित किया।

# तकनीक और कौशल देश के विकास के लिए जरूरी: राज्यपाल दत्तात्रेय

**जागरूक किया**

**श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में "तकनीकी और कौशल शिक्षा की परिवर्तनकारी गतिशीलता" पर**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि तकनीक और कौशल देश को विकास को लिए सबसे ज्यादा जरूरी हैं। तकनीक का यह ज्ञान विद्यार्थियों को हिंदी में भी मिलना चाहिए। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व है। महामहिम राज्यपाल शुक्रवार को पलवल स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ऑनलाइन माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। "तकनीकी और कौशल शिक्षा की परिवर्तनकारी गतिशीलता" विषय पर आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन फ्रांस, ओमान और नेपाल सहित विभिन्न देशों के कुल 87 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। सभी शोध पत्र हिंदी में लिखे गए हैं। राज्यपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में देश-विदेश से जुड़े विद्वानों को हिंदी में शोध पत्र प्रस्तुत करने पर बधाई दी और भविष्य में और अधिक शोध के लिए प्रोत्साहित किया। इस भव्य आयोजन के लिए उन्होंने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के नवाचारी कुलपति डॉ. राज नेहरू को बधाई देते हुए कहा कि यह बड़ा प्रयास है। भविष्य में इसके सुखद परिणाम सामने आंएगे। राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय जी ने कहा हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तैयार हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दिशा में यह बड़ा गंभीर और महत्वाकांक्षी प्रयास है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति कहती है कि इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई का विकल्प हिंदी में भी मिलना चाहिए। कुलपति डॉ. राज नेहरू के इस प्रयास को जितना सराहना की जाए उतनी कम है। इस सम्मेलन के

# बाल अधिकारों का भी रखें ख्याल : असीम गोयल



**संरक्षण**

**पंचकूला में बाल एवं बंधुआ मजदूरी पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने कहा कि बच्चे मन के सच्चे होते हैं और उनमें स्वयं भगवान का वास होता है। इसलिए बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए अभिभावकों को उनके सरंक्षण के साथ-साथ बाल अधिकारों का भी ख्याल रखना चाहिए। महिला एवं बाल विकास मंत्री आज पंचकूला स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह सेक्टर - 1 में हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग द्वारा उनके हितधारकों के लिए बाल एवं बंधुआ मजदूरी पर आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि किसी भी नागरिक को बच्चों का बचपन छीनने का अधिकार नहीं है। हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग भी बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके सपनों को बिना बाधा के उड़ान भरने के लिए कार्य कर रहा है ताकि बच्चे पूर्ण रूप से आगे बढ सकें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान चलाकर प्रदेश में लिगांनुपात की स्थिति को सुधारने का कार्य किया, उसी प्रकार बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाकर इसे समाप्त करने के लिए सभी को आगे आना होगा। इसके अलावा इस अभियान से जुड़कर एक बेटी को भी अपनाने का संकल्प लेना चाहिए ताकि बेटियों का भविष्य भी सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में एक बेटी का कन्यादान हजारों गौदान से भी बढकर माना गया है।

# खेल मंत्री ने किया खेल परिसर का औचक निरीक्षण

**मुआयना**

**खेल मंत्री ने पूरे खेल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और खिलाड़ियों के विषय में पूर्ण जानकारी ली**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**
**हरियाणा** के खेल मंत्री संजय सिंह ने फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर का औचक निरीक्षण कर खेल सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने खिलाड़ियों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाने का भरोसा देते हुए आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। खेल मंत्री ने पूरे खेल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और वहां मौजूद सुविधाओं व खिलाड़ियों के विषय में पूर्ण जानकारी ली। खिलाड़ियों से भी सीधी बातचीत करते हुए उन्होंने समस्याओं की जानकारी ली। खेल मंत्री ने मौके पर ही खेल विभाग के निदेशक को फोन करके सभी सुविधाओं को मुहैया करवाने व कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। खेल मंत्री संजय सिंह ने खेल परिसर में पानी, शौचालय और सफाई व्यवस्थाओं का भी गंभीरता से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं दी जाए। हमारी सरकार खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। खेल-खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। हमारी खेल नीति अनुकरणीय है जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।

# जींद : पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली का विरोध करेंगे सरपंच

**टीम एक्शन इंडिया**
जींद: जाट धर्मशाला में शुक्रवार को सरपंच एसोशिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन प्रदेशाध्यक्ष रणबीर समैण की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सरपंचों ने एकमत से कहा कि पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली का चुनाव में विरोध किया जाएगा। देवेंद्र बबली किसी पार्टी से लड़ें या निर्दलीय चुनाव लड़ें, सरपंच एसोशिएशन उनके खिलाफ प्रचार करेगी। इसी बीच सरपंच एसोशिएशन कांग्रेस के नेताओ से मिलेगी और उनकी मांगों को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग करेगी। जिसके बाद सात जुलाई को सरपंचों की प्रदेशस्तरीय पंचायत बुला कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुधीर बुआना ने की। जबकि व्यक्ता के तौर एसोशिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर समैण रहे। लगभग तीन घंटे चली बैठक मे व्यक्ताओ के निशाने पर पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली तथा भाजपा सरकार रही। सरपंचों ने कहा कि भाजपा सरकार ने पंचायतों के अधिकार छीन कर उन्हें पंगु बना दिया। लोकतंत्र की छोटी ईकाई का गला घोंट दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ सरपंचो ने प्रचार किया।

# सीडीएलयू द्वारा हर वर्ष बेस्ट रिसर्च अवॉर्ड दिए जाएंगे : मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा अब हर वर्ष संकाय के आधार पर बेस्ट रिसर्च अवॉर्ड दिए जाएंगे। इसके लिए तीन श्रेणियां अलग-अलग बनाई गई हैं। यह निर्णय आज विश्वविद्यालय की 39वीं शैक्षणिक परिषद की बैठक में लिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक की अध्यक्षता में इस बैठक में विद्यार्थी हित से जुड़े 90 से अधिक एजेंडों को पारित किया गया। इस बैठक में विभिन्न विभागों के पाठ्यक्रमों को पारित करने के साथ-साथ अनेक विभागों के पीएचडी स्कॉलर्स के रिसर्च टॉपिक्स को भी पास किया गया। इसमें अंडर ग्रेजुएट लेवल पर विद्यार्थियों के लिए यूजीसी गाइडलाइंस के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करने का फैसला भी लिया गया। विश्वविद्यालय में बेहतर शोध कार्य को प्रमोट करने के उद्देश्य से रिसर्च प्रमोशन पॉलिसी को भी इस बैठक में अनुमोदित किया गया। इस पॉलिसी के तहत प्रत्येक वर्ष सीडीएलयू बेस्ट रिसर्चर अवार्ड अपने प्राध्यापकों को प्रदान करेगी। यह अवार्ड विज्ञान, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, एजुकेशन, लॉ, सोशल साइंसेज तथा ह्यूमैनिटी संकाय के प्राध्यापकों को प्रदान किये जाएंगे। संकाय के आधार पर बेस्ट रिसर्च अवॉर्ड के लिए तीन श्रेणियां अलग-अलग बनाई गई हैं। इसके अतिरिक्त पब्लिकेशन प्रमोशन इंसेंटिव्स की भी व्यवस्था की गई है। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दाखिलों से संबंधित यूजी तथा पीजी पाठ्यक्रमों के प्रोस्पेक्टस को भी पारित किया गया। इसके अतिरिक्त इस बैठक में विश्वविद्यालय की द्वितीय दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड को भी फाइनलाइज किया गया। बैठक में परीक्षा मूल्यांकन केंद्र को लेकर सीडीएलयू तथा चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी के मध्य हुए सांझा करार पत्र को भी पास किया गया।

# मानसून से पहले पूरे किए जाएं बाढ़ रोकथाम के कार्य: डॉ अभय सिंह

**निर्देश**

**राज्य मंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ अम्बाला व कुरूक्षेत्र जिला के विभिन्न गांवों का किया दौरा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधन राज्य मंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ जिला अम्बाला व कुरूक्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया, जहां पर वर्ष 2023 के दौरान बाढ़ के कारण काफी नुकसान हुआ था। इन क्षेत्रों के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व बाढ़ की संभावना वाले महत्वपूर्ण क्षेत्रों के सुरक्षात्मक उपाय करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ टांगरी नदी के सीमांत बाँध के विभिन्न स्थलों का भी निरीक्षण किया तथा जरुरत के अनुसार नालों की सफाई तथा चौड़ा करने के निर्देश दिए ताकि मानसून के दौरान बाढ़ के पानी की आसानी से निकासी हो सके। इसके अलावा, उन्होंने आबादी वाले क्षेत्र के निकट टांगरी नदी के सीमांत बाँधों के सभी कमजोर स्थानों को मजबूत करने के भी निर्देश दिए। राज्य मंत्री ने जलबेहरा हेड और झांसा के टूटे हुए स्थल का भी दौरा किया और अधिकारियो को निर्देश दिए कि मारकंडा नदी की सफाई का कार्य विभागीय स्तर पर तुरंत किया जाए। उन्होंने मारकंडा नदी पर दामली बांध और कलसाना बांध के सुदृढ़ीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया और 30 जून से पहले बाढ़ की रोकथाम से संबंधित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिए । उन्होंने आधिकारियों को मारकंडा नदी पर महत्वपूर्ण जगहों पर मिट्टी के भराव या सीमेंट कंक्रीट बैग का उपयोग करके बांधों को मजबूत करना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। डॉ यादव ने निवासियों से सतर्क रहने और बाढ़ से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना सम्बधित जिला के सिंचाई विभाग के अधिकारियों को देने का आग्रह भी किया। उन्होंने अधिकारियों को उच्चतम स्तर की तैयारी सुनिश्चित करने, बाढ़ की स्थिति में जान-माल को होने वाले किसी भी नुकसान से बचाने के लिए तत्काल बाढ़ सुरक्षा उपाय आगामी मानसून से पहले करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन वर्ष 2023 में हरियाणा की सभी नदियां जैसे यमुना, घग्गर, मारकंडा, टांगरी अपने खतरे के स्तर को पार कर चुकी हैं तथा मानसून सीजन वर्ष 2022 में दर्ज डिस्चार्ज की तुलना में अधिकतम डिस्चार्ज भी पार कर चुकी थी। बाढ़ के पानी के कारण 680 गांव प्रभावित हुए थे और 195956 एकड़ भूमि जलमग्न हो गई थी। उस दौरान कुरुक्षेत्र व यमुनानगर जिले में बहुत अधिक वर्षा हुई। यमुना नदी में 250000 क्यूसेक के खतरे के स्तर के मुकाबले 359760 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

# 10 साल तक किए अपने पापों को धोने में जुटी सरकार: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
सिरसा: भाजपा की प्रदेश सरकार ने 10 साल तक हरियाणा के लोगों को एक के बाद एक कष्ट देने का रिकॉर्ड बनाया। अब लोकसभा चुनाव में हुई करारी हार के बाद राज्य सरकार बैकफुट पर है। अपने दस साल के कांडों पर पर्दा डालने की हर संभव कोशिश में जुटी है। जितने भी जनविरोधी फैसले लिए गए, एक के बाद एक उन्हें पलट रही है। लेकिन, प्रदेश की जनता अब इनके झलावे में आने वाली नहीं है और अक्टूबर में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए जी-जान से जुट गई है।वे शुक्रवार को सांसद बनने के बाद सिरसा लोकसभा के कालांवाली व डबवाली विधानसभा



क्षेत्र के समर्थकों व कार्यकताओं का आभार जताते हुए उन्हें संबोधित कर रही थी।

उन्होंने कालांवाली व डबवाली में कार्यकताओं से कहा कि सिरसा लोकसभा से मिली बड़ी जीत के लिए वे हर मतदाता की आभारी हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि 2014 में प्रदेश की सत्ता में आसीन होते ही भाजपा ने जनविरोधी फैसले लेने का रिकॉर्ड कायम कर दिया। प्रदेश के लोग सरकार के फैसलों के

**सरकार को घेरा**

**10 साल तक प्रदेश के लोगों को कष्ट देने वाले लोकसभा की हार के बाद बदलने लगे अपने निर्णय**

खिलाफ आवाज उठाते तो पुलिसिया बल का प्रयोग कर उनकी आवाज को दबाने का कुत्सित प्रयास किया गया। कभी कर्मचारियों को जेलों में डाला गया तो कभी सरपंचों को लहूलुहान कर दिया। कभी किसानों को गिरफ्तार कर लिया तो कभी कमेरे, अनुसूचित, पिछड़ों के हकों पर डाला डालने का प्रयास किया गया। नव निर्वाचित लोकसभा सांसद ने कहा कि प्रदेश के बहादुर लोग एक के बाद बाद इनके जुल्म सहते रहे और इन्हें सत्ता से चलता करने के लिए उपयुक्त समय का इंतजार करते रहे। कुमारी सैलजा ने कहा कि इसी भाजपा सरकार ने प्रदेश में रजिस्ट्री बंद की। कृषि योग्य जमीन की खरीद-फरोख्त आम आदमी न कर सके, इसलिए भारी भरकम नियमों की शर्त लगा दी। अपनी मेहनत की कमाई से शहरों में घर बनाने का सपना पूरा करने वालों के अरमान एक ही झटके में बुल्डोजर चलाकर धाराशाही कर दिए। उनकी जीवन भर की कमाई से बने घर को अवैध घोषित कर दिया जाता।

# डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने मांगी 21 दिन की फरलो

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट से 21 दिनों की फरलो मांगी है। राम रहीम ने कहा कि वे हरियाणा सरकार को इसकी अर्जी दे चुके हैं। हाईकोर्ट उन्हें अनुमति दे क्योंकि कोर्ट के आदेश के बिना उन्हें पैरोल या फरलो नहीं दी जा सकती।



हाइकोर्ट ने याचिका पर एसजीपीसी सहित हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही कहा है कि जुलाई में जब छुट्टियां खत्म हो जाएंगी तो एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच ही इस अर्जी पर सुनवाई करेगी।

हरियाणा सरकार ने बताया कि डेरा प्रमुख की अर्जी पर गौर किया जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद सुनवाई 2 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। डेरा प्रमुख ने अपनी अर्जी में कहा कि इसी महीने डेरे में एक कार्यक्रम है, जिसमें शामिल होने के लिए उन्हें फरलो दी जाए।

# राज्यसभा उपचुनाव जीतने के लिए फिर चौंका सकती है भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** से राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव में भाजपा पिछले चुनाव की तरह चौंका सकती है। पिछली बार निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा को भाजपा ने जरूरी संख्याबल न होने के बावजूद जिता दिया था। कांग्रेस के अजय माकन इस चुनाव में हार गए थे।

रोहतक से लोकसभा के लिए दीपेंद्र हुड्डा के निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा में उनकी सीट खाली घोषित की गई है। इस राज्यसभा उपचुनाव से ही नायब सैनी सरकार के बहुमत की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। जननायक जनता पार्टी ने अपने 10 विधायकों के साथ सरकार से समर्थन वापस ले चुकी है। उसके बाद तीन निर्दलीय विधायकों ने भी समर्थन वापस लिया



और कांग्रेस के साथ चले गए। इसके साथ ही सरकार को अल्पमत में बताया जा रहा है। राज्यसभा उपचुनाव के लिए अगर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल साझा उम्मीदवार उतारे तो सरकार के बहुमत का परीक्षण हो जाएगा। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक चुनाव लड़ने का फैसला नहीं किया है क्योंकि इसी साल राज्य में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और पार्टी के नेता किसी भी मसले पर चौटाला परिवार के साथ नहीं दिखना चाहते हैं। बहरहाल, हरियाणा की 90 सदस्यों की विधानसभा में इस समय कुल 87 विधायक हैं, जिनमें भाजपा के 40 और कांग्रेस के 29 विधायक हैं। भाजपा को गोपाल कांडा और दो

**रणनीति**

**पिछली बार निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा को भाजपा ने जरूरी संख्याबल न होने के बावजूद जिता दिया था**

अन्य विधायकों का समर्थन है। यानी उसके पास कुल 43 वोट हैं। राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए मौजूदा गणित के हिसाब से 44 वोट चाहिए। कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी और कांग्रेस को समर्थन दे रहे निर्दलीय विधायकों की संख्या 44 है। राज्यसभा का चुनाव उलझा हुआ दिख रहा है और बहुत कुछ इस बात से तय होगा कि भाजपा किसको उम्मीदवार बनाती है। हालांकि भाजपा नेता इस वजह से भरोसे में हैं कि दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी के तीन या चार विधायक भाजपा के संपर्क में हैं और भाजपा की टिकट से विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। अगर ये विधायक क्रॉस वोटिंग करते हैं तो भाजपा की राह आसान हो जाएगी। क्रॉस वोटिंग कराने को लेकर बीजेपी ने तैयार शुरू कर दी है। चर्चा है कांग्रेस के किसी वरिष्ठ नेता को बीजेपी की तरफ से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

हालांकि इस पर चर्चा अभी शुरूआती दौर में ही है। लेकिन कहा जा रहा है कि बीजेपी विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता को तोड़कर मजबूत संदेश देना चाहती है!

## न्यूज फ्लैश

### इस सीजन खेलों के रोमांच का अनुभव पाएं वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप के साथ

**गुरुग्राम।** हाल ही में ओरमैक्स मीडिया द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 678 मिलियन दर्शक स्पोर्ट्स देखते हैं, इनमें सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेल क्रिकेट और फुटबॉल हैं, 612 मिलियन दर्शक क्रिकेट और 305 मिलियन दर्शक फुटबॉल देखने के शौकीन हैं। दर्शकों की डिजिटल व्यूइंग की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए जाने-माने टेलीकॉम ऑपरेटर वी ने स्पोर्ट्स कंटेंट को ढूंढना और देखना बेहद आसान बना दिया है।

इस सीजन वी के यूजर, वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप के सिंगल सब्सक्रिप्शन प्लान के साथ डिजनी प्लस हॉटस्टार पर दुनिया के सबसे बड़े टी20 क्रिकेट टूनार्मेन्ट से लेकर यूईएफए यूरो 2024 और कोपा अमेरिका तक हर तरह के स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं। उनके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए वी कनेक्टेड टीवी के माध्यम से भी स्ट्रीमिंग का मौका देता है और उन्हें व्यूइंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है। इतना ही नहीं! वी ने डिजनी प्लस हॉटस्टार और सोनी लिव के एक्सेस को आसान बनाने के लिए एक्सक्लुजिव बंडल सब्सक्रिप्शन भी लॉन्च किया है, जो क्रिकेट एवं फुटबॉल के प्रशंसकों के लिए सुनिश्चित करेगा कि रोमांच का एक पल भी चूक न जाए।

### CEAT स्पेशलिटी ने लांच किए भविष्य के टायर

**अंबाला । CEAT स्पेशलिटी ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्की** 2898 ए.डी. के साथ एक दिलचस्प साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत प्रभास अभिनीत इस फिल्म में दिखाए जाने वाले रोबोटिक वाहन ह्यबुज्जीङ्ख के लिए अत्याधुनिक टायर विकसित एवं लांच किए जाएंगे। कल्की 2898 ए.डी. को नाग अश्विन ने निर्देशित किया है, इसमें भविष्य की दुनिया की कहानी दर्शाई गई है जहां तकनीक बेहद उन्नत है और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस दैनिक जीवन का हिस्सा है। इस फिल्म में काम कर रहे अभिनेताओं में शामिल हैं- प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन। इस फिल्म एक और खास किरदार है बुज्जी यह ए.आई. से चलने वाली कार है। बुज्जी को हॉलीवुड के हाइसु वांग ने डिजाइन किया है जो इससे पहले ब्लैक पैंथर के लिए भी वाहन डिजाइन कर चुके हैं। बुज्जी नाम की यह कार ऑटोमोटिव डिजाइन व टेक्नोलॉजी के भविष्य में एक लम्बी छलांग है। फिल्मकार एक ऐसी कार चाहते थे जो वांग के डिजाइन को जीवंत बना दे और उएअळ स्पेशलिटी ने इस चुनौती को पूरा किया, और ऐसे टायरों की रचना की जो इस अभूतपूर्व वाहन को पूर्णता प्रदान करते हैं। CEAT स्पेशलिटी के मुख्य कार्यकारी अमित तोलानी ने कहा, बुज्जी के लिए कल्की 2898 ए.डी. के साथ जुड़ना हमारे लिए एक अतुलनीय अवसर था। इससे हमें अपनी सीमाओं को विस्तार देने और नई तकनीकों व सामग्री का जायजा लेने का मौका मिला। द्युतिमान चैटर्जी और उनकी आर एंड डी टीम ने अपनी रचनात्मकता एवं इंजीनियरिंग कौशल से इस विजन को जीवंत कर दिया। इस प्रोजेक्ट ने टायर इनोवेशन में हमारे भविष्य का मंच का स्थापित कर दिया है। हमारी टीम और हमारे टायर सही मायनों में जिज्ञासुओं के लिए तैयार किए गए हैं, वे हमें अनदेखे-अनजाने क्षेत्रों में ले जाते हैं और भविष्य की कल्पना करने की क्षमता प्रदान करते हैं।




### खट्टर काम नहीं करेंगे तो हम उनकी नींद हराम करने का काम करेंगे

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा 2.32 लाख वोटों से हार गए हैं, लेकिन फिर भी वह लोगों के बीच जाकर उनका शुक्रिया अदा करने में जुटे हैं। दिव्यांशु खुद को दिलासा देने की कोशिश कर रहे हैं या विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की तैयारी कर रहे हैं, यह कुछ महीनों में साफ हो जाएगा। बीती शाम नीलोखेड़ी में दिव्यांशु बुद्धिराजा ने क्षेत्रवासियों का धन्यवाद किया।

# स्वैच्छिक रक्तदान के लिए ज्यादा संख्या में आगे आएं युवा

## अम्बाला के एसडी कॉलेज के सभागार में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया, रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता: खेल राज्यमंत्री संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला के एसडी कॉलेज के सभागार में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शिरकत दी। उन्होंने प्रदेशभर से यहां पहुंची स्टार महिला रक्तदाताओं और बेहतर काम करने वाली एनजीओ को सम्मानित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वैच्छिक रक्तदान के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आएं। कार्यक्रम में हरियाणा के खेल राज्यमंत्री संजय सिंह और हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री एवं अम्बाला कैंट के मौजूदा विधायक अनिल विज भी मौजूद रहे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि पूरे विश्व में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए आज विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जा रहा है। रक्तदान के क्षेत्र में हरियाणा रेडक्रास ने विशेष भूमिका निभाई है, जो देशभर में मिसाल है। हरियाणा में कोई भी व्यक्ति जरुरत पड? पर रक्त की वजह से जान न गंवाए इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश के 22 जिलों में एक ही दिन में 38 रक्तदान कैंप लगाकर 1 हजार 93 रक्त ईकाईयां एकत्रित की गई है। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। 2023-24 में रेडक्रास ने 5 हजार 512 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाए गए, जिनमें 3 लाख 46 हजार से ज्यादा रक्त ईकाईयां एकत्रित करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि रेडक्रास सेवा की भावना से कार्य कर रहा है। रेडक्रास हरियाणा ने राष्ट्रीय स्तर पर बहुत से पुरस्कार जीते हैं। आज के सम्मान समारोह में उन महिलाओं को सम्मानित किया गया है, जिन्होंने कम से कम 10 बार रक्तदान किया है। इसके अलावा ऐसी एनजीओ को भी सम्मानित किया गया है, जिन्होंने साल में कम से कम 2 रक्तदान शिविर लगाए हैं। यह सम्मान समारोह और लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा और सामाजिक संगठनों का मनोबल बढ़ाएगा। रक्तदान केवल किसी जरुरतमंद की सहायता के लिए नहीं बल्कि स्वयं की सेहत के लिए भी लाभदायक है। हरियाणा रेडक्रास द्वारा प्रत्येक वर्ष युवाओं के लिए जिलास्तर पर शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिसमें युवाओं को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाता है। हरियाणा के सभी महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में रेडक्रास की यूथ विंग स्थापित की गई है। हरियाणा के खेल राज्यमंत्री संजय सिंह ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान से अच्छा कोई भी कार्य नहीं हो सकता। यह बेहद पुण्य का कार्य है, क्योंकि इस रक्तदान से ही किसी के भाई, बहन, किसी की बेटी की जान बचाई जाती है। हमें रक्त समय पर न मिले तो जीवन बचना असंभव है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं को इस सम्मान के लिए बधाई दी। राज्यमंत्री संजय सिंह ने कहा कि रक्तदाताओं के लिए कोई न कोई सुविधा दी जानी चाहिए। पूर्व गृह मंत्री और अम्बाला कैंट के विधायक अनिल विज ने कहा कि रक्तदान एक महादान माना गया है। रक्त का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व है। हम हर वक्त प्रकृति से किसी न किसी रूप में कुछ न कुछ लेते हैं। जीवन को बेहतर बनाने के लिए हमें प्रकृति का भी ऋण उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा हमारा मूल भाव है। भारत की शिक्षा प्रणाली हमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देती है। संस्कारों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इन्हीं संस्कारों से हम एक अच्छा डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस और अच्छा राजनेता बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि साईंस ने बहुत तरक्की की है लेकिन फिर भी रक्त की एक बूंद नहीं बना सकते। हमें रक्त की जरुरत पड? पर इंसान का रक्त ही लेना पड़ता है। हमें ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए। इससे लोगों की जान बचती है।

## रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**वक्त दे रक्त दे रक्तदान** सेवा सोसायटी के सौजन्य से रैड ड्रॉप हैदराबादी बल्ड बैंक में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर एवम रक्त दाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्यातिथि एसडीएम मनदीप सिंह ने शिरकत की । शिवर में अतिथि डॉक्टर वीरेंद्र ढांडा और सविता आर्या रहे। शिवर में पहली बार रक्तदान करने वाली महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।शिवर का मुख्य उद्देश्य था लोगो को रक्तदान के लिए जागृत करना है। एसडीएम मनदीप सिंह ने कहा कि रक्त एक ऐसा तत्व है जिसको हम लैंब में नही बना सकते ।इसलिए रक्त दान को महादान कहा गया है ।सभी को अपने जीवन में रक्त दान जरूर करना चाहिए । इस अवसर पर 55 सम्मानित होने वाले रक्त वीरो ने रक्त दान भी किया ।इस मोके पर डॉ मयंक छोकर ने भी रक्त का दान किया । इस मौके पर ममता लांबा ,नीता रानी,ख्याति,संजय ठाकुर अमित,कृष्ण रक्तवीर कश्य,सन्नी कश्यप ,अमित देशवाल ,सुमित मिगलानी,शुभम, पायल सरोज,वीरेंद्र अत्री ,सुनील शर्मा जी,सोनम खुराना पत्नी भूपेन्द्र खुराना दोनों ने एकसाथ रक्तदान किया।




## केंद्र में हरियाणा से तीन मंत्री बनने से हरियाणा के विकास को मिलेगी तेजी : मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई:** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है। 1962 के बाद यह पहली बार है कि जब कोई व्यकित लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार में हरियाणा से तीन मंत्री बने हैं और इससे हरियाणा के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास की नई योजनाएं शुरू होंगी और केंद्र सरकार के सहयोग के साथ प्रदेश विकास के नए कीतिमान स्थापित करेगा। मनोहर लाल शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार हरियाणा पहुंचे और उनका सोनीपत के कुंडली, सेकटर-7 और गन्नौर में भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अब केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का समय है। तीन माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं और हमें विपक्ष द्वारा जो-जो गलत धारणाएं आम जनता में फैलाई गई हैं उनको आम जनता के बीच जाकर दूर करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिजली, पानी, सडक़, गैस सिलेंडर, औद्योगिक विकास सहित अनेकों विकास कार्यों को पूर्ण कर तीसरी बार सरकार बनी है। वहीं विपक्ष द्वारा गलत व औछे हथकंडे अपनाकर दुष्प्रचार के माध्यम से आम जनता को बहकाया गया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर है। सोनीपत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज पूरे जिला में नए-नए हाईवे का जाल बिछ चुका है। इससे विकास के रास्ते खुले हैं। उन्होंने सभी कार्यकताओं का आह्वान किया कि हमें सनीपत की सभी छह विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करनी है और इसी लक्ष्य के लिए हमें संकल्प लेकर आगे बढ़ना है। विधायक मोहन लाल बड़ौली ने हरियाणा आगमन पर कुंडली में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रमों में कुंडली में भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्व मंत्री कविता जैन, राजीव जैन, ललित बत्रा, देवेन्द्र कौशिक, आजाद नेहरा, पवन खरखौदा, तीर्थ राणा, योगेपाल अरोड़ा, नवीन मंगला निशांत छौकर, रविंद्र दिलावर, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल का गन्नौर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। यहां हजारों की संख्या में लोगों ने फूल बरसाकर हरियाणा पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता इस जोश को ऐसे ही बरकरार रखे और अगले तीन महीने में पूरी मेहनत के साथ लोगों के बीच जाकर सरकार की नीतियों से अवगत करवाएं।



## लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**नशा** वो बीमारी है, जो ना केवल एक परिवार बल्कि समाज और देश के भविष्य को खतरे में डालने का काम करता है; पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान शुरू किया गया है। जिले में अभियान के सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए हुए है। इसी के तहत शुक्रवार को थाना चांदनी बाग पुलिस टीम ने मित्तल मेगा मॉल परिसर में लोगों को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत ही गलत प्रभाव डालता हैं। नशे का आदी होना आसान है लेकिन इस लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। नशे के कारण व्यक्ति का समाजिक व पारिवारिक जीवन तबाह हो जाता है। समाज में कई लोग ऐसे होते है जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदी हो जाते हैं, उनके लिए वापस लौटना और जिंदगी की नई शुरूआत करना मुश्किल होता है, क्योंकि नशे के कारण उनमें इतना मनोबल भी नहीं होता कि नशा छोड़ने के लिए संकल्प ले सकें। इस अभिशाप को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है तो वह नशा पूर्ति के लिए पैसे ना होने पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है। नशा वो बीमारी है, जो ना केवल एक परिवार बल्कि समाज और देश के भविष्य को खतरे में डालने का काम करता है। इसलिए समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वाले लोगों की जगह जेल में है, इसलिए नशा बेचने वालों की सूचना बेझिझक पुलिस को दें, पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान भी गुप्त रखी जायेगी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि जिला पुलिस ने इस वर्ष बीते 5 माह के दौरान नशा तस्करी पर कड़ा प्रहार करते हुए गत वर्ष की तुलना में नशा तस्करी के 12 प्रतिशत अधिक अभियोग दर्ज किए है। वर्ष 2023 में 1 जनवरी से 31 मई तक नशा तस्करी के 50 अभियोग दर्ज किये गए थे। वर्ष 2024 में 1 जनवरी से 31 मई तक नशा तस्करी के 57 अभियोग दर्ज किए गए है।




## 13वीं मशाल यात्रा का होगा भव्य आयोजन: मौर्या



**शिवपुरी: मध्य प्रदेश की प्रख्यात समाजसेवी संस्था एवं** शहिदों के प्रति भारतीय समाज को जागृत करने वाली संस्था बीपीएम जयहिंद मिशन वींरगना लक्ष्मीबाई के बलिदान अठारह जून को शिवपुरी मध्य प्रदेश से रानी लक्ष्मीबाई स्मृति स्थल झांसी उत्तर प्रदेश तक दो दिवसीय मशाल यात्रा का भव्य आयोजन कर रही। बीपीएम जयहिंद मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाजसेवी डॉ विजय सिंह मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई अर्थात झांसी की रानी के बलिदान दिवस पर 13वीं मशाल यात्रा निकाल कर भारतीय युवाओं को हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान ओर संघर्ष से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि 17 जून को अमर बलिदानी तात्या टोपे की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करने तुरंत बाद रानी लक्ष्मीबाई स्मृति स्थल झांसी की ओर मशाल यात्रा प्रस्थान करेगी जो करैरा ओर दिनारा होते हुए अठारह जून को सायं पांच बजे रानी लक्ष्मीबाई स्मृति स्थल झांसी उत्तर प्रदेश पहुंच कर रानी झांसी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन करेंगे। डॉ विजय सिंह मौर्य ने बताया कि इस मशाल यात्रा में केवल शिवपुरी मध्य प्रदेश के समाजसेवी ओर स्कूलों के बच्चें तो हर बार शामिल होकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बल्कि अबकी बार हरियाणा से कैलाश मानसरोवर मुक्ति अभियान समिति के राष्ट्रीय महासचिव संजीव कौशिक ओर सोनीपत से वरिष्ठ पत्रकार रोशन लाल तथा छत्तीसगढ़ से समाज में एक नई दिशा देने वाले सुबौधदेव रायपुर ओर गुजरात तथा राजस्थान के समाजसेवी एवं देश प्रेमी व्यक्ति भी शामिल हो रहे हैं।

## गुरुद्वारा बैकुंठ धाम के निर्माणाधीन भवन पर संगत ने कार सेवा से डाला लैंटर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र।:गुरुद्वारा बैकुंठ** धाम सेक्टर-8 के निमार्णाधीन भवन पर बाबा सुबेग सिंह जी (कार सेवा वाले) के मार्गदर्शन में संगत ने कार सेवा कर गुरुद्वारे का लैंटर डाला। बाबा सुबेग सिंह जी ने बताया कि लैंटर की कार सेवा समूह संगत के सहयोग से की गई है। गुरुद्वारा साहिब के हैडग्रंथी भाई गुरदीप सिंह ने लेंटर सेवा से पहले गुरु चरणों में सरबत के भले की अरदास की?। इसके बाद 'जो बोले सो निहाल-सत श्री अकाल' के जयकारों के बीच संगत ने उत्साह पूर्वक लैंटर डालने की सेवा शुरू की। बाबा सुबेग सिंह जी ने बताया कि मीरी पीरी के दाते साहिब श्री हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में 16 जून से 22 जून तक लंगर की सेवा संगत के सहयोग से की जाएगी।



## बाढ़ प्रबंधन को लेकर एडीसी ने करवाई ट्रेनिंग

**टीम अक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: उपायुक्त डा. शालीन** के निदेर्शानुसार अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता की अध्यक्षता में पंचायत भवन अम्बाला शहर में बाढ़ प्रबंधन विषय को लेकर वलंटियर ट्रेनिंग करवाई गई। वलंटियर में 50 होमगार्ड के जवान, 30 एनसीसी, 30 भारत स्काउट के वलंटियर शामिल हुए। इस दौरान रैडक्रास की टीम द्वारा फर्स्ट-एड बारे भी ट्रेनिंग करवाई गई। इस ट्रेनिंग के दौरान होमगार्ड के इंस्पैक्टर संजीव शर्मा ने होमगार्ड के जवानों के माध्यम से इस ट्रेनिंग में गांवों से आए हुए नम्बरदारों व चौकीदारों को इस ट्रेनिंग में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए जागरूक किया। उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान बताया कि बाढ़ आने की स्थिति में पहले से ही यह चैक कर लें कि वाटर का लैवल क्या है। बाढ़ की स्थिति में पालतू जानवरों को खोल दें। बाढ़ के दौरान घरों में रखें हुए सामान जैसे कि खाली बोतलें, टोकरियां, रस्से, मटके, चारपाई, ट्यूब इत्यादि सामान का बाढ़ से बचने के लिए कैसे प्रयोग किया जा सके, इस बारे में भी गांव से आए हुए लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ रैडक्रास की टीम द्वारा बताया गया कि लोगों को कैसे फर्स्ट-एड की सुविधा उपलब्ध करवाई जानी है, उस बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि घरों में पानी भर जाने पर घर के बिजली के सारे स्वीच बंद कर दें जिससे कि करंट आदि का खतरा न हो। जिन गांवों में बरसात के दिनों में बाढ़ आने का खतरा ज्यादा रहता है, उन गांव के लोग पहले ही ऊंचे स्थानों पर चले जाएं।



## पानीपत ग्रामीण हलके से कांग्रेस प्रत्याशी की होगी जीत: कुंडू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को इस बार करनाल लोकसभा चुनाव में पिछले चार चुनावों की बजाये मत प्रतिशत के हिसाब से सर्वाधिक 37.61 प्रतिशत वोट मिले है और 2019 के करनाल लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच जीत का अंतर भी घटकर करीब एक तिहाई रह गया है। पानीपत ग्रामीण हलके में भी कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को इस बार 61252 वोट मिले है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जहां राष्ट्रीय मुद्दें हावी रहते है वहीं विधानसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दें हावी रहते है। विधानसभा चुनाव में इस बार पानीपत ग्रामीण हलके से निश्चित रूप से कांग्रेस प्रत्याशी की भारी मार्जिन से जीत तय है। सचिन कुंडू अपने धन्यवादी दौरे के दौरान शुक्रवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव गांजबड, बडौली व आसन में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। तीनों गांव में पहुंचने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन कुंडू का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत करवाते हुए कहा कि कांग्रेस में ही हर वर्ग के हित सुरक्षित है। लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से जनता में कांग्रेस के प्रति भारी जोश व उत्साह देखने को मिला है, उससे स्पष्ट है कि इस बार प्रदेश की जनता ने अभी से विधानसभा चुनाव में प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गो को 6000 रुपए पेंशन, सभी लोगों को 300 यूनिट बिजली फ्री, गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लाट और 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

किसानों को एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी मिलेगी और प्रदेश में खाली पडे सभी पदों पर पक्की भर्ती करके युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। कांग्रेस नेता सचिन कुंडू ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस पार्टी का साथ दे और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर ग्रामीण हलके के लोगों की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।

इस अवसर पर ब्लाक समिति के पूर्व चेयरमैन रमेश मलिक, कांग्रेस नेता दीपक खटखड, सतपाल रोड, धीरा सिंह, रणदीप सिंह सोनु, बलकार, सुनील, राममेहर ठेकेदार, रामेश्वर, राकेश मेंबर व जीता बडौली सहित तीनों गांवों में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## घर से पीने का पानी लेने निकली महिला ट्रेन की चपेट में आई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: अंबाला-**दिल्ली रेल मार्ग पर सारंग रोड के पास रेलवे लाइन पार कर रही महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां फोरेसिंक चिकित्सक न होने के चलते शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में रेफर कर दिया। महिला देर शाम पीने का पानी लेने के लिए जा रहा थी। लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। राजकीय रेलवे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ज्ञान नगर निवासी अनीता (37) देर शाम करीब 10.30 बजे पीने का पानी लेने के लिए गोहाना रोड की तरफ जा रही थी। सारंग रोड अंडर ब्रिज के नीचे दूषित पानी भरा होने के चलते रेलवे लाइन क्रास करने लगी।

उसी दौरान अंबाला की तरफ से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गई। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। नागरिक अस्पताल में फारेंसिक चिकित्सक न होने के चलते चिक्त्सिक ने शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। जांच अधिकारी एसआई अजय कुमार ने बताया कि शव का आज पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। परिजनों के बयान दर्ज कर लिए है। खानपुर में पोस्टमार्टम करवाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# संपादकीय

## इंडिया' की आंखों से भारत को मत देखिए!

**आजकल** राष्ट्रीयता,भारतीयता, राष्ट्रत्व और राष्ट्रवाद जैसे शब्द चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीयता पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर यह क्या है? 'राष्ट्र' सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि 'भूगोल-संस्कृति-लोग' के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह 'लोग' ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी,भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रीयता का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है, जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' कहकर संबोधित किया। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतबोध को समझना है। यह भाव ही मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है। हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानवतावादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित हैं। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव करता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रीयता दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित थी। एक विद्वान कहते हैं राजा राज्य बनाते हैं, राष्ट्र ऋषि बनाते हैं। वही भारतबोध इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ,वह बात हैरत में डालती है। आप देखें तो भगवान बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार,नवचेतन था, जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढ़कर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है। सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है। यहां का मनुष्य सांस्कृतिक एकता के लिए तो खड़ा होता है पर विचारों में जड़ता आते ही उससे अलग हो जाता है। हमारा ईश्वर आंतरिक उन्नयन और पाप क्षय के लिए काम करता है।

# जम्मू कश्मीर में दोबारा सिर उठाते आंतकवाद पर हो कड़ा प्रहार

**डॉ. ओ०पी० त्रिपाठी**

> "पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं, तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। यह जनता को तय करना होगा। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।"

**जम्मू में सियासी, कठुआ** और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले हुए हैं। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। इन घटनाओं में छह जवानों समेत पचास के करीब लोग घायल हुए हैं। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह है कि एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं।ह्लजम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक, पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं, लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है, जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं। अब भी 3-4 आतंकी डोडा के पास, एक समूह में, घूम रहे हैं। उन्हें जल्द ही ढेर कर दिया जाएगा। अचानक आतंकी हमले बढ? के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं।क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक, प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया, क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन



और कारोबार बढ़ने से भी पाक परस्त आतंकवादी नाराज है, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं, जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए, लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी ह्लशहीदह्ल हुए हैं। शहादत का यह सिलसिला अभी जारी रहेगा, क्योंकि आतंकी गतिविधियों की जानकारी देने वाला मजबूत खुफिया नेटवर्क अभी तैयार किया जा रहा है। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को ह्लस्थानीय मददह्ल है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई ह्लस्थानीय आतंकवादीह्ल नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं। कठुआ का उदाहरण है कि आतंकियों को स्थानीय लोगों ने पीने को पानी तक नहीं दिया और पुलिस को सूचना दे दी। नतीजतन आतंकी पकड़े और ढेर कर दिए गए। दरअसल अब आतंकी हमले उन इलाकों में हुए हैं, जहां कुछ साल पहले तक मान लिया गया था कि आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है। यहां बीते 15-20 सालों के दौरान कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं किया गया था, लेकिन बीते कुछ अंतराल में आतंकवादी दिखने लगे थे। वे ही हमले कर रहे हैं। बेशक 2019 में जम्मू-कश्मीर को लेकर संविधान में सुधार किए गए थे, उनसे स्थिति बेहतर हुई, आतंकवाद से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों पर लगाम लगाई गई, लेकिन समस्याएं आज भी मौजूद हैं। कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता।

करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। इसलिए आतंकी सोची-समझी साजिश के तहत वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इन घटनाओं में सीमा पार की शह तो जगजाहिर है ही। ये घटनाएं यह भी बता रही है कि आतंकी साजिश रचकर घात लगाकर हमले करने लगे हैं। हमले भी इस इरादे से किए जाते हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग हताहत हों जिससे डर का माहौल बने। तीर्थ यात्रियों की बस पर हमला ऐसी ही साजिश का हिस्सा थी। यह भी कहा जा सकता है कि अपनी कायराना करतूतों के माध्यम से ये आतंकी यह भी जताने का विफल प्रयास करने में जुटे हैं कि कश्मीर में अभी अमन-चैन लौटा नहीं है। जबकि हकीकत यह है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में पर्यटन परवान पर चढ़ा है। लोकसभा चुनावों में कश्मीर में जिस तरह से मतदान प्रतिशत बढ़ा है उससे भी लगता है कि लोग अब राज्य में भी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी सरकार का चुनाव करने को उत्सुक हैं।

आतंकियों को सीमा पार से मिल रही मदद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन दिनों सुरक्षाबलों को मुठभेड़ में मारे गए आतंकी के पास बड़ी संख्या गोला-बारूद, पाकिस्तान में बनी चॉकलेट और दवाइयां बरामद हुए हैं। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि घुसपैठ कर हमारी सीमा में घुस आए आतंकियों के स्थानीय मददगार भी कम नहीं हैं। हमारे जवानों की शहादत भी इसलिए हो जाती है क्योंकि आतंकियों के इन मददगारों की कमर अभी पूरी तरह टूटी नहीं है। अमरनाथ यात्रा और संभावित विधानसभा चुनावों को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं। जम्मू और कश्मीर के खूबसूरत इलाके 24 घंटे खुले हैं।

पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं, तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। यह जनता को तय करना होगा। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।

# कविता

पिच-पिच,पिच पिच चली पिचकारी, नाक
काट कर धरी हमारी
जनता ने जनमत दे दिया ऐसा, 400 पार की कलई
उतारी

बड़ी मुश्किल से राम को लाये, कई लाख दीपक
जलवाये
रात अंधेरी सुबह हो गई, पर जनता को पसंद ना आये
अवधेश पासी छा गए सबपर, हार गए लल्लू ब्रह्मचारी

आशियानो को तहस नहस कर, एयरपोर्ट, सड़कें बिछवाई
ईवीएम को धोखा देकर, भक्त जनों की करी कुटाई
इनसे कैसे बदला ले हम, पूछ रहे हैं हम चंदन धारी

कोर्ट खरीदा इन्हें हराया, आस्था पर फैसला करवाया
फैसला करने वाले जज को, राज्यसभा का टिकट थमाया
उल्टे सीधे खेल तमाशे, मतदाता पर पड़े ना भारी

पीएम जी ने रगड़ा माथा, पूरी की सबकी अभिलाषा
भगवा धोती कुडत पहनकर, मुहूर्त की बदली परिभाषा
दर्शन में भी बंदर बांटकर, बुजुर्ग जनो से की गद्दारी

राक्षसों सुनो कान खोलकर, हम सब का बाइकाट करेंगे
तुम्हारी चाय दे और खान-पान का बिल्कुल सेवन नहीं
करेंगे पांच साल तक भुगतो सबको, राम लला से की
मक्कारी

संजीव

## भीष्म पितामह की लोन गारंटी

**रामविलास जांगिड़**

**हुआ** यूं कि अचानकली सडनता से राम राज्य आ गया। पिछले दिनों सरकार ने जो वादा किया था, वह पूरा हो गया। कहीं कोई लड़ाई नहीं, झगड़ा नहीं, दंगा-फसाद नहीं! परम शांति! झूठ झपट जाल सब बंद! पुलिस महकमा खतम हो गया। कुछ तेज तर्राट पुलिस अधिकारियों ने आसपास की सर्कस कंपनियां ज्वाइन कर ली। सर्कस में वे रात-रात भर इसका हाथ छोड़कर, उसका हाथ पकड़ते और हवा में झूलते। बच्चे लोग पुलिस के ऐसे कारनामे देखकर तालियां पीटते। कुछ पुलिस कुर्मी जो बेचारे ढीले-ढच थे, उन्होंने कविता बाजी करना शुरू कर दिया। वे इधर-उधर मारामारी करके कविताएं लिखते और उसे फेसबुक पर फेंक मारते। एक-एक लाइक के लिए वे अपनी जाजम बिछाते। ताजी राते हिंद दफा 305 के तहत मुलजिम को बाय इज्जत बरी किया जाता है, जैसी आवाजें आना बंद हो गई। न्यायकर्मी एकाएक बेरोजगार हो गए। वे सब पड़ोस की सब्जी मंडी में शिफ्ट हो गए। वहां वे मिलॉर्ड टमाटर ले लो! मिलॉर्ड भिंडी ले लो जैसे शास्त्रीय गीत हवा में उछालने लगे। महकमा-ए-इंसाफ शानदार ढंग से साफ हो गया। रावण ने अपना अहंकार गुस्सा आदि हिंद महासागर में दफन कर दिया। वह एक नदी किनारे प्रेम-प्यार से रहने के धंधे में कूद कर प्रवचन बांचने लग गया। उसके सिरों पर बच्चे बढ़िया तरीके से झूला झूल सकें, इसके लिए प्रवचन कंपनी के इवेंट मैनेजर द्वारा टिकट का प्रावधान भी था। कुछ बच्चे रावण की दोनों मूंछों को खींचते, तब रावण बड़े ही प्रोफेशनल तरीके से मंद-मंद मुस्कुराता। कुछ सयाने मां-बाप उसके गदे को बच्चों के हाथों में थमा कर स्वीट सेल्फी लेते और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करते। शीघ्र ही रावण कथा बांचने के धंधे का बड़ा खिलाड़ी हो गया। इधर दुशासन ने साड़ी खींचने जैसा राजकीय कार्य छोड़-छाड़ कर शहर में एक साड़ी शोरूम खुला खोल लिया। शोरूम की किस्तें टाइम पर चली जाए इसके लिए लोन की गारंटी आदरणीय भीष्म पितामह ने दी। जो भी महिलाएं दुशासन के शोरूम पर जाती वह उन्हें हाथ जोड़ता। उन्हें दंडवत प्रणाम करता। पड़ोस के शोरूम से पानी-पतासे खिलाता और माता श्री -भगनी श्री जैसे मृदुल वचनों से उन्हें साड़ी की वैरायटी दिखाने लगता। वह एक साड़ी खरीदने पर तीन साड़ियां भी मुफ्त में देने लगा था। दुशासन देश का जाना माना साड़ी व्यापारी हो गया। सीन यह बना कि कंस ने सारी मामागिरी छोड़कर यमुना किनारे एक आइसक्रीम का ठेला लगा लिया है। वह साइकिल के करियर के पीछे बांधकर 3 किलोमीटर दूर स्थित आइस फैक्ट्री से बर्फ की एक सिल्ली लाता। उसे ठेले पर रखना और रंदा मार कर बर्फ का कचरा कूट करता। वह बर्फ का गोला बनाकर पांच पैसे में तीन तीन बर्फ के गोले बच्चों को पकड़ाता। बर्फ के गोले चूसते हुए बच्चे बाकायदा कंस के मोटे से पेट पर गुदगुदी कर सकते थे। उसकी पीठ में चिकोटी काट सकते थे। बच्चों के गुदगुदी करने की कोई मनाही नहीं थी।

# विचार

## बच्चों को दबाव मुक्त, रुचिकर विषयों में उच्च शिक्षा के अवसर दे

**डा.मनमोहन प्रकाश**

**सामान्य** रूप से मई-जून-जुलाई का समय विधार्थियों के लिए यूजी-पीजी के लिए विषय, उपाधि और शिक्षण संस्थान के चयन का समय होता है क्योंकि बोर्ड एवं तथा स्नातक उपाधि के परीक्षा परिणाम आ चुके होते हैं।नये विषय और शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेना होता है। यद्यपि यूजीसी इस सत्र से साल में दो बार प्रवेश प्रक्रिया की अनुशंसा की है।कुछ कोर्सेज(सामान्यतया तकनीकी शिक्षा) तथा कुछ शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रतिस्पर्धी परीक्षा की मेरिट से होता है, कुछ लिखित टेस्ट के साथ साक्षात्कार को भी महत्व देते हैं। जबकि कुछ गैर-तकनीकी कोर्सेज में प्रवेश मेरिट से होता है।न सिर्फ माता-पिता अपितु शिक्षार्थी की भी यही इच्छा होती है कि उच्च शिक्षा के लिए उसे अच्छे विषय(ज्यादा रोजगार संभावना वाले) के साथ स्नातक और स्नातकोत्तर की शिक्षा के लिए किसी अच्छे शिक्षण संस्थान में प्रवेश मिले । उद्देश्य यही रहता कि कुछ बेहतर शिक्षा ग्रहण करने के साथ अनुशासित जीवन जीने को मिले, प्लेसमेंट की संभावना अच्छी हो तथा शिक्षण संस्थान का वातावरण पढ़ने-पढ़ाने का हो , विधार्थियों के बीच स्पर्धा स्वस्थ हो । ऐसा देखने में आया है यदि विधार्थी विज्ञान से अच्छे अंकों के साथ बारहवीं पास है तो मां-बाप की पहली पसंद अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा (इंजीनियर, डाक्टर, फामेर्सी , कृषि , पैरामेडिकल कोर्सेज आदि) दिलवाना या प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए अनुकूल विषय के साथ अच्छा संस्थान चुनना प्राथमिकता रहती है। आजकल कुछ दूसरे अच्छे रोजगारोन्मुखी कोर्सेज विकल्प के रूप में उपलब्ध हैं जिस ओर भी विधार्थी और उनके पालकों का ध्यान जा रहा है जैसे कृषि, पशुपालन,डेरी, फामेर्सी, खेलकूद, फोरेंसिक साइंस,फिशरीज, जैवप्रौद्योगिकी, बायो इंफोर्मेटिक्स, बीज तकनीकी, हॉर्टिकल्चर, कम्प्यूटर विज्ञान, आईटी,डाटा सांइस, साइबर तकनीक, मनोविज्ञान।जो विधार्थी गणित और विज्ञान में कमजोर है वे कला, वाणिज्य, मिडिया/पत्रकारिता, पुस्तकालय विज्ञान, की ओर रुख करते हैं।आजकल अर्थशास्त्र, शिक्षा,विधि और प्रबंधन के इंटीग्रेटेड कोर्सेज की ओर भी कुछ विधार्थियों का रुझान बढ़ा है। कोर्सेज कोई भी हो विधार्थियों की दिली इच्छा होती है कि वे आईआईटी,आईआईएम, एनआईटी, एम्स, आईआईएस,आईआईआईटी, जेएनयू ,जैसे ख्याति प्राप्त, अच्छी रैंकिंग वाले शिक्षण संस्थान से शिक्षा ग्रहण करें। जिन विद्यार्थियों ने पहले से ही शासकीय-प्रशासनिक सेवाओं में जाने के लिए मन बना लिया है वे कला के विषयों का चयन करना भी पसंद करते हैं वो भी हिंदी और अंग्रेजी साहित्य के साथ। यद्यपि डाक्टर, इंजीनियर तथा अन्य विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर लेने के बाद भी उच्च प्रशासनिक सेवाओं(आईएएस, आईएफएस, आईपीएस, आईएसएस, पीसीएस आदि), बैंकिंग सेक्टर तथा सेना में जाने की ओर रूझान बढ़ा है क्योंकि इन सर्विसेज में तुलनात्मक दृष्टि से सुविधाएं/अधिकार अधिक है, समाज में सम्मान भी ज्यादा है। संगीत, नाट्य और पेंटिंग की पढ़ाई करने वाले कम ही युवा शिक्षार्थी रहते हैं पर जो है वो पूरी तरह से अपने विषय के लिए समर्पित दिखाई देते हैं।

शिक्षाविद् होने के नाते मेरा ऐसा मानना है कि शिक्षा ग्रहण करने के लिए, विशेषज्ञता हासिल करने के लिए वस्तुतः सभी विषय अच्छे हैं, सभी में रोजगार की संभावनाएं भी हैं यदि विधार्थी पूर्णमनोयग से, क्षमता और मेहनत से, ईमानदार तरीके से, एकनिष्ठ, एक लक्ष्य (श्रेष्ठ शिक्षा हासिल करना) रखकर विषय की शिक्षा ग्रहण करता है, विषयों की शिक्षण सामग्री को आत्मसात करता है, विषय के सैद्धांतिक और प्रायोगिक पहलुओं को समझता है और अच्छी ग्रेड से उत्तीर्ण होता है। ऐसा देखने में आता है कि विषय चुनने के संबंध में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली विद्यार्थी होते हैं जिन्हें अपनी पसंद के विषय चुनने का अवसर मिलता है अन्यथा ज्यादातर विधार्थी माता-पिता, भाई-बहन, नाते-रिश्तेदार द्वारा सुझाए गए विषयों का ही चयन करते हैं या फिर दोस्त जिस विषय को पढ़ने के लिए चुनता है उसका चयन करते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# व्यंग्य

## मेनिफेस्टो वाला घोल पेट में पहुँचा-घोल का झोल

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बड़ी** गजब स्थिति थी। ऊपरवाले का नाम लिया और नाक बंद कर के झट से एक घूँट गले के नीचे ढकेल दिया। लेकिन यह क्या... जैसे ही मेनिफेस्टो वाला घोल पेट में पहुँचा अजीबोगरीब हलचल होने लगी। पेट ऐंठने लगा। मैंने ताऊ से कहा झ पेट गड़बड़ा रहा है। उन्होंने कहा झ अरे छुटके! यह तो पिछले साल वाला मेनिफेस्टो वाला घोल था। इसी को झेल नहीं पाए तो इस बार के मेनिफेस्टो वाले घोल को खाक झेल पाओगे। जितने दल उतने मेनिफेस्टो घोल होंगे। आज एक भी मेनिफेस्टो ऐसा नहीं जिसे तुम हजम कर सको। राजस्थान को ले लो, तेलंगाना को ले लो या फिर मध्य प्रदेश को ले लो, चाहे जिसे ले लो तुम्हारे पेट में गड़गड़ाहट होना तय है। हमारा देश गड़गड़ाहट पहले पैदा करता है भारत बाद में कहलाता है। छुटके से रहा नहीं गया। उसने ताऊ से गिड़गिड़ाते हुए एक लोटा पानी माँगा। ताऊ समझ गए कि छुटका एक लोटा पानी पीकर देश की गड़गड़ाहट से छुटकारा पाना चाहता है। । उनके बाल धूप में थोड़े न पके थे, सो उन्होंने अपना अनुभव दिखाया। एक लोटे में पंद्रह लाख जुमले वाला पानी भर लाए और छुटके को थमा दिया। छुटके ने पूछा झ कहाँ का पानी है? ताऊ बोले झ यह ऊँचे-ऊँचे जुमलों का मनलुभावन जल है। मेरी आदत है कि मुझे जो कोई जुमला अच्छा लगता है उसे भर-भरकर ले आता हूँ। अगर तुम्हें गरम पानी चाहिए तो बताओ मणिपुर कांड का पानी भी दो बोतल भरकर लाया हूँ। छुटके ने कहा झ नहीं, नहीं! मुझे गरम पानी नहीं चाहिए। जुमले वाला पानी ही ठीक है। जुमले वाला पानी पीने के बाद छुटका ताऊ को मंद-मंद मुस्कान के साथ देखने लगा। ताऊ ने कहा झ अब बताओ कैसा लग रहा है? कुछ राहत मिली। या फिर दो करोड़ नौकरी वाला ठंडा-ठंडा कूल-कूल पानी पिलाऊँ। छुटके ने कहा झ अरे ताऊ! जब से यह जुमले वाला पानी पिया है, मेरे भीतर की हँसी रुकने का नाम नहीं ले रही है। मुझसे रहा नहीं जाता। लगता है हँस-हँस के मैं कहीं पागल न बन जाऊँ।

## बेघर परिवारों को मिलेंगे घर

**प्रमोद भार्गव**

**प्रधानमंत्री नरें**द्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल की शपथ लेते ही घर का सपना देख रहे लोगों के सपने को साकार करने का प्रबंध कर दिया। हाशिए पर पड़े घर से वंचित और गरीब के लिए अपना घर बड़ी सौगात है। केंद्रीय मंत्रीमंडल की पहली बैठक में ही प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) योजना के अंतर्गत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को स्वीकृति दे दी गई है। यह योजना भारत सरकार का एक समाज कल्याण प्रमुख कार्यक्रम है। इसे प्रधानमंत्री ने 2015 में आरंभ किया था। इस योजना के अंतर्गत राजग के बीते दो कार्यकालों में गरीब पात्र परिवारों के लिए कुल 4 करोड़ 21 लाख घरों का निर्माण किया गया है। ये घर ऐसे लोगों को दिए जा रहे हैं, जो अपने गांव के कच्चे घरों में और नगरीय क्षेत्रों में ऐसे ही घरों में रहने को मजबूर हैं। इस योजना के तहत जिस व्यक्ति के पास अपना भूखंड है, उसे आर्थिक मदद दी जाती है। नतीजतन इस योजना के अंतर्गत उन व्यक्तियों के घर का सपना पूरा हो रहा है, जो आर्थिक बदहाली के चलते घर बनाने में सक्षम नहीं है। हालांकि इस योजना पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मोदी ने 17 जुलाई 2020 को गारंटी दी थी कि 2022 तक प्रत्येक भारतीय के सिर पर छत होगी, जो खेखली साबित हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरों में बेघरों को घर देने के लिए दो नई योजनाएं चल रही हैं। नया घर बनाने के लिए 9 लाख के ऋण पर 4 फीसदी और 12 लाख रुपए तक के कर्ज पर 3 प्रतिशत ब्याज दर में छूट दी जाती है। वर्तमान ब्याज दर 9.5 फीसदी है। बीते दस सालों में पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर बनकर तैयार हो चुके हैं। इन घरों में राज्य सरकारों की मदद से षोचालय एलपीजी गैस, बिजली और नल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी दी जाती हैं। अब इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास संबंधी जरूरतों की पूर्ति के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण एवं षहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता देने की घोशणा की है, जिससे आम आदमी का जीवन सुगम व सहस हो सके।

## न्यूज फ्लैश

### घर से जन्मदिन का केक लेने निकली दो नाबालिग सहेलियां लापता

**सोनीपत: सेक्टर**-27 शहर थाना क्षेत्र घर से जन्मदिन का केक लेने के लिए निकली दो नाबालिग सहेलियों के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। लड़कियों की मां की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर की खान कॉलोनी निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी 14 साल की बेटी पड़ोस में रहने वाली अपनी नाबालिग सहेली के साथ गत 10 जून को घर से केक लेने के लिए निकली थी। देर शाम तक वापिस नहीं लौटी। अपने स्तर पर दोनों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सेक्टर-27 थाना पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं लड़कियों के मां का आरोप है कि पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही है। वह बार-बार थाने का चक्कर लगा रही है, लेकिन पुलिस उनकी मदद नहीं कर रही है।

### दहेज प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

**सोनीपत: सेक्टर**-27 शहर थाना क्षेत्र में दहेज की मांग से परेशान महिला ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। महिला को लेकर परिजन निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। सेक्टर-15 निवासी बिजेंद्र राणा ने बताया कि उसकी बेटी सीमा का विवाह दिसंबर 2022 में प्रवीन निवासी आदर्श नगर गोहाना के साथ किया था। शादी के बाद से उसकी बेटी के ससुराल वाले दहेज की मांग करते रहते है। उसकी बेटी को दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ित करने लगे। उसकी बेटी को एक दिन पहले उनके पास मारपीट करके छोड़कर चले गए। उसकी बेटी मानसिक परेशान हो गई। उसने 11 जून को रात 11 बजे जहरीला पदार्थ निगल लिया। उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उसकी बेटी को अलग-अलग अस्पतालों में लेकर पहुंचे। निदान अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। थाना प्रभारी जयभगवान ने बताया कि मृतका के पिता के बयान पर आरोपित पति सहित ससुराल पक्ष के चार सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### एशियन पेंट्स कंपनी का लोगो लगी बाल्टी में भरकर बेच रहे थे नकली पेंट

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में एशियन पेंट्स कंपनी का लोगो लगाकर नकली पेंट बेचने के आरोप का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने पुलिस के साथ मिलकर बाबा कॉलीनी में बनाए प्लांट में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान प्लांट में काफी मात्रा में नकली सामान बरामद किया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी व कॉपीराइट एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गुरूग्राम निवासी संजय शर्मा ने बताया कि वह एशियन पैंटस कंपनी में कार्यरत है। उसे बाजार में नकदी पैंटस तैयार कर कंपनी के नाम से बेचने की शिकयते मिल रही थी। उसने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस टीम के साथ मिलकर सूर्या रंग उद्योग बाबा कॉलोनी में छापेमारी की। जहां पर भारी मात्रा में कंपनी के नाम से तैयार किए पेंटस सहित अन्य सामान बरामद हुए। पुलिस ने मौके से नकली सामान को बरामद कर लिया है।

# नगरपालिका को नगर परिषद बनाओ वरना हाईकोर्ट जाएंगे: संघर्ष

## मुख्यमंत्री को एसडीएम की मार्फत भिजवाया मांग पत्र

**मांग**

▶▶ सभी 22 अवैध कालोनियों को अप्रूव करने की मांग की है। हाई कोर्ट जाने की चेतावनी भी दी है




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा** बचाओ संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को एसडीएम की मार्फत ज्ञापन भिजवा कर समालखा नगरपालिका को भंग करके इसे नगर परिषद बनाने व सभी 22 अवैध कालोनियों को अप्रूव करने की मांग की है। संघर्ष मोर्चा ने मांग पूरी न होने पर हाई कोर्ट जाने की चेतावनी भी दी है ।

संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट कामरेड पीपी कपूर की अगुवाई में मोर्चा प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अमित कुमार को सीएम के नाम लिखित मांग पत्र सौंप कर नगरपालिका भंग करके नगर परिषद बनाने , एसडीएम को पालिका एडमिनिस्ट्रेटर का चार्ज देने व सभी 22 अवैध कालोनियों को स्वीकृत कराने का केस सरकार को भिजवाने की मांग की है। संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि अब पालिका सीमा विस्तार होने से समालखा की आबादी बढ़ कर 65000 से ज्यादा हो चुकी है। जबकि 50,000 की आबादी होने पर नगरपालिका भंग करके नगर परिषद बनाये जाने का नियम है। गौर तलब है कि गत 26 नवंबर 2023 को नई अनाज मंडी समालखा की रैली मे तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी नगरपालिका को नगर परिषद बनाने की सीएम घोषणा कर चुके हैं।

कपूर ने बताया कि हरियाणा सरकार ने गत 12 फरवरी को डीसी व पालिका सचिव को पत्र भेज कर नगर परिषद बनाने के लिए पालिका हॉउस का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये थे। लेकिन नगरपालिका ने यह जरूरी प्रस्ताव चार महीने बीत जाने पर भी नहीं भेजा,पालिका प्रस्ताव जाते ही यहाँ नगर परिषद बन जाएगी। आरोप लगाया कि नगरपालिका शहर की अवैध कालोनियों को अप्रूव कराने का केस भी सरकार को नहीं भेज रही। जिसका खामियाजा इन कालोनियों की जनता बुरी तरह भुगत रही है और सरकार को कोस रही है।

**नगर परिषद बनने पर शहर वासियों को ये होंगे लाभः-** शहर की नई वार्ड बंदी होगी, पालिका सीमा वृद्धि उपरांत नगरपालिका में शामिल हुई करीब 22 कालोनियों के वासी पालिका चुनावों में वोट डाल कर अपने नगर पार्षद चुन सकेंगे, विकास कार्यों के लिए सरकार से ज्यादा ग्रांट राशि मिलेगी, सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ेगी, नगर परिषद कार्यालय में कर्मचारीयों की वृद्धि होगी ,पालिका सचिव की जगह कार्यकारी अधिकारी (ई ओ) व उप पालिका आयुक्त जैसे सक्षम अधिकारी नियुक्त होंगे, अविकसित कॉलोनियों में पेयजल,सीवर पाइप लाइन, सफाई व्यवस्था,पक्की सड़कों, नालियों जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी।

**मुख्य मांगें:-***
नगरपालिका को तत्काल भंग करके तत्काल नगर परिषद बनाया जाए और एसडीएम को एडमिनिस्ट्रेटर का चार्ज दिया जाए ; (2) समालखा की सभी करीब 22 अवैध कालोनियां को तत्काल स्वीकृत करवाने का केस सरकार को भेजा जाए ,ताकि यहां विकास कार्य हो पायें और यहां के निवासी नगर परिषद चुनावों में मतदान के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर पायें ;(3).नेस्ले रोड़ की महात्मा ग्रामीण बस्ती, श्री तारा एन्क्लेव कालोनी, भरत नगर कालोनी, शास्त्री कालोनी, राजस्थान कालोनी एक्सटेंशन, साँसी कालोनी, चोपड़ा कालोनी, प्रीतम पुरा कालोनी, चंदन गार्डन कालोनी, मयूर विहार, गणेश पार्क कालोनी,विकास नगर, संगम कालोनी एक्सटेंशन, बजरंग कालोनी,राजीव कालोनी एक्सटेंशन, शिव कालोनी एक्सटेंशन, गांधी कालोनी एक्सटेंशन सहित पालिका में शामिल सभी 22 कॉलोनियों में गलियाँ ,नालियां पक्की की जाएं , पेयजल पाइप लाइन बिछाई जाए।

# निश्चित अवधि में आमजन की समस्याओं का हो समाधान




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा शुरू किए गए समाधान शिविर से आमजन को काफी लाभ मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर शिकायतों का निवारण करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। गुरुवार को अम्बाला में जिलास्तर पर आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम विश्वजीत ने आमजन की शिकायतें सुनी।

अम्बाला उपायुक्त कोर्ट में लगे समाधान शिविर में सीटीएम के समक्ष आई शिकायतों में से 13 शिकायतों का निवारण मौके पर ही कर दिया गया। कुछ शिकायतों को संबंधित विभाग के समक्ष जल्द से जल्द निवारण के लिए भेज दिया गया है। सीटीएम विश्वजीत ने कहा कि इन समाधान शिविरों का समय 9 से 11 बजे तक रखा गया है। इस दौरान अधिकारियों का एक ही ध्येय होना चाहिए कि जो समस्याएं लेकर नागरिक पहुंच रहे हैं उनका त्वरित समाधान निकले।

**निवारण**

▶▶ सीटीएम विश्वजीत ने अलग-अलग विभागों से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही किया निवारण

सभी अधिकारी शिकायतकताओं से मधुरता से बात करें व उनकी समस्या का निदान करने का प्रयास करें। इस मौके पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति, डीएसपी सुरेश कुमार, डीआरओ योगेश कुमार, डीईओ सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जन समस्याओं को लेकर टावर पर चढ़े ब्लॉक सीमित मेंबर के पति पर मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र के गांव मुकिमपुर में गांव में जनसमस्याओं को लेकर वार्ड नंबर-22 से ब्लॉक सीमित मेंबर के पति राजेश मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टावर से जिला प्रशासन से नाराजगी व गांव में जनसमस्याओं को समाधान न होने सहित अधिकारी की कार्यशैली से नाराज होना बताया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बार-बार नीचे उतरने की अपील की, आरोप है कि पुलिस को आत्महत्या की धमकी देने लगा। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसआई सुभाष ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि गांव मुकिमपुर में राजेश नाम का व्यक्ति मोबाइल टावर पर चढ़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। साथ में क्षेत्र के डीडीपीओ जितेंद्र भी पहुंचे। उन्होंने व पुलिस की तरफ से बार-बार राजेश को नीचे उतरने की अपील की। लेकिन राजेश बार-बार गांव में पानी निकासी को लेकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की धमकी देता रहा।

# परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को दूर करायें नागरिक: पार्षद सुरेंद्र मदान



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** परिवार पहचान पत्रों की त्रुटियों को लेकर नगर निगम की ओर से वार्ड -3 के नागरिकों के लिए सेक्टर 14 सामुदायिक केंद्र में 14 जून से 22 जून 2024 तक (नौ दिन के लिए) लगाए जाने वाले विशेष कैंप की आज विधिवत शुरूआत की गई। कैंप के दौरान निगम के आयुक्त विश्राम कुमार मीणा आईएएस तथा निगम के जेटीओ राजेंद्र चुघ ने मौके पर पहुंचकर कैंप का निरीक्षण किया। ऐसे अवसरों पर सदा की तरह लाभार्थियों की सहायता के लिए तत्परता का निर्वहन करते हुए आज उक्त कैंप में उपस्थित वार्ड तीन पार्षद एवं निगम की एफ एंड सी सी के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र मदान, जो भारतीय जनता पार्टी के एक सक्रिय पदाधिकारी भी हैं, ने कहा कि परिवार पहचान पत्रों में त्रुटियों को लेकर मिल रही शिकायतों के मद्देनजर निगम ने 9 दिनों के लिए इस विशेष कैंप की व्यवस्था की है। उन्होंने वार्ड तीन के नागरिकों से अपील की कि जिस किसी के भी परिवहन परिवार पहचान पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि है वे इस कैंप में आकर ठीक करवा लें। उन्होंने जोर देकर कहा की परिवार पहचान पत्र एक बहुत ही आवश्यक दस्तावेज है और इस दस्तावेज में कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए। सुरेंद्र मदान ने इस अवसर पर यह भी दोहराया कि सैक्टर 14 सामुदायिक केंद्र में पहले से ही नियमित रूप से नागरिक सुविधा केंद्र (सीएफसी) काम कर रहा है जिसमें वार्ड -3 के लोगों को आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी टैक्स, सीवर- पानी टैक्स, एनओसी, नक्शा, बीपीएल कार्ड, निवास प्रमाण पत्र आदि की सेवाएं मिलेंगी। यहां यह कहना तर्कसंगत होगा कि सुरेंद्र मदान, जो संयोग से सैक्टर 14 वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान भी हैं।

**पहचान पत्र**

▶▶ जिस किसी के भी परिवहन परिवार पहचान पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि है वे इस कैंप में आकर ठीक करवा लें

# विधायक पंवार ने ब्रह्मचारी की जीत पर लगवाई मीठे पानी की छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** सोनीपत लोकसभा से पंडित सतपाल ब्रह्मचारी को सांसद चुने जाने पर सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार ने शहर में दर्जनभर से अधिक स्थानों पर मीठे पानी की छबील लगवाई। इस दौरान विधायक सुरेंद्र पंवार ने स्वयं क्षेत्रवासियों के लिए पानी की सेवा की और सभी का धन्यवाद किया।



विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से पंडित सतपाल ब्रह्मचारी भारी बहुमत से विजयी हुए है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में हरियाणा में बीजेपी हाफ पर आ गई है। आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी शून्य पर आ जाएगी। आज बीजेपी सरकार से प्रत्येक वर्ग दुखी है। आमजन को अपने कार्य करवाने के लिए अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ते है, बावजूद समाधान नहीं होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सुशासन में ही प्रत्येक वर्ग का सम्मान होता था और प्रत्येक वर्ग खुश रहता था। हर वर्ग के लिए कांग्रेस सरकार कल्याणकारी योजनाएं लेकर आई थी, जिसके माध्यम से लाखों लोगों को भला सरकार ने किया था। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में देवतुल्य जनता ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रत्येक सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी को भरपूर आशीर्वाद मिलेगा। आज क्षेत्रवासी झूठे वादें करने वालों को पहचान चुके है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मॉडल टाऊन, सुभाष चौक, गीता भवन चौक, गुड़मंडी, गढी घसीटा, सब्जी मंडी, मुरथल रोड सहित अन्य स्थानों पर मीठे पानी की छबील लगाकर पानी की सेवा की।

**आभार**

▶▶ विधायक सुरेंद्र पंवार ने स्वयं क्षेत्रवासियों के लिए पानी की सेवा की और सभी का धन्यवाद किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए योग प्रोटोकॉल शिविर 15 जून तक

**जागरण यात्रा**

▶▶ संजय ने बताया की 14 से 18 जून के मध्य जिले के सभी गांव में योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा** योग आयोग व आयुष हानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जिले में जोर शोर से चल रही है। पानीपत आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर संजय राजपाल के निर्देशानुसार विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक ब्लॉक में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर नोडल अधिकारी की देखरेख में चलाया जा रहा है। योग शिविर में ब्लॉक स्तर के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पंच, सरपंच एवं इच्छुक जनमानस को योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के खंड मटलोदा में श्री राम गार्डन में भी योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण शिविर चल रहा है जिसका आज दूसरा दिन था।

प्रशिक्षण शिविर की नोडल अधिकारी डॉ रेखा चोपड़ा ने बताया कि यह शिविर तीन दिवसीय है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर संजय राजपाल ने बताया की 14 से 18 जून के मध्य जिले के सभी गांव में योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी।

## आईटीआई में जाने के लिए छात्र को कहा तो संदिग्ध हालत में हुआ लापता

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव चिटाना में छात्र को आईटीआई में जाने के लिए कहा तो वह संदिग्ध हालत में घर से चला गया। वापिस नहीं लौटा तो परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव चिटाना निवासी रमेश ने बताया कि उसका बेटा मोहित आईटीआई सोनीपत में पढ़ता है। वह चार दिन से आईटीआई में नहीं जा रहा था। उसे आईटीआई में जाने के लिए कहा, लेकिन वह आईटीआई में नहीं जा रहा था। उसने धमकाया तो वह बिना किसी से कुछ बताए घर से चला गया।

# रक्तदान करने वाला रक्तदाता मानवता का सही मायनों में सच्चा सेवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा शुक्रवार को हैबीटेट क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथ डिप्टी सीएमओ तरूण यादव ने किया। डिप्टी सीएमओ ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया।

डिप्टी सीएमओ तरूण यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान करना चाहिए। जिस प्रकार आक्सीजन शरीर के लिए आवश्यक है, इसी रूप में रक्त भी शरीर के लिए आवश्यक है। रक्तदान करने वाला रक्तदाता सही मायनों में मानवता का एक सच्चा सेवक होता है क्योंकि रक्तदान करने से किसी व्यक्ति को नया जीवन मिलता है। एक रक्तदाता 4 मरीजों की जिन्दगी बचा सकता है।




इस दौरान रैडक्रॉस सोसायटी से डीटीओ संजय कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि जिला रैडक्रास सोसायटी द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान करने से रक्तदाता कई प्रकार की बिमारियों से बच सकता है। रक्तदान करने के लिए तथा कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। उन्होंने बताया कि आज रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदाताओं ने 36 यूनिट रक्तदान किया, जिसमें 16 रक्तदाता ऐसे थे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं को प्राथमिकता चिकित्सा सहायता के बारे में भी जागरूक किया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को आगे भी रक्तदान करने की शपथ दिलाई गई।

रक्तदान शिविर के दौरान पूर्व रैडक्रॉस अधिकारी सरोज बाला ने बैज लगाकर रक्तदाताओ का हौसला बढाया व वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय राजेन्द्र मेहरा की याद में रक्तदाताओ व सिविल अस्पताल रक्त बैंक की टीम का जल पान आदि कराया। इस मौके पर सिविल अस्पताल से डॉ0 भानू शर्मा, ब्लड बैंक इन्चार्ज, भुवनेश, विकास व श्रीमती चन्द्र व रैड क्रास स्टाफ से डीटीओ राजबीर, टीआई प्रोजैक्ट मैनेजर सोमबीर, प्रेम, प्रमेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# सत्ता पक्ष के नेता धड़ल्ले से काट रहे हैं अवैध कॉलोनियां: स्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिला योजनाकार और नगर निगम की मिली भगत से सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं द्वारा धड़ले काटी जा रही है अवैध कॉलोनियां यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लगाते हुए कहा कि जहां एक तरफ हरियाणा सरकार अवैध कॉलोनी को किसी भी तरीके से विकसित न किए जाने की बात करती है वहीं दूसरी तरफ सत्ता से जुड़े कुछ नेता जिला योजनाकार और नगर निगम के अधिकारियों के साथ मिली भगत करके खुलेआम अवैध कॉलोनीया विकसित करके सरकार को करोड़ों रुपए की चपत लग रहे हैं।



उन्होंने कहा कि वार्ड 26 हरी नगर , नहर बाईपास ,कबड्डी रोड बबैल रोड , बरसत रोड ,उझा रोड, रिसालू रोड पर खुलेआम कॉलोनिया काटने और बड़े-बड़े गोदामों का निर्माण किया जा रहा है लेकिन इससे संबंधित अधिकारी आंख बंद करके बैठे हुए हैं उन्होंने हैरानी प्रकट करते हुए कहा कि अब तो अधिकारी भी खुले रूप से अवैध गोदाम का निर्माण करवाने में लगे हुए हैं और जिला योजनाकार आंख बंद करके बैठा है उन्होंने कहा कि जब जिला योजना कर को शिकायत की जाती है तो वह नगर निगम का क्षेत्र बात कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं और जब नगर निगम से बात की जाती है तो वैसे सीधा डीटीपी विभाग द्वारा कार्रवाई करने की बात कहते हैं इससे स्पष्ट होता है कि इन दोनों विभागों की मिली भगत से ही अवैध कॉलोनियां काटे जाने का कार्य हो रहा है।

**गंभीर आरोप**

▶▶ हम जिला योजनाकार विभाग के सामने प्रदर्शन करके इनकी मिली भगत की पोल खोलेंगे

उन्होंने कहा कि 12 जून को जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जो तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई थी उसमें खुले रूप से मिली भगत की बू आ रही थी जिन लोगों से उनकी साठ गांठ थी उन गोदाम को छोड़ दिया गया बाकी पर पीला पंजा चलाया गया उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय में कार्यरत कानूनगो द्वारा ड्यूटी टाइम में जहा नूरवाला कालीदास कॉलोनी में डीटीपी विभाग द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई हो रही थी वहां पर लगभग 700-800 गज में यह तहसील का अधिकारी अपना गोदाम बनवा रहा था लेकिन उस पर कोई कार्रवाई डीटीपी अधिकारी द्वारा नहीं की गई जिससे स्पष्ट होता है कि यह सब बड़े अधिकारियों की मिली भगत से खेल हो रहा है। शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जो अधिकारी सरकार से पैसा लेकर ईमानदारी पूर्वक अपनी नौकरी नहीं करते और वह अवैध गोदाम का निर्माण करवा रहे होते हैं ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए और तत्काल प्रभाव से निर्माण को ध्वज किया जाए अगर जिला प्रशासन एक सप्ताह में इस पर कार्रवाई नहीं करता तो हम जिला योजनाकार विभाग के सामने प्रदर्शन करके इनकी मिली भगत की पोल खोलेंगे।

# फोम फैक्टरी के गोदाम में लगी आग, दमकल विभाग ने पाया काबू

## फैक्टरी के गोदाम में रखा सामान जलकर हुआ राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सोनीपत-गोहाना** सड़क मार्ग पर गांव बड़वासनी के पास स्थित पीयू फोम फैक्टरी के गोदाम में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। गोदाम पर तैनात सिक्योरियटी गार्ड ने मामले को लेकर फैक्टरी मालिक को अवगत करवाया। उसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद दमकल विभाग की दो गाड़ियों मौके पर पहुंची। जहां गोदाम में लगी आग पर कड़ी मशक्त के बाद काबू पाया। आग लगने से गोदाम में रखा सामान जलकर राख हो गया। जिससे गोदाम मालिक को आर्थिक हानि हुई है।

**नुकसान**

▶▶ फैक्टरी मालिक ने आशंका जताई है कि शॉर्ट सर्किट के चलते गोदाम में आग लगी है

शहर के मॉडल टाउन निवासी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि गांव बड़वासनी में साउथ प्वाइंट लॉ कॉलेज के पीछे उनकी फैक्टरी है, जिसमें पीयू फोम बनाने का काम होता है। फैक्टरी में ही गोदाम है, जिसमें फोम व अन्य सामान था। बृहस्पतिवार को सुबह करीब करीब साढ़े 7 बजे फैक्टरी में तैनात गार्ड ने फोन कर बताया कि गोदाम में अचानक आग की लपटें उठने लगी है। स्थानीय प्रयासों से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग बढ़ती ही गई। मामले को लेकर दमकल केंद्र पर सूचना दी गई, जिसके बाद पहुंची दो दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। आग से गोदाम में रखा फोम व अन्य सामान जलकर राख हो गया। फैक्टरी मालिक ने आशंका जताई है कि शॉर्ट सर्किट के चलते गोदाम में आग लगी है। जिसके चलते उसे काफी आर्थिक हानि हुई है।

# मोदी कैबिनेट में मंत्री बनने के बाद समालखा पहुंचे मनोहर लाल का हुआ जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री** मनोहर लाल केन्द्र की मोदी सरकार में आवास, शहरी विकास एवं उर्जा मंत्री बनने के बाद शुक्रवार को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र करनाल के समालखा में पहुंचे। जीटी रोड स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय के बाहर जमा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री के रूप में पहुंचे मनोहर लाल पर फूलों की वर्षा करके गर्मजोशी से स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल अपनी गाड़ी से नीचे नहीं उतरे और गाड़ी के सनरूफ से बाहर निकल कर ही कार्यकर्ताओं को अपना संदेश दिया और पानीपत



की तरफ रवाना हो गए। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय आवास, शहरी विकास एवं उर्जा मंत्री मनोहर लाल ने जहां हरियाणा के पांच भाजपा सांसदों में से तीन को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने पर पीएम मोदी का आभार जताया वहीं लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा के अनूकूल न आने का कारण कांग्रेस के दुष्प्रचार को बताया। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान झूठ फैलाया कि भाजपा ने संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने के लिए 400 पार का नारा दिया है। बड़े दुःख की बात है कि विपक्ष के इस दुष्प्रचार का एक वर्ग विशेष पर व्यापक असर भी हुआ जिस कारण भाजपा देश में कई सीटों पर पिछड गई। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार सीटें लाने में भले ही विफल रही लेकिन हम तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सफल रहे यह बहुत बड़ी बात है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की स्पथ लेकर 1962 के जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है लेकिन अगले पांच साल के बाद नरेंद्र मोदी को चौथी बार देश का प्रधानमंत्री बनाकर इस रिकॅार्ड को भी तोड़ना है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में पीएम आवास योजना के तहत अंतौदय परिवारों के लिए 3 करोड़ आवास बनाने की घोषणा की है। जिसमें से हरियाणा का जो हिस्सा बनता है उससे ज्यादा ही लिया जायेगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने समालखा के भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जो बड़ी सिद्‌त से मेहनत करके जो पसीना बहाया है उसे तीन महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव तक सुखने नहीं देना है।

# 36 बिरादरी ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व को स्वीकाराः संदीप हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**रोहतक लोकसभा से** कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसद दीपेंद्र हुड्डा को जीत की शुभकामनायें देने के लिए किसान कांग्रेस के वाइस चेयरमैन संदीप हुड्डा के नेतृत्व में पूरी टीम ने जीत की बधाई दी। संदीप हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जो परिणाम आए उन परिणामों ने अहंकार को हराने का काम किया। ये जीत जनता की जीत है। जनता ने दिखा दिया कि जात पात एवं धर्म की बातें नहीं बल्कि युवाओं को रोजगार, किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य आम जन को महंगाई से राहत चाहिए। भाजपा ने दस साल से केंद्र में सत्ता में रहने के दौरान महंगाई को बढ़ाने के साथ-साथ बेरोजगारी को बढ़ाने का काम किया। देशभक्ति युवाओं के अंदर कूट-कूट कर भरी है लेकिन जो अग्निवीर योजना लेकर



भाजपा आई उससे युवाओं का फौज की भर्ती से मोह भंग हो गया। उन्होंने कहा कि 56 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को जीत लोकसभा चुनाव में मिली है तो काफी जगहों पर मुकाबले काफी कम अंतर से कांग्रेस हारी है। इन चुनाव के परिणाम ने साफ कर दिया है प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी। कांग्रेस प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी।

संदीप हुड्डा ने कहा भूपेंद्र सिंह हुड्डा तीसरी बार प्रदेश के सीएम बनेंगे। इस चुनाव मे जनता ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दस वर्ष के जनहितैषी कार्यकाल को वर्तमान सरकार की किसान, जवान व पहलवान विरोधी नीतियों के ऊपर तरजीह देते हुए कांग्रेस के प्रत्यासियों को जनसमर्थन दिया।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस का मुख्य उद्देश्य नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़नाः भोरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : पुलिस अधीक्षक** सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस की टीम सुबह और शाम युवाओं को



खेल गतिविधियों से जोड़कर उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दे रही हैं। पुलिस प्रशासन के इस अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं तथा जिला के अनेक युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य अभियान के माध्यम से नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का है।

### नगरपालिका ने सीवर से अतिक्रमण हटवाने के लिए 188 लोगो को दिया नोटिस

**गन्नौर। निगम आयुक्त विश्राम** कुमार मीणा के दौरे के बाद नगरपालिका के अधिकारी अब हरकत में आ गए हैं। नगरपालिका ने रेलवे रोड पर नालों पर अतिक्रमण करने वाले 188 लोगों को नोटिस थमा दिए हैं। नोटिस में लोगों को नालों से अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए हैं, यदि अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो नगरपालिका खुद उन्हें तुड़वा देगी। शहर के रेलवे रोड पर कुछ दुकानदारों ने नालों पर पक्के स्लैब डाल कर उन पर अतिक्रमण कर रखा है। जिस कारण स्लैब न हटने से कई वर्षों से अच्छे तरीके से नालों की सफाई नही हो पा रही। नालों की सफाई न होने की वजह से जगह-जगह नाले अवरुद्ध हो जाते हैं और शहर में दूषित पानी जमा हो जाता है। बार-बार आ रही इस समस्या के कारण गत बुधवार को निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नगरपालिका व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि नालों के स्लैब तोड़कर ठीक ढंग से उन्हें साफ नही करवाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। निगम आयुक्त के आदेश के बाद नगरपालिका अब तक 188 लोगों को नोटिस जारी कर चुकी है।

**नोटिस में कब्जाधारियों को शनिवार तक दिया समय**

नगर पालिका सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि शहर के देवी लाल चौक से लेकर जीटी रोड तक कई जगह नाले जाम हैं। नालों पर कई जगहों पर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। जिस वजह से नाले जाम हो गए हैं और नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर जमा हो रहा है। जिन लोगो ने नालों पर अतिक्रमण किया है उन लोगो को नोटिस जारी कर शनिवार तक अतिक्रमण हटाने का समय दिया है। अगर दुकानदार खुद अतिक्रमण नही हटाता तो ऐसे लोगो के खिलाफ विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी और नगरपालिका अतिक्रमण हटा कर नालों की सफाई कराएगी।

### कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर त्यागी ने पहुंचने का किया आह्वान

**गन्नौर। कांग्रेस नेता** सुरेश त्यागी ने मुरथल रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में 21 जून को होने वाले सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। त्यागी ने बताया कि सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष हरियाणा भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान बतौर मुख्य अतिथि



शिरकत करेंगे। त्यागी ने गन्नौर हलके के कार्यकताओं से सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है।

# आम जनता को घंटों तहसील परिसर में धक्के खिलाए जाते हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**एक ओर तो जहां सरकार** भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के लिए वचनबंद है। प्रतिदिन समाधान शिविर लगाकर आम जनता के बीच अपना विश्वास बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है वहीं कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों के कारण आम जनता व सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए मनमानी की जा रही है। जहां सरकार रेवेन्यू डिपार्टमेंट को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए दिन प्रतिदिन नए-नए पोर्टल व कानून बनाकर आम जनता को राहत देने की कोशिश कर रही है वही दूसरी ओर तहसील में कुछ कर्मचारियों की मिली भगत के कारण आम जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है।





आम जनता को घण्टो तहसील परिसर में धक्के खिलाए जाते हैं उनको चिलचिलाती भीषण गर्मी में बाहर खड़ा रहना पड़ता है। बावजूद इसके बाहरी व्यक्ति तहसील परिसर में पैसे व पहुंच कर बल पर धड़ल्ले से काम कर रहे हैं। प्रशासन आंख मूंद कर बैठा हुआ है। प्रशासन के नाक के नीचे तहसील परिसर में बाहरी व्यक्ति रजिस्ट्री कार्यालय में बैठकर मनचाहा काम करवा रहे हैं। बार-बार उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बावजूद इन बाहरी व्यक्तियों व रजिस्ट्री कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों पर किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं होती जिस कारण इनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। तहसील में कामकाज पर हमेशा सवाल खड़े होते हैं। सरकार इन हालातों को सुधारने के लिए प्रयासरत है लेकिन कर्मचारियों की मिलीभगत से इन प्रयासों पर पानी फिर रहा है। लघु सचिवालय स्थित तहसील में आम आदमी काम को लेकर खिड़की पर लाइन में होता है, वहीं प्रभावशाली व प्रापर्टी डीलर अंदर मेज व कुर्सियों पर बैठकर काम कराते हैं। गुरुवार को दोपहर के समय कुछ ऐसे ही हालात थे। जहाँ आमजन तो बाहर बैठे थे वही अपने काम से कुछ मिनट के लिए कुर्सी छोड़ कर्मचारी कहीं जाना पड़ता है। बाहरी व्यक्ति उसी का फायदा उठाकर तहसील परिसर अंदर घुस जाते हैं।

# बाबा शुबेग सिंह संगत के सहयोग से कर रहे हैं गुरु घर की सेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :हरियाणा सिख** गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि बाबा शुबेग सिंह कार सेवा



वाले संगत के सहयोग से गुरु घरों की सेवा बाखूबी कर रहे हैं। धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में सुंदर एवं भव्य श्री दरबार साहिब बनाने की सेवा भी बाबा शुबेग सिंह ने की है। इसके साथ ही वे अलग-अलग गुरुद्वारा साहिबान की सेवा भी कर रहे है। अजराना शुक्रवार को गुरुद्वारा बैकुंठ धाम के तीसरे भवन के लैंटर की कार सेवा किए जाने के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा शुबेग सिंह काफी लंबे समय से गुरु घरों की सेवा कर रहे हैं। संगत का पूर्ण रूप से सहयोग उन्हें मिलता है। उन्होंने संगत से आह्वान किया कि गुरु घरों की सेवा कर रहे संत-महापुरुषों का सदैव सहयोग करना चाहिए। अपनी नेक कमाई का दसवां हिस्सा गुरु घर की सेवा के लिए निकालना सिख का कर्तव्य है।

# त्रुटियां दूर की जाये ताकि प्रापर्टी धारक राहत महसूस कर सकेंः जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़ः मुख्यमंत्री के पूर्व** मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा को अलग-अलग पत्र भेजकर प्रापर्टी आई0डी0 में आ रही त्रुटियों को ठीक करने के लिए सुझाव देते हुए लिखा है कि प्रापर्टी आई0डी0 को रजिस्ट्री वाले एन0डी0सी0 पोर्टल से कुछ समय के लिए हटाकर पहले त्रुटियां दूर की जाये ताकि प्रापर्टी धारक राहत महसूस कर सकें। राजीव जैन ने लिखा है कि सर्वे करने वाली एजेंसी ने अड़ोसी-पड़ोसी से पूछकर प्रापर्टी मालिक का नाम आई0डी0 में दिखा दिया, असली मालिक नो



डयूज सर्टिफिकेट लेने जाता है तो किसी और का नाम देखकर उसे झटका लगता है। इसलिए ये एन0डी0सी0 पोर्टल से हटते ही समस्या का समाधान हो जायेगा। इसके अलावा जो कॉलोनी वक्फ, कस्टोडियन या निगम की जमीन पर बनी है।

# आर्य महाविद्यालय में किया गया कैम्पस ड्राईव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**
**आर्य महाविद्यालय** पानीपत की करियर गाईडेंस एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा आज कैम्पस ड्राईव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैंपस ड्राइव में 20 बैंकिंग, आईटी व मार्केटिंग की कम्पनियों ने भाग लिया। प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने के-सैवन साल्यूशन से पहुँचे अरुण शर्मा व विभिन्न कम्पनियों के एचआर अधिकारियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने इस कैंपस ड्राईव के सफल आयोजन के लिए करियर गाईडेंस एवं प्लेसमेंट सैल की इंचार्ज प्रो. आस्था गुप्ता, समन्वयक डा. रजनी शर्मा व समन्वयक प्रो. पंकज





चौधरी को बधाई दी। इस ड्राईव का शुभारंभ अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर किया गया। सबसे पहले एच आर अधिकारियों को महाविद्यालय व यहाँ की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात करियर गाइडेंस व प्लेसमेंट सेल के बारे में व इसके द्वारा पूरे वर्ष कराई गई गतिविधियो को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया। के-सैवन साल्यूशन के संचालक अरुण शर्मा ने प्री प्लेसमेंट टॉक की और कम्पनियों के एक आप्रेशन व डोमेन के बारे में बताया। डॉ जगदीश गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय मे विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल समय-समय पर उनके करियर के बारे मे जागरूक करती है। यह प्रकोष्ठ विद्यार्थियों और कॉलेज के बीच मे एक कड़ी का काम करता है। इस ड्राइव के लिए 178 विद्यार्थियों ने अनलाइन व ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया। उसके बाद कम्पनियों के एचआर अधिकारियों द्वारा अलग-2 कमरों में बैठाकर सभी विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए गए। करियर गाईडेंस व प्लेसमेंट सेल टीम ने बताया कि कॉलेज में इस तरह की ड्राइव का आयोजन हर वर्ष किया जाता है।

उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट सैल एक विद्यार्थी के करियर को निखारने में धुरी का काम करती है। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने व उनके करियर को एक नई दिशा देने के लिए इस तरह की वर्कशाप का आयोजन हर साल किया जाता है।

# एटीएम बूथ से बैटरी चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**नूरवाला अड्डा पर एटीएम** बूथ से यूपीएस की बैटरी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को थाना तहसील कैंप पुलिस की टीम वीरवार को झज्जर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपियों की पहचान गौरव, दलीप व मनीष निवासी गोपाल नगर दिल्ली के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में महेश बजाज पुत्र पवन निवासी दुष्यंत नगर तहसील कैंप की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। थाना तहसील कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि



तीनों आरोपियों को बीती 9 मई को झज्जर पुलिस ने चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों से चोरी व स्नेचिंग की 24 वारदातों का खुलासा हुआ हुआ था। आरोपियों ने पानीपत में एटीएम बूथ से यूपीएस की बैटरी व डीवीआर चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे भी स्वीकारा था। झज्जर पुलिस ने पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया था। इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि सूचना मिलने पर थाना तहसील कैंप पुलिस की टीम वीरवार को तीनों आरोपियों को झज्जर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। पूछताछ करने व चोरीशुदा सामान बरामद करने के लिए पुलिस ने तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

रिमांड के दौरान पूछताछ में तीनों आरोपियों ने पुलिस को बताया उन्होंने एटीएम बूथ से चोरी की बैटरी राह चलते अज्ञात युवक को 12 हजार रुपए में बेचकर ज्यादातर पैसे खाने पीने में खर्च कर दिए।

# दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के कंबोपुरा** गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय प्रिंस के रूप में हुई। चार साल पहले ही युवक की शादी कांबोपुरा गांव में हुई थी। वह अपने ससुराल में ही घर जमाई बनकर रहा था। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इंद्री के शेखपुरा गांव निवासी मृतक 27 वर्षीय प्रिंस के दोस्त राजेश ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। कल शाम को प्रिंस अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद घर लौटे था। उसके बाद वह किसी से मिलने के लिए बाइक पर सवार होकर करनाल की तरफ जा रहा था। नेशनल हाईवे पर पेट्रोल पंप के सामने जब प्रिंस पहुंचा तो सामने से आ रहे अन्य बाइक चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मारी। जिससे सिर के बल वह सडक पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया। सडक पर घायल पड़े प्रिंस को राहगीरों ने अस्पताल पहुंचा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

# टोल प्लाजा पर हुआ केन्द्रीय मंत्री मनोहर का ऐतिहासिक स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**शुक्रवार को गाँव सिवाह** और पानीपत टोल प्लाजा पर भारत के ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल का भव्य स्वागत किया गया ` पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ओर से गाँव सिवाह में हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया ` इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पूर्व सांसद संजय भाटिया, हरियाणा के विकास एवं पंचायत और सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा, आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य और गांव सिवाह की महिला सरपंच सुनीता कादियान तथा पांच गांवों के सरपंचों और गणमान्य व्यक्तियों ने



केंद्रीय केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का स्वागत कियो इसके बाद पानीपत शहरी और इसराना विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं ने भी अपने प्रिय नेता एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया` यहाँ पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, रफाकत हसन सरपंच ,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष महावीर दहिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, पूर्व सांसद संजय भाटिया, भाजपा वरिष्ठ नेता गजेन्द्र सलूजा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे गाँव सिवाह में बड़ी संख्या में जनता की मौजूदगी देख गदगद हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने गत साढ़े नौ वर्षों तक बिना किसी भेदभाव के अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए पूरी ईमानदारी और सुशासन के सिद्धांत पर हरियाणा के लोगों की सेवा की है जनता को फाइलें उठाकर सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए ऑनलाइन सिस्टम सरल हरियाणा के माध्यम से सभी सरकारी योजनाओं को ऑनलाइन किया जिसके तहत योजनाओं का लाभ सीधे जनता के खाते में आने लगो लोकसभा चुनाव में पानीपत और करनाल जिला से मिली रिकॉर्ड जीत के बाद उन्हें केंद्र में ऊर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है अब वह केंद्र में रहकर देश के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के लोगों की भी पूरे दिल से सेवा करेंगे उन्होंने कहा कि गत लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने लोगों के बीच झूठ फैलाकर जनता को भ्रमित किया कि भाजपा की अगली सरकार संविधान और आरक्षण को समाप्त कर देगी लेकिन कोई भी पार्टी देश के संविधान को खत्म नहीं कर सकती संविधान भारत की आत्मा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ ग्रहण करते समय संविधान को अपने मस्तक पर लगाकर नमन कियो उन्होंने कहा कि गत लोकसभा चुनाव में पार्टी को सफलता के साथ-साथ सबक भी मिला और आगामी चुनाव को जीतने के लिए चुनौतियाँ स्वीकार करने का अवसर भी मिला है। उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता से भारत की वैश्विक मंच पर स्थिति बहुत ही मजबूत हो गई है।

# कुवि के एलुमनी शैक्षणिक संस्थान की अमूल्य धरोहरः प्रो. सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि एलुमनी शैक्षणिक संस्थान की अमूल्य धरोहर होते हैं जो संस्थान के चहुंमुखी विकास में निरन्तर योगदान करते हैं। वे शुक्रवार को केयू एलुमनी व शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रो. सुषमा शर्मा द्वारा केयू एलुमनी एसोसिएशन को दी गई 3 लाख रुपए की अनुदान राशि पर उनका आभार व्यक्त करते हुए बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि सेवानिवृत्त प्रो. सुषमा शर्मा समाज कल्याण के



कार्यो में हमेशा से ही अग्रणी रही है। उनके द्वारा केयू एलुमनी फंड में दी गई अनुदान राशि से शिक्षा विभाग के स्पेशल एजुकेशन प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए केशोराज वार्षिक छात्रवृत्ति शुरू की जाएगी जिससे वे लाभान्वित होंगे। प्रो. सुषमा शर्मा ने कहा कि उनके माता-पिता भी सामाजिक एवं मानवता के कल्याण में राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करते रहे। उन्हीं की प्रेरणा से उद्यन केयर संस्था के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने वाली जरूरतमंदों छात्राओं की मदद कर रही हैं।

# नरेलाः सड़क पर गड्ढे बने परेशानी का सबब

**टीम एक्शन इंडिया**

बाहरी दिल्ली के नरेला में रामलीला ग्राउंड के साथ वाली सड़क की हालत ऐसी बन चुकी है कि सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी। कारण गड्ढे में सड़क है या फिर, सड़क में गड्ढे यह पता नहीं चलेगा। हादसा होने की संभावना तब और बढ़ जाती है जब गड्ढो में बारिश का पानी भर जाता है। ऐसे में वाहन चालकों को गड्ढो का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है और वह अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। खत्री सर्विस स्टेशन वाली रोड़ के नाम से प्रचलित यह सड़क राहगीरों, वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबक बनकर आए दिन दुर्घटना





को आमंत्रित कर रही है। सड़क की स्थिति से स्थानीय लोग खासे नाराज हैं। लोगों का कहना कि कई बार जनप्रतिनिधियों संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद भी सड़क नहीं सुधर पाई है। स्थानीय निवासी सुरेश खत्री ने बताया कि वर्षों पहले बनी यह सड़क देख-रेख के अभाव एवं गुणवत्ता में कमी के चलते सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। वर्तमान में सड़क की हालत यह है कि कई जगह पर सड़क है या गड्ढे इसका पता ही नहीं चलता। दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में इन गड्ढो में फंसकर आए दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस सड़क से विकास का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि भी गुजरते हैं। पर वे भी पद में आने के बाद अपने वादे भूल जाते हैं। इससे स्थानीय लोगों में खास रोष है। सड़क सुधारने को लेकर बार-बार शिकायतों के बाद भी सड़क नहीं सुधर पाई है। शायद प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द सड़क को दोबारा बनाया जाए।

# कांग्रेस आज मटका फोड़ प्रदर्शन का करेंगी आयोजनः खेमचंद सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के कांग्रेस नेता खेमचंद सैनी ने कहा कि बुराडी विधानसभा के सन्त नगर, बुराडी, तोमर कालोनी, बाबा कालोनी, नत्थुपुरा, नंगली पूना, कुशक नम्बर-1, कुशक नम्बर-2, इब्राहिमपुर के अलावा उसके आस-पास में पीने के पानी की किल्लत है। उन्होंने कहा कि कई-कई दिन पीने का पानी नहीं आता है और यहां के लोग बोतल का पानी खरीदकर पी रहे हैं, जो लोग पानी खरीद नहीं सकते वो लोग हैंडपंप का पानी पीकर भयंकर बीमारियों को न्योता दे रहे हैं।

बुराडी विधानसभा में पीने के पानी की कमी के चलते लोग गन्दा पानी पीने को मजबूर हैं क्योंकि अगर कभी पानी आता भी है तो वह गन्दा व बदबूदार लाल-पीला पानी आता



है । उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के आह्वान पर दिल्ली में सभी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षो के नेतृत्व में मटका फोड़ प्रदर्शन किए जा रहे हैं जिसमें आज 15 जून को सुबह 9 बजे नत्थू पूरा मोड़ प्रेमनगर के पास बुराडी कांग्रेस व कादीपुर वार्ड कांग्रेस के द्वारा मटका फोड़ प्रदर्शन करके दिल्ली जल बोर्ड के खिलाफ रोष व्यक्त किया जायेगा।

# वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद चित्रा विद्यार्थी ने किया पौधारोपण





**टीम एक्शन इंडिया**

वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने अनुग्रह एनजीओ के साथ मिलकर आज पार्क में पौधारोपण किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि आज सभी ने मिलकर पौधारोपण किया है, मैं सभी का धन्यवाद करती हूं और साथ ही अनुग्रह संस्था का भी विशेष रूप से आभार प्रकट करती हूं। उन्होंने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए, जिससे की आपके आस-पास अधिक से पौधे लग सके। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये।

निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि पेड-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें छाया, फूल और फल देते है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां प्राप्त होती है। इसलिए सभी आज संकल्प ले की अधिक से अधिक पौधे लगायेगें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करेगें।

इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# सब्जियों के दामों में इजाफा होने से लोगों का घरेलू बजट बिगड़ाः बदरूदीन खान

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता बदरूदीन ने कहा कि सरकार महंगाई कम करने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है। जिसकी वजह से लोगों का बजट बिगड़ रहा है और लोग को परेशान होना पड़ रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि आज सब्जियों के दाम भी आसमान को छू रहे है। जिसके चलते गरीबों को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार को महंगाई कम करने की ओर ध्यान देना चाहिए। ताकि दिल्ली व देश की जनता को महंगाई से परेशान न होना पड़े। एक अन्य




सवाल के जवाब में बदरूदीन खाने कहा कि दिल्ली की कई कॉलोनियों में एक टाईम पानी आ रहा है और वह भी गंदा पानी आ रहा है, जिस कारण से लोगो को पीने का पानी बाजार से खरीद कर पीना पड़ रहा है। श्री खान ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार जन-जन तक पानी पहुंचाये जिससे की जनता को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े।

साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता एक्टिव होकर कार्य करें और कांग्रेस के कार्य व नीतियां जन-जन तक पहुंचाये। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

# नालों की सफाई न होने से जाम पड़े है नालेः शर्मा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राजधानी दिल्ली में कई ऐसे नाले है, जिनकी सफाई न होने की वजह से नालियां भी जाम हो जाती है और नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच जाता है। इसलिए सरकार को समय से नालों की सफाई करवानी चाहिए। जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा नालों की सफाई का दावा प्रत्येक वर्ष किया जाता है, मगर सच्चाई इसके विपरीत होती है। शालीमार बाग वार्ड नम्बर-56 में स्वीमिंग पुल के सामने खुला नाला जो गंदगी से भरा हुआ है। सत्यपाल शर्मा ने आगे बताया कि इस नाले की सफाई पिछले कई महिनों से नहीं हुई है। निगम अधिकारियों का कहना है कि यह पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र में आता है। आस-पास के क्षेत्रों में गंदगी होने की वजह से लोगों का निकलना दूभर हो गया है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है कि इस समस्या का समाधान प्रशासन जल्द से जल्द करें, ताकि स्वीमिंग पुल के पास के नालों और क्षेत्र के नालों की सफाई हो सके।

# बरवाला गांव में पेयजल संकट से लोग हलकान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः बवाना विधानसभा** क्षेत्र के गांव बरवाला में इन दिनों पेयजल संकट गहराया हुआ है। मेन रोड़ पर केडी मॉडल स्कूल, स्वामी इलैक्ट्रिक शॉप वाली गली और होम्येपैथिक डिस्पेंसरी तक की सभी गलियों, पीएनबी बैंक बनियों वाली गली और वाल्मीकि और कबीर पंथी जुलाहा बस्ती में पिछले 25 दिनों सुल्तानपुर डबास से आने वाले पानी का प्रेशर लो है। थोड़ा बहुत पानी आता है तो वह बदबूदार और गंदा आता है। लाईनमैन और वाले मैन इन सभी गलियों में एक साथ पानी खोल देता है जिसके कारण इन गलियों के दूसरे छोर पर बने घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उक्त बातें समाजसेवी दयानन्द वत्स ने कही। सुल्तानपुर



डबास में दिल्ली जल बोर्ड का रिजर्व वायर बना है उसमें बवाना प्लांट का पानी आता है। पूठखुर्द और सुल्तानपुर डबास गांव में प्लांट का साफ पानी सप्लाई होता है लेकिन बरवाला और पूठखुर्द स्कूल में पुरानी नहर के साथ बने ट्यूबवैलों का रेतीला पानी मिल रहा है। इस लाईन में लीकेज से घरों में गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है वह भी लो प्रेशर से। इस जल संकट से निजात पाने के लिए स्थानीय विधायक जयभगवान उपकार ने दिल्ली जल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ गांव में मीटिंग रखी थी। जिसमें यह तय हुआ था कि बरवाला गांव को भी सुल्तानपुर डबास रिजर्व वायर से बवाना प्लांट का साफ पानी दिया जाएगा। लेकिन कुछ दिन साफ पानी देने के बाद फिर से ट्यूबवैलों का पानी दिया जा रहा है। जिसमें गंदा पानी आता है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों से अपील है कि वह शीघ्र इस समस्या का समाधान करें और बवाना प्लांट का साफ पानी ही बरवाला को दिया जाए।




जिला केशवपुरम भाजपा की संगठनात्मक बैठक के दौरान जिला केशवपुरम भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, पंडित गोविन्द शर्मा व अन्य।

# अमरनाथ के लिए खाद्य सामाग्री से भरा ट्रकों का जत्था हुआ रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः श्री अमरनाथ** जी में होने वाले 26वें विशाल भंडारे को लेकर करोल बाग फैज रोड़ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से त्रिनेत्र सेवक समिति की ओर से खाद्य सामग्री और सेवादार का जत्था रवाना किया गया। जत्थे को रवाना करने से पहले बाबा बर्फानी और हर हर महादेव के का जयघोष के साथ ही पूजन-अर्चना की गई। इस अवसर पर समिति के प्रधान अनिल सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर गाजे बाजे के साथ खाद्य सामाग्री से भरे ट्रक को रवाना किया गया। त्रिनेत्र सेवक समिति की ओर से अमरनाथ की यात्रा के दौरान आने-जाने वाले शिव भक्तों के लिए 26वां विशाल भंडारे का





आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए करोल बाग फैज रोड़ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से राशन सामग्री से भरे ट्रकों का पहला जत्था रवाना हुआ। समिति दल के प्रधान अनिल सिंघल, महामंत्री अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन बंसल, वरिष्ठ उप प्रधान हरीश नागपाल ने बताया की शिव बाबा की अपार कृपा से और आर्शिवाद से बालटाल के रास्ते पर 26वां विशाल लंगर लगाया जा रहा है। लंगर के लिए राशन और अन्य समान लेकर पहला जत्था रवाना किया गया है। वहीं समिति के कोषाध्यक्ष पवन बंसल ने बताया कि हमारी समिति पिछले 25 सालों से निरंतर बाबा की सेवा में अमरनाथ जी में विशाल भंडारे का आयोजन करवाते आ रहे है, जहां पर रोजाना लगभग दो हजार से लेकर तीन हजार लोगों को भोजन परोसा जा रहा है और इस बार 26वां विशाल भंडारे का अयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए आज खाद्य-सामाग्री व राशन से भरे दो ट्रकों को हरी झंडी दिखाई गई है।

# आम आदमी पार्टी ने विधायकों के साथ बैठकों का दौर किया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर शुक्रवार से दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने विधायकों के साथ बैठकों के क्रम की शुरूआत कर दी है।

शुक्रवार को हुई बैठक में विधायकों से उनके क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में विधायकों द्वारा बताए गए ज्यादातर मुद्दे पानी, सीवर सफाई, गलियों और सड़कों को नए सिरे से बनाने, मानसून से जुड़ी तैयारियाँ सहित उनके क्षेत्र में लोगों की सुविधाओं से जुड़ी विकासात्मक कार्यों से जुड़े थे। इस मौके पर विधायकों को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि, पिछले दो महीने से अधिक समय से चुनाव के कारण आचार संहिता लगने के कारण नए विकासात्मक कार्यों को मंजूरी नहीं दी जा सकती थी। लेकिन अब आचार संहिता के हटने के बाद शहर में जो भी विकासात्मक कार्य थे वो दोगुनी रफ़्तार से शुरू हो जाएंगे। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भी कहा कि, अपने विधानसभाओं में विकास कार्यों के लिए विधायकों ने जो भी मांग की है, उसपर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा और सभी संबंधित विभागों को इन कार्यों को तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए जाएंगे।

# अग्निकांड से प्रभावित व्यापारियों से मिले पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः चाँदनी चौक** के कटरा मारवाड़ी इलाके में कल शाम कई दुकानों में भीषण आग लगने की घटना के बाद कांग्रेस के पूर्व सांसद एवं दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल और दिल्ली कांग्रेस उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इसके साथ ही अग्निकांड से प्रभावित व्यापारियों एवं स्थानीय निवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

**दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार निकाले स्थाई हलः** अग्रवाल ने कहा कि चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र में आये दिन आग






लगने की घटनाएं होती रहती है परन्तु अब तक न तो केंद्र सरकार ने और न ही दिल्ली सरकार ने इस समस्या का समाधान खोजने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यहां आग लगना बहुत गंभीर विषय इसलिए भी हो जाता है क्योंकि छोटी गलियां होने के कारण यहां पर फायर ब्रिगेड का आना अपने आप में एक चुनौती है।

**पीड़ितों को मुआवजा दें सरकारः** अग्रवाल ने अग्निकांड पीड़ितों को हर संभव सहायता और मुआवजा देने की मांग केंद्र एवं दिल्ली सरकार से की।

वहीं मुदित अग्रवाल ने सीधे-सीधे आम आदमी पार्टी से चांदनी चौक के विधायक एवं स्थानीय भाजपा सांसद पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुरानी दिल्ली में आग लगने की यह समस्या कोई नई नहीं है हर बार केवल ब्यानबाजी कर स्थानीय सांसद और विधायक अपनी जवाबदेही से बच निकलते है साथ ही केंद्र की भाजपा और दिल्ली दोनों सरकारें आग की समस्या का समाधान करने में विफल साबित हुई हैं।

**बिजली की नंगी तारों से होती रहती है आगजनीः** चांदनी चौक विधानसभा में बिजली के खुले तारों के कारण आये दिन यहां आग लगती रहती है पर दोनों सरकारें मूक बनी बैठी है। मारवाड़ी कटरा इलाके में लगी आग इतनी भीषण थी कि दमकल की 40 गाड़ियों की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

आग के कारण बिल्डिंग और दुकानों का मलबा गिरने की वजह से दमकल की गाड़ियों को मौके पर पहुँचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# बाल व्यक्तित्व शिविर का हुआ समापन

## खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, - बच्चों को सिखाई गई योग की बारीकियां

शिविर

"चलो भरें नई उड़ान" विषय पर आयोजित शिविर में बच्चों को योग की बारीकियां समझाई गई।





**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
ब्रह्माकुमारीज के भोराकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में तीन दिवसीय बाल व्यक्तित्व शिविर का समापन हुआ। "चलो भरें नई उड़ान" विषय पर आयोजित शिविर में बच्चों को योग की बारीकियां समझाई गई। बच्चों ने शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर आयोजित अनेक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। बच्चों खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा की अमिट छाप छोड़ी। आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर विशेषज्ञों द्वारा अनेक विषयों की गहरी जानकारी दी गई। ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य बच्चों को मूल्यों के प्रति सजग कर उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। बच्चों में अभी से आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का समावेश उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष गर्मियों की छुट्टी के अवसर पर बच्चों के लिए शिविर आयोजित किए जाते हैं। शिविर के माध्यम से अनेक बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण हुआ है। जो आज हर प्रकार की बुराइयों से दूर समाज में एक प्रतिष्ठित जीवन जी रहे हैं।
फरीदकोट, पंजाब से राजयोगिनी प्रेम बहन ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी यही कहते हैं कि बच्चे तो भगवान का रूप होते हैं। इसका प्रमुख कारण बच्चों के अंदर की निश्छलता एवं पवित्रता है। उन्होंने कहा कि राजयोग के अभ्यास से ही इन गुणों को बनाए रख सकते हैं। शिविर के अंतिम सत्र में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर राज्यपाल ने डॉ. अशोक वर्मा को किया सम्मानित

रक्तदान

खाकी में 168 बार रक्तदान और 81 बार प्लेटलेट्स दे चुके हैं डॉ. अशोक कुमार वर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** आज विश्व रक्तदाता दिवस पर हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बण्डारू दत्तारेय ने पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। यह कार्यक्रम अंबाला के सनातन धर्म महाविद्यालय में आयोजित हुआ था। रक्तदान के प्रति लग्न और धुन किसी किसी में होती है और वह भी ऐसी की स्वयं पूरा जीवन ही रक्तदान को समर्पित कर दिया हो। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त हैं। अपने कर्तव्यों के साथ साथ वे समाज के प्रति अपने दायित्व को कदापि नहीं भूलते हैं।
राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक शतकवीर विजेता, पर्यावरण प्रहरी के नाम से प्रसिद्द पुलिस विभाग के सर्वोच्च रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा वर्ष 1990 से नियमित रक्तदान कर रहे हैं और अब तक स्वयं 168 बार रक्तदान और 81 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा न केवल स्वयं रक्तदान करते हैं अपितु वे रक्तदान शिविर भी आयोजित करते हैं। उन्होंने अपने सैनिक नायक पिता श्री कली राम खिप्पल की पुण्यतिथि पर 26 नवंबर 2010 को प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया था जो आज यह 498 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आंकड़ा पूरा कर गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्तदान से बढकर कोई दान नहीं, हर इंसान इसका महत्व समझे : सुरेंद्र जांगड़ा



**हिसारः**
किसी दुर्घटनाग्रस्त इंसान या गंभीर बीमारी से पीड़ित मनुष्य को रक्तदान करके उसकी जान बचाना सबसे बड़ा दान है। इसलिए हर इंसान को रक्तदान का महत्व समझना चाहिए। यह आह्वान समाजसेवी व सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने विश्व रक्तदाता दिवस पर किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य ने बहुत तरक्की कर ली है लेकिन लैब में रक्त नहीं बनाया जा सकता। इसलिए किसी जरूरतमंद को यदि रक्त की जरूरत हो तो हर स्वस्थ इंसान को रक्तदान के लिए तत्पर रहना चाहिए।
सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि रक्तदान के प्रति प्रेरित करने एवं लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष विश्वभर में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। देखा जाए तो रक्त प्रकृति का अनूठा उपहार है जिसे जरूरत पड़ने पर एक इंसान दूसरे को दे सकता है। गंभीर दुर्घटनाग्रस्त, जटिल चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, प्रसव के दौरान गंभीर रक्तस्राव, थैलेसीमिया के रोगी एवं बहुत सी अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों को तुरंत खून की जरूरत होती है। इस सुविधा के लिए बहुत सी संस्थाएं भी निरंतर सक्रिय रहती हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग रक्तदाताओं के समूह बनाकर रखते हैं ताकि जरूरत अनुसार तुरंत रक्तदाता उपलब्ध हो सके।
जांगड़ा ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस पर हर इंसान को संकल्प लेना चाहिए कि वह जरूरत पड़ने पर रक्तदान के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर बहुत से लोगों में भ्रांतियां भी व्याप्त हैं लेकिन चिकित्सा विज्ञान के अनुसार स्वस्थ इंसान द्वारा निश्चित समय अंतराल पर किया गया रक्तदान स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसलिए युवा पीढ़ी को रक्तदान के प्रति अपनी जानकारी बढ़ाते हुए इस दिशा में प्रभावी कदम उठाना चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने गीता ज्ञान संस्थानम में पहुंचकर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की लिया आशीर्वाद



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह शुक्रवार को कुरुक्षेत्र स्थित सीएम कैंप कार्यालय व गीता ज्ञान संस्थानम में पहुंचे। यहां पहुंचने पर उन्होंने कार्यकताओं से शिष्टाचार भेंट की। गीता ज्ञान संस्थानम में पहुंचने पर उन्होंने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दोनों जगहों पर आए कार्यकताओं से बातचीत कर, उनका कुशलक्षेम भी पहुंचा तथा यहां पर जो लोग आए थे, उनके प्रार्थना पत्र लेते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि जो भी उनके कार्य है, वे प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि आमजन को अपने कार्यों को करवाने में सुगमता हो, इसके लिए समाधान शिविरों का आयोजन प्रत्येक जिले में किया जा रहा है। कार्य दिवस पर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक जिला व ब्लॉक स्तर पर संबंधित अधिकारी लोगों की समस्या सुनकर उनका निवारण कर रहे है। जो भी कार्यों से संबंधित रिपोर्ट होती है, वह उपायुक्त के माध्यम से चंडीगढ़ मुख्यालय भी पहुंचाई जा रही है। मकसद लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। इस मौके पर उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरियां, कुरुक्षेत्र 48 कोस के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, अनुसूचित घुमंतू जाति बोर्ड से जयसिंह पाल, पूर्व विधायक जिले राम शर्मा, जिप के पूर्व चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी, देवी दयाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### फतेहाबाद : हार्न बजाने पर ई-रिक्शा चालक को पीटा, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
फतेहाबाद से गांव भोडि?ा खेड़ा में जा रहे ई-रिक्शा चालक को हॉर्न बजाना महंगा पड़ गया। ई-रिक्शा के आगे जा रहे पांच युवकों ने तैश में आकर चालक को बाहर खींच लिया और उसकी जमकर धुनाई की। घायल चालक को उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।
पुलिस को दी शिकायत में गांव भोडि?ाखेड़ा निवासी विनोद ने कहा है कि वह ई-रिक्शा चलाता है। गुरुवार की शाम वह घरेलू सामान लेकर गांव भोडि?ाखेड़ा जा रहा था। जैसे ही वह हनुमान मंदिर के पास पहुंचा तो उसकी ई-रिक्शा के आगे 5 युवक जा रहे थे।

# बीड़ बबरान धाम में श्याम बाबा के भजनों पर भावविभोर होकर थिरके श्रद्धालु

अनुष्ठान

- हथेली पर जागृत अखंड ज्योति के दर्शनों के लिए दूर-दूर से उमड़ रहे भक्तगण : पुजारी विनय शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :**
बीड़ बबरान धाम में चल रहे श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में शिरकत करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रात्रि संकीर्तन के दौरान भी भक्तों का कोई पारावार नहीं रहता। संकीर्तन में श्याम बाबा के भजन सुनकर भक्तगण भावविभोर होकर थिरकने लगे और पूरा बीड़ बबरान धाम श्याम बाबा की जय के उदघोष से गुंजायमान हो उठा।
भक्तों ने बीड़ बबरान धाम पहुंचकर श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। श्रद्धालुओं के कल्याण के निमित बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा द्वारा हथेली पर जागृत की गई ज्योति के दर्शन करके भी श्रद्धालु नतमस्तक हो गए। इसके बाद श्रद्धालुओं ने वीर हनुमान के मंदिर, महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष, शिव परिवार, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के भी दर्शन किए।
बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि भक्तों की मनोकामना पूर्ति व सकल विश्व के कल्याण के उद्देश्य से 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में हथेली पर ज्योति जलाई गई है।
उन्होंने कहा कि इस अलौकिक ज्योति के दर्शन मात्र से सकल कष्टों से छुटकारा मिलता है। इसलिए यहां पर दूर-दूर के क्षेत्रों से श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रात को संकीर्तन के दौरान भक्तों की श्याम बाबा के प्रति आस्था देखने लायक होती है। विनय शर्मा ने बताया कि यह अनुष्ठान 18 जून तक चलेगा और 18 जून को ही भव्य संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम के प्रति श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है। यहां महाभारतकालीन पीपल का वृक्ष श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार इस पीपल के पत्तों को वीर बर्बरीक ने भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष एक ही तीर से भेद दिया था। अब भी इस पीपल के पत्तों में छेद सहज ही देखे जा सकते हैं।
फोटो कैप्शन : बीड़ बबरान धाम में चल रहे श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में शिरकत करते श्रद्धालु।

# इनर व्हील क्लब की महिला टीम पहुंची पूर्णानंद घाट महिला गंगा आरती में



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
गंगा आरती ट्रस्ट द्वारा महिलाओं द्वारा की जा रही गंगा आरती में पूणानंद घाट पर इनर व्हील क्लब की फरीदकोट की महिला सदस्य पधारी। इस अवसर पर गंगा आरती स्थल पर जल संरक्षण और संवर्द्धन को बढ़ावा देने के लिए जल उत्सव मनाया गया।
डॉ.निशी गर्ग, ने कहा कि जिस तरह लगातार मीठे पानी का जलस्तर घट रहा है वह भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं है। इसलिए सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा।
डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा कि जल धरती पर मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और वर्तमान में पृथ्वी पर पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। पानी की समस्या भारत में भी लगातार गंभीर होती जा रही है।
गंग सबलाओं ने इस जल संरक्षण को अपने तन, मन, जीवन, क्षेत्र व दैनिक क्रियाकलापों में समाहित व प्रवाहित करने का गंगा आरती मंच से संकल्प करवाया।

### यमुनानगर : कुवैत में हुए अग्निकांड में अनिल की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
रोजी रोटी की तलाश में अपने वतन को छोड़कर गए यमुनानगर इंडस्ट्रियल एरिया निवासी अनिल गिरी भी कुवैत में हुए भीषण अग्निकांड का शिकार हो गया। इस खबर से शहर में सनसनी फैल गई। भारत सरकार द्वारा सभी शवों को लाया जा रहा है। फिलहाल परिजन को अनिल के शव मिलने का इंतजार हो रहा है। मृतक की बहन पूजा ने बताया कि अनिल को कुवैत में गए हुए लगभग 5 वर्ष से अधिक का समय हो गए था और अब वह घर आने की ही तैयारी में था। कुवैत में एक इमारत में लगी आग में 45 मजदूरों के साथ अनिल की भी जिंदगी छीन ली।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : विश्व रक्तदाता दिवस पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग क्लब में सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की व अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी परिवार के प्रथम उत्तराधिकारी समाजसेवी आरडी गोयल ने की। अतिथियों का शिविर में पहुंचने पर समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, मीडिया प्रभारी तरूण वधवा, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी, कोषाध्यक्ष ऋषिपाल गोलन व जिलाध्यक्ष पुनीत सेतिया ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रक्तदान बहुत ही नेक कार्य है। एक व्यक्ति के रक्तदान करने से तीन जिंदगी बचाई जा सकती हैं। रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से किसी व्यक्ति की जान बच सकती है। रक्तदान कैंसर पीड़ित मरीजों, रक्तस्त्राव विकार, एनीमिया और दूसरी खून की कमी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में मदद करता है। वही समाजसेवी आरडी गोयल ने समिति द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर की सराहना की और अपील की कि हर स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष भर में दो से चार बार रक्तदान करना चाहिए। अतिथियों ने प्रमाण पत्र देकर रक्तदाताओं को सम्मानित किया। शिविर में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कर्मचारी नरेश ढींगरा ने 50वी बार रक्तदान किया। शिविर संचालन में होस्टल मैस वर्कर यूनियन ने सहयोग किया। सेवानिवृत्त सीटीओ नरेश सैनी ने बताया कि पहले महिलाओं में यह भावना हुआ करता था कि रक्त की कमी होने के कारण रक्तदान नहीं किया जा सकता है लेकिन अब महिलाएं भी आगे बढ़ चढ़कर रक्तदान कर रहे हैं।

# समाधान शिविरों के माध्यम से समस्याओं का हो रहा है समाधानः शांतनु

समाधान शिविर

जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन समाधान शिविरों में फैमिली आईडी प्रोपर्टी आईडी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायते, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा। इसके साथ-साथ आमजन की अन्य समस्याओं को भी शिविरों के माध्यम से सुना जा रहा है और संबंधित विभाग को इसका समाधान करने के निर्देश दिए जा रहे है।
उपायुक्त शांतनु शर्मा शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जनता की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित आमजन की समस्याओं का दस्तावेज के आधार पर कैटेगरी सहित मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस समाधान शिविर में करीब 60 शिकायतों को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने क्रिड की डीएम मेनका बूरा को कहा कि फैमिली आईडी से संबंधित जो शिकायते आ रही है, उसका तय समय सीमा के अंदर समाधान करें तथा शिकायतकर्ता का नंबर जरुर लें ताकि उससे संपर्क किया जा सके। इसके अलावा आमजन को पोर्टल से संबंधित भी दे।
उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार यह समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है, इन शिविरों को लगाने का उद्देश्य है कि आम व्यक्ति की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे हो जाए, क्योंकि अधिकारी एक साथ उपस्थित रहते है और समस्या का समाधान पल भर में हो जाता है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं की हो भागीदारीः उपायुक्त

दिशा-निर्देश

- योग दिवस की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को स्थानीय पुलिस ग्राउंड में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन पूरे जोश और उत्साह के साथ किया जाएगा। योग दिवस कार्यक्रम में युवाओं के साथ-साथ अधिक से अधिक सामाजिक संस्थाओं व स्वयं सहायता समूहों को शामिल किया जाए।उपायुक्त ने कहा कि योग दिवस कार्यक्रम जिला मुख्यालय के अलावा खंड स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे। योग दिवस कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, स्काउट्स, कैडेट्स, खिलाडि?ों के साथ-साथ आमजन की बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने आयुष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए योग कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने के लिए जिलाभर की सामाजिक संस्थाओं से संपर्क किया जाए और उनको योग कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया जाए। उन्होंने कहा कि योग कार्यक्रम सभी वर्ग के लिए लोगों के लिए है।
उपायुक्त ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे अवश्य जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में हिस्सा लें। जिले के सभी वार्डों से भी शहरवासियों को योग दिवस समारोह में भाग लेना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक तथा आध्यात्मिक संस्थाओं और गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों का भी योग दिवस में हिस्सा लेने का आह्वान किया। उन्होंने आशा वर्करों व आंगनवाड़ी वर्करों को भी जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को भी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम में वालंटियर के रूप में एनसीसी, एनएसएस तथा नेहरू युवा केंद्र, योग संस्थान एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान तथा योग एसोसिएशनों के सदस्यों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, सीएमओ डॉ० जयकिशोर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।
योग दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संदेश का दिखाया जाएगा सीधा प्रसारणः-टीवीएसएन प्रसाद
विडियों कांफ्रेंस के दौरान मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को हिसार में आयोजित किया जाएगा।

# हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा सरकारी पद खाली : अनुराग ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शिक्षा के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार को न हरियाणा के विद्यार्थियों को चिंता है और न ही हरियाणा युवाओं के रोजगार की परवाह है। पूरे हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था को बीजेपी सरकार ने पिछले 10 सालों में बर्बाद कर दिया है। साढ़े नौ साल तक मनोहर लाल खट्टर हरियाणा का बेड़ा गर्क करके चले गए और उनको मुख्यमंत्री पद से हटाया। अब नायब सिंह आ गए हैं, उनके कार्यकाल में भी वही स्थिति है जो पिछ्ले साढ़े नौ साल से चली आ रही थी।उन्होंने कहा कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में पीजीटी के 10 हजार के करीब पद खाली हैं। जिस करनाल से मनोहर लाल खट्टर विधायक होते थे और अब सांसद हैं और जिस करनाल से मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह विधायक हैं। उस करनाल में आज के दिन में पीजीटी टीचर्स के 567 पद खाली हैं।जहां फरीदाबाद से शिक्षा मंत्री आती हैं वहां पर 672 पद खाली हैं। जहां से पूर्व शिक्षा मंत्री यमुनानगर से आते थे, जिनका शिक्षा से कोई लेना देना नहीं था। वहां पर 553 पद खाली पड़े हैं। सिरसा में 884 और नूंह में 1003 पद खाली पड़े हैं।
यदि हम कुल टीचर्स पीजीटी और टीजीटी को देखें तो हरियाणा के स्कूलों में 28000 वैकेंसी खाली पड़ी हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 15 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआइ: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# लापरवाह अधिकारियों पर गिरने लगी गाज

## सीएम योगी के जीरो टॉलरेंस नीति के आधार पर विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः भ्रष्टाचार** और कार्य में लापरवाही के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम में चकबंदी विभाग ने दो जिलों के चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। शासन द्वारा मीरजापुर और बांदा के चकबंदी अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। वहीं मैनपुरी में भी चकबंदी से जुड़े आधा दर्जन अधिकारी और कर्मचारियों पर गाज गिरी है। प्रदेश के चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बांदा और मीरजापुर के दोनों चंकबंदी अधिकारियों निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये हैं। वहीं मैनपुरी के अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। बताया गया कि बांदा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धारा-27 व 52 के अंतर्गत लक्षित ग्राम उमरेंहडा का कार्य पूर्ण न



करने, ग्राम बहिंगा में सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर सृजित चकों की त्रुटियों का निराकरण कर कार्य आगे बढ़ाने के बजाय ग्राम को सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर प्रत्यावर्तित करने, सीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से न्यायालय न चलाने तथा ग्राम उमरेंहडा के गाटा संख्या-1331 का रकबा बन्दोबस्त से अधिक बढ़ाने आदि अनियमितताओं के लिये चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप को निलम्बित करते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं। इसी प्रकार मीरजापुर में ग्राम नवैया की चक संख्या-950 आदि से मृतक शेषनरायन सिंह की वरासत मनमाने तौर पर बिना जांच चार बार पृथक-पृथक आदेश पारित कर पद का दुरुप्रयोग किये जाने एवं बाद संख्या-174, धारा-12 में बिना दस्तावेज का सम्यक परीक्षण और जांच के नामान्तरण आदेश दिनांक पारित करने के लिये चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं। वहीं मैनपुरी में चकबंदी अधिकारी मोहम्मद साजिद, चकबंदी कर्ता काली चरण और रविकांत, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और अजय कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है।

### फेशियल बायोमीट्रिक्स से लगेगी लाइव अटेंडेंस

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में कार्यरत योगी सरकार प्रदेश में एजुकेशनल फ्रेमवर्क के उच्चीकरण और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी युक्त बनाने की दिशा में दो रहे प्रयासों में तेजी लाई है। इसी का परिणाम है कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बड़े टेक्नोलॉजिकल अपडेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस टेक्नोलॉजिकल अपडेशन के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की लाइव अटेंडेंस उनके फेशियल बायोमीट्रिक्स से लगेगी। साथ ही, रेगुलर सेमेस्टर परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता व शुचिता के साथ पूर्ण कराने के लिए लाइव सीसीटीवी कवरेज को लेकर कार्य प्रारंभ हो गया है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा अनुरूप एक विस्तृत कार्ययोजना के जरिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बड़े टेक्नोलॉजिकल अपडेशन के फ्रेमवर्क को तय किया गया था, जिसको क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को यह कार्यभार सौंपा गया है।

**यूपीडेस्को को सौंपी गई है जिम्मेदारी:** यूपीडेस्को में पहले से इम्पैनल्ड कंपनियों को मिलेगा सर्विस व सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोवाइडर बनने का मौका मिलेगा जिसे कार्यावंटन के बाद 60 दिन के भीतर सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, सीसीटीवी मॉनिटरिंग कमांड सेंटर की स्थापना तथा स्टूडेंट्स-स्टाफ के बायोमीट्रिक्स का संकलन कर मास्टर डाटाबेस तैयार कर उन्हें सॉफ्टवेयर के माध्यम से एक्सेस योग्य बनाने जैसे कार्यों को पूर्ण करना होगा।

# उप्र की योगी सरकार ने छोटी गंडक नदी को किया पुनर्जीवित

**पुनर्जीवन**

**▸▸ मृतप्राय हो चुकी नदियों को पुनर्जीवन देने में जोरशोर से जुटी है योगी सरकार**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** विलुप्त होने की कगार पर पहुंच रही नदियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पुनर्जीवित करने में जुटी उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का प्रयास छोटी गंडक नदी को लेकर फलीभूत होता दिख रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिंचाई विभाग द्वारा गोर्रा नदी के ढाल को कम करके ग्रीष्म ऋतु में राप्ती नदी में निरंतर प्रवाह बनाकर गोरखपुर जिले के 27 और देवरिया जिले के 6 गावों सहित कुल 33 गांव की लगभग 60 हजार की आबादी तथा पशु, पक्षियों को लाभान्वित किया गया है। योगी सरकार प्रदेश में मृतप्राय हो चुकी नदियों को



पुनर्जीवित करने की दिशा में तेज गति से कदम बढ़ा रही है। इस क्रम में गाजियाबाद की हिंडन, मुरादाबाद की रामगंगा और वाराणसी की असि नदी को पुनर्जीवित करने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है। लखनऊ में कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार ने हाल ही में कड़ा कदम उठाते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कराने का कार्य किया है। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सिंचाई विभाग ने छोटी गंडक नदी को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास किए, जिसके क्रम में नदी के सेक्शन की पुनर्स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया गया है। नदी को मूल स्वरूप में लाने की प्रक्रिया के दौरान ही भूजल स्तर नदी में आने लगा और सिंचाई विभाग द्वारा की गई पहल कारगर एवं सफल साबित हुई है। मंत्री सिंह के मुताबिक छोटी गंडक एक घुमावदार भूजल आधारित नदी है।

## फास्ट न्यूज

### उपचुनाव के लिए तृणमूल ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए शुक्रवार को उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल ने रायगंज सीट से कृष्णा कल्याणी और रानाघाट-दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से मुकुट मणि अधिकारी को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के पूर्व विधायक (दिवंगत) साधन पांडे की पत्नी सुप्ति पांडे को कोलकाता की मानिकतला सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, मधुपर्णा ठाकुर को मतुआ बहुल बागदा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। रायगंज और रानाघाट विधानसभा सीट भाजपा विधायकों कल्याणी और अधिकारी के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने से रिक्त हुई थी। दोनों ही लोकसभा चुनाव में तृणमूल के उम्मीदवार थे लेकिन चुनाव हार गए। मानिकतला सीट 2022 में साधन पांडे के निधन से खाली हुई थी। बागदा से भाजपा विधायक रहे विश्वजीत दास तृणमूल में शामिल हो गए थे इसलिए वहां भी चुनाव हो रहा है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने उपचुनाव के लिए 55 कंपनी केंद्रीय बलों की तैनाती की है।

### दो विदेशी ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली। दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों अफ्रीकी मूल के नागरिक हैं, जिनकी पहचान मैरिएन कोन (29) और ओनेकाची ऊर्फ किंग (37) रूप में की गई है। इनके पास से 5.951 किलोग्राम मेथमफेटामाइन ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। दक्षिणी रेंज एवं नारको टेरर के डीसीपी (स्पेशल सेल) अमित कौशिक के मुताबिक, दिल्ली/एनसीआर से देश के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अफ्रीकी मूल के कई लोगों के दिल्ली में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एसीपी वेद प्रकाश की निगरानी में कार्टेल का पदार्फाश करने की योजना बनाई गई और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महिपाल पुर में पेट्रोल पंप के पास ट्रैप लगाया गया।

# बारिश में जयपुर की सड़कें दरिया बनना तय

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** प्रदेश में मानसून की एंट्री होने वाली है। ऐसे में जयपुर शहर की सड़कें दरिया बनना तय है। इसकी वजह भी साफ है कि अभी तक नगर निगम नालों की सफाई नहीं कर पाया है। मौसम विभाग ने इस बार प्रदेश में सामान्य से अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की है। मानसून से पहले हेरिटेज निगम महापौर मुनेश गुर्जर ने शुक्रवार को शहर में चल रही नालों की सफाई का औचक निरीक्षण किया। नालों को पूरी तरह से साफ न देखकर मेयर नाराज हुई और अधिकारियों को फटकार लगाई। शुक्रवार को महापौर ने अलसुबह सात बजे से अपना दौरा शुरू किया। महापौर के साथ में हेरिटेज निगम के अधीक्षण अभियंता श्रवण कुमार वर्मा सहित चारों जोन के एक्सईएन, जेईएन और निगम मुख्यालय के अधिकारी भी साथ रहे। महापौर ने चांदी की टकसाल, सुभाष चोक, ब्रहमपुरी, कागदीवाडा, रामगढ़ मोड, काले हनुमान जी, तमिल कॉलोनी, गुर्जर घाटी, जलमहल, नागतलाई, आरएसी कॉलोनी, पहाडगंज इलाके में नालों की सफाई का निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर नालों में सफाई को लेकर मुनेश गुर्जर संतुष्ट हुई तो कुछ जगहों पर नाले पूरी तरह से साफ नहीं होने पर नाराजगी भी जताई। अधिकारियों से नाले पूरे साफ नहीं होने पर उन्होंने लगातार सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर मुनेश गुर्जर ने सबसे पहले आमेर रोड पर रेनबो रेस्टोरेंट के पास नाले का निरीक्षण किया।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बीएसएफ के 154वें सम्मलेन का प्रतिनिधित्व करते हुए।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय अब देगा रोजगारोन्मुखी शिक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्किल इंडिया विजन के तहत इलाहाबाद विश्वविद्यालय अब विद्यार्थियों के साथ आम लोगों को भी रोजगार आधारित शिक्षा प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की प्रेरणा से पंद्रह सप्ताह के कुल 18 कौशल आधारित सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किए गए हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें सुसंस्कारित कर एक बेहतरीन इंसान बनाना भी लक्ष्य है। खास बात यह है कि इन कोर्सां में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ ही कोई भी व्यक्ति दाखिला ले सकता है। प्रवेश के लिए न उम्र की सीमा है और न ही प्रतिदिन विश्वविद्यालय आने की बाध्यता। विद्यार्थी ऑनलाइन ही पाठ्यक्रम पूरा कर सकेगा। सभी पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के आधार पर विकसित किया गया है। इविवि की जनसम्पर्क अधिकारी प्रो जया कपूर के मुताबिक सर्टिफिकेट प्रोग्राम में भारतीय संस्कृति और विरासत (इंडियन कल्चर एंड हैरिटेज), कम्प्यूटर अनुप्रयोग (कंप्यूटर अप्लीकेशन), बुनियादी इलेक्ट्रॉनिक्स (बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस), विज्ञान और प्रौद्योगिकी में खोजें (डिस्कवरीज इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी), विदेशी भाषाएं : फ्रेंच, जर्मन, मंदारिन, रूसी (फॉरेंन लैंग्वेज : फ्रेंच, जर्मन, मंदारिन एंड रसियन), भारतीय संविधान के मूल सिद्धांत (बेसिक प्रिंसिपल्स ऑफ इंडियन कांस्टीट्यूशन), भारतीय इतिहास का परिचय (इंट्रोडक्शन टू इंडियन हिस्ट्री), वित्तीय निवेश रणनीतियां (फिनेंशियल इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटजीज), संगीत (सितार), संगीत (तबला), औषधीय पौधे (मेडिसिनल प्लांट), स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और योग (हेल्थ, हाइजीन, न्यूट्रीशन एंड योगा) आदि होगा।

**रोजगार**

**▸▸ आम लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें सुसंस्कारित कर एक बेहतरीन इंसान बनाना भी लक्ष्य है।**

# चारधाम यात्रा : आस्था और उत्साह चरम पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** उत्तराखंड में दस मई से शुरू हुई विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा अपने चरम पर है। चारों धामों में रोजाना तीर्थयात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 22 लाख के करीब पहुंच गया है। इन दिनों करीब 35 हजार श्रद्धालु रोजाना दर्शन कर रहे हैं।

बदरीनाथ धाम की यात्रा 12 मई को शुरू हुई थी। धाम में अब तक 559573 से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यमुनोत्री धाम में अब तक 388475, गंगोत्री धाम में 390690 तो केदारनाथ में सबसे अधिक 839486




श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने चारधाम यात्रियों को सलाह दी है कि अगर बुजुर्ग अथवा बीमार श्रद्धालु तीर्थयात्रा पर आ रहे हैं तो वे अपना खास ख्याल रखें। बुजुर्ग यात्री यात्रा पड़ावों पर रुक-रुककर धाम तक पहुंचे। दरअसल, मैदानी क्षेत्रों की अपेक्षा धाम में ठंड ज्यादा है और ऑक्सीजन की कमी है। अधिकांश श्रद्धालु इस वातावरण को झेल नहीं पाते हैं। तीर्थयात्रियों को पड़ावों पर रुक-रुककर धाम तक पहुंचना चाहिए। यदि किसी तीर्थ यात्री को सांस लेने में तकलीफ होती हो तो यात्रा के पड़ाव पर जगह-जगह स्क्रीनिंग की व्यवस्था है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ पर्याप्त मात्रा में औषधि व जीवनरक्षक दवाएं भी उपलब्ध हैं।

**यात्रा चरम पर**

**▸▸ दर्शन करने वाले का आंकड़ा 22 लाख के करीब पहुंच गया है। करीब 35 हजार श्रद्धालु रोजाना दर्शन कर रहे**

### ट्रेलर में लगी आग, चालक जिंदा जला

**जोधपुरः** जिले के बिलाड़ा- भावी बाइपास रोड पर शुक्रवार की सुबह सडक किनारे खड़े पानी के टैंकर में पीछे से एक ट्रेलर चालक गाड़ी लेकर घुस गया। हादसे के बाद ट्रेलर में आग लग गई और उसका चालक जिंदा जल गया। हादसे की सूचना पर बिलाड़ा पुलिस वहां पहुंची। आग से ट्रेलर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। वहीं पानी टैंकर चालक भी चोटिल हुआ है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रैफर कर दिया गया। बिलाड़ा थाने के सबइंस्पेक्टर भंवरलाल ने बताया कि भावी बिलाड़ा बाइपास रोड पर लगे पेड़ पौधों का आज सुबह एक टैंकर पानी चालक द्वारा पानी पिलाया जा रहा था।

# बर्ड फ्लू का साक्ष्य नहीं, आराम से खाएं पोल्ट्री प्रोडक्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः पश्चिम** बंगाल के विभिन्न हिस्सों से पोल्ट्री पक्षियों के किसी भी नमूने में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है। स्वास्थ्य सचिव एन एस निगम ने कहा कि राज्य सरकार पोल्ट्री उत्पादों के उपयोग पर फिलहाल किसी प्रकार का प्रतिबंध लगाने नहीं जा रही है। पश्चिम बंगाल में स्थिति सामान्य है और चिंता की कोई बात नहीं है। सक्रिय इन्फ्लूएंजा की जांच-पड़ताल में एक भी व्यक्ति वायरस प्रभावित नहीं पाया गया। बीमारी का मानव-से-मानव संक्रमण नहीं हुआ है। स्वास्थ्य विभाग चिकन, अंडे जैसे पोल्ट्री उत्पादों के उपभोग पर प्रतिबंध लगाने के बारे में कोई सलाह जारी नहीं कर रहा है। निगम ने बताया कि राज्य द्वारा संचालित बेलगछिया पशु स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा जैविक संस्थान में पश्चिम बंगाल के विभिन्न भागों से वर्षभर में एकत्र किए गए कुल 30 हजार नमूनों का परीक्षण किया जाता है। तीस प्रतिशत नमूनों को भोपाल स्थित आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान में पुनः परीक्षण के लिए भेजा जाता है।

### सटोरिये के यहां मिला 15 करोड़ कैश

**उज्जैनः** उज्जैन पुलिस ने मुसद्दीपुरा में शुक्रवार को आईपीएल का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों के यहां बड़ी छापामार कार्यवाई की है। यहां से करीब करीब 15 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। यहां बैंक की नोट गिनने की मशीन रातभर लगी रही । इस पूरे मामले में तीन सटोरिये भी गिरफ्तार हुए हैं। उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया है कि पुलिस को गुरूवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि मुसद्दीपुरा के पीयूष चोपड़ा नामक सटोरिये के घर अकूत सम्पत्ति जमा की जा रही हैं।

# उफ! ये गर्मी... पहाड़ से मैदान तक गर्मी की मार

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** राजधानी देहरादून समेत राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में इन दिनों लू की स्थिति बनी हुई है। 18 जून तक राज्य में ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों की घाटियों में लू चलने को लेकर चेतावनी जारी की है। राज्य के शेष जिले भी लू की चपेट में रहेंगे। इससे जनजीवन प्रभावित रह सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह का यह भी पूवार्नुमान है कि उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली,



बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की बारिश, आंधी-तूफान आने की संभावना है। राज्य के शेष जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। राज्य के मैदानी इलाकों में सतही हवाएं और तेज (30-40 किमी प्रति घंटे) चलने की संभावना है। कुछ इलाकों में लू चलने की संभावना है।

**मैदानी क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोपः** उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे हैं। ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान फिर 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। साथ ही गर्म हवाओं के थपेड़े बेहाल कर रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा राहत दे रही है। हालांकि, प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क है और चटख धूप खिल रही है।

**येलो अलर्ट**

**▸▸ लू के थपेड़ों ने किया बेहाल, अगले कुछ दिन राहत के आसार नहीं, मौसम विभाग का येलो अलर्ट**

**टैरिफ**

## घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत देने 24 हजार 420 करोड़ रुपये की सब्सिडी

# बिजली कंपनियों को 24 हजार की सब्सिडी देने का निर्णय लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपालः प्रदेश के** घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को विगत वर्षों की तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये लागू टैरिफ दरों में राहत देने के लिये बिजली कंपनियों को अनुमानित 24 हजार 420 करोड़ 8 लाख रुपये की सब्सिडी देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि यह सब्सिडी अटल गृह ज्योति योजना, अटल कृषि ज्योति योजना टैरिफ सब्सिडी और निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में दी जायेगी। राज्य शासन के निर्णयानुसार फ्लैट दर पर 10



हार्सपावर तक की क्षमता वाले स्थायी कृषि उपभोक्ताओं से मात्र 750 रुपए प्रति हार्सपावर प्रति वर्ष लिये जाने के एवज में 11 हजार 943 करोड़ 98 लाख रुपये की सब्सिडी दी जायेगी। इसी तरह फ्लेट दर पर 10 हार्सपावर से अधिक क्षमता से स्थाई कृषि उपभोक्ताओं से 1500 रुपये प्रति हार्सपावर प्रति वर्ष लिये जाने की एवज में 969 करोड़ 31 लाख रुपये, 10 हार्सपावर तक की क्षमता वाले मीटर युक्त स्थाई कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिये 50 करोड़ 63 लाख, 10 हार्सपावर से अधिक क्षमता वाले मीटर युक्त स्थाई कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिये 3 करोड़ 22 लाख, अस्थाई कृषि पंप संयोजन के लिये 371 करोड़ 49 लाख रुपये, एक हेक्टेयर तक की भूमि वाले 5 हार्सपावर तक के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के स्थाई कृषि पंप उपभोक्ताओं को निःशुल्क विद्युत प्रदाय के लिये 5009 करोड़ 73 लाख रुपये, अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत 150 यूनिट तक की मासिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट की मासिक खपत पर अधिकतम 100 रुपये के बिल अनुसार बिजली देने के एवज में 5866 करोड़ 26 लाख रुपये, अटल गृह ज्योति योजना में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के घरेलू उपभोक्ताओं को केवल 25 रुपये प्रति माह की दर से 30 यूनिट 190 पैसे प्रति यूनिट की छूट देने के लिये 205 करोड़ 10 लाख रुपये की सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया है।

# दिल्ली एम्स शिफ्ट किये जाएंगे झुलसे चार वनकर्मीः सीएम धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

देहरादूनः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष निर्देश पर बिन्सर वन्यजीव विहार में वनाग्नि की चपेट में आकर झुलसे चार वन कर्मियों को एयर एंबुलेंस से दिल्ली शिफ्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार सुबह सीएम आवास में बैठक में इसके निर्देश दिए। गंभीर झुलसे वन कर्मी हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी बेस अस्पताल में भर्ती हैं। अब उन्हें दो एयर एम्बुलेंस से दिल्ली एम्स में शिफ्ट किया जा रहा है। विगत दिवस बिन्सर



वन्यजीव विहार में वन कर्मियों की बोलेरो गाड़ी वनाग्नि की चपेट में आ गई थी। इस हादसे में चार वनकर्मियों की जलकर मौत हो गई थी, जबकि चार वनकर्मी झुलस गए थे जिन्हें एयर लिफ्ट कर हल्द्वानी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन चारों वन कर्मियों को दो एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स में भर्ती कराने के निर्देश दिए हैं।

**निर्देश**

**▸▸ मुख्यमंत्री गंभीर झुलसे वन कर्मी हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी बेस अस्पताल में भर्ती हैं**